दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी मंत्री डहरिया और गुरू रुद्र नहीं बचा पाए...
4 अभिव्यक्ति संसदीय जीवन के आदर्श पुरूष...
9 मनोरंजन/व्यापार दीपिका पादुकोण का फैन बोला- 'काश मैं...
11 खेल विराट कामयाबी के बीच कसक...

www.navpradesh.com
रायपुर, बुधवार 25 दिसम्बर, 2019, पौष कृष्ण पक्ष-चतुर्दशी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-310 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

झारखण्ड भी भाजपा के हाथों से निकल गया। एक साल के दौरान यह पांचवा राज्य है जहां से बीजेपी का बोरिया बिस्तर बंध गया। झारखण्ड के मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हर-हर मोदी घर-घर मोदी की तर्ज पर हर घर रघुवर का नारा उछाला था लेकिन अपना घर ही नहीं बचा पाए। खुद भी निपट गए और पार्टी को भी निपटा दिया। हम तो डूबेंगे सनम, तुझको भी ले डूबेंगे वाली बात हो गई। सही बात है। जो भी करता है अहंकार, उसका हो जाता है बंठाधार। उपेक्षा का शिकार कार्यकर्ता जब गुस्से में काड़ीकर्ता बनता है तो डूबो देता है नैया मंझधार।

लोगों का डाटा बेस होगा तैयार, एनपीआर के लिए 8,700 करोड़ मंजूर

राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर अपडेट करने को दी मंजूरी, बजट आवंटन पर भी मुहर

देश के नागरिकों का डेटाबेस तैयार किया जाएगा। हालांकि यह नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा

अप्रैल, 2020 से सितंबर, 2020 तक एनपीआर को अपडेट करने का काम किया जाएगा

नई दिल्ली (वार्ता)। नरेंद्र मोदी कैबिनेट ने राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर को अपडेट करने को मंजूरी दे दी है। इसके तहत देश भर के नागरिकों का डेटाबेस तैयार किया जाएगा। हालांकि यह नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा। इसका इस्तेमाल सरकार अपनी योजनाओं को लागू करने के लिए करती है। कैबिनेट ने इस पूरी कवायद के लिए 8,700 करोड़ रुपये के बजट आवंटन पर भी मुहर लगा दी है। 2021 की जनगणना से पहले 2020 में एनपीआर अपडेट किया जाएगा, इससे पहले 2011 की जनगणना से पहले 2010 में भी जनसंख्या रजिस्टर को अपडेट किया गया था। असम को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में अप्रैल, 2020 से सितंबर, 2020 तक एनपीआर को अपडेट करने का काम किया जाएगा।

क्या है एनपीआर?

नैशनल पॉप्युलेशन रजिस्टर के तहत 1 अप्रैल, 2020 से 30 सितंबर, 2020 तक नागरिकों का डेटाबेस तैयार करने के लिए देशभर में घर-घर जाकर जनगणना की तैयारी है। देश के सामान्य निवासियों

की व्यापक पहचान का डेटाबेस बनाना एनपीआर का मुख्य लक्ष्य है। इस डेटा में जनसांख्यिकी के साथ बायोमीट्रिक जानकारी भी होगी। इसमें व्यक्ति का नाम, पता, शिक्षा, पेशा जैसी सूचनाएं दर्ज होंगी। एनपीआर में दर्ज जानकारी लोगों द्वारा खुद दी गई सूचना पर आधारित होगी और यह नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा।

कैसे अलग है एनआरसी से?

एनपीआर और एनआरसी में अंतर है। एनआरसी के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मोदी कैबिनेट की खास बातें

- कैबिनेट ने जनगणना के लिए 8,754.23 करोड़ के खर्च को मंजूर किया है। नैशनल पॉप्युलेशन रजिस्टर के लिए 3,941.35 करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी दी है।
- 1 अप्रैल 2020 से जनगणना शुरू की जाएगी और सितंबर तक चलेगी। इसके लिए किसी तरह के दस्तावेज की जरूरत नहीं होगी। ऐप के जरिए भी रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।
- ब्रिटिश काल से चली आ रही जनगणना के बजाय अब तकनीक से जनगणना की जाएगी। इसके लिए राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर को मंजूरी दी गई है।
- मनाली से लेह तक एक सुरंग (टनल) की योजना शुरू हुई थी जिसका 80 फीसदी काम पूरा हो गया है। इससे 46 किमी का रास्ता और 5 घंटे का समय बचेगा।
- 8.8 किमी लंबा यह टनल दुनिया के सबसे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

मारुति के पूर्व एमडी खट्टर पर 110 करोड़ घोटाले में केस दर्ज

नई दिल्ली। मारुति के पूर्व एमडी जगदीश खट्टर पर सीबीआई ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। खट्टर फिलहाल कारनेशन ऑटो इंडिया कंपनी के डायरेक्टर हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने वित्तीय लेनेदेन में घोटाले के आरोप में उन पर केस दर्ज किया है। उनके साथ ही कुछ अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफधोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र का केस दर्ज किया है। मारुति के पूर्व एमडी पर 110 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप है।

रेलवे के 114 साल पुराने ढांचे का पुनर्गठन, एकीकृत सेवा कैडर बना

नयी दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने भारतीय रेलवे के 114 साल पुराने प्रशासनिक ढांचे में फेरबदल करते हुए आठ विभागीय सेवाओं को एकीकृत कर भारतीय रेल प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) का गठन कर दिया है तथा रेलवे बोर्ड के ढांचे का आकार आधा करने के साथ ही ज़ोनल महाप्रबंधकों को केन्द्र सरकार के सचिव के समकक्ष बना दिया है।

अनिवार्य शिक्षा पर जीडीपी के 6 प्रतिशत खर्च करने की मांग

नयी दिल्ली (वार्ता)। राइट फॉर एजुकेशन फोरम ने देश में अनिवार्य स्कूली शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए बजट में सकल घरेलू उत्पाद का छह प्रतिशत शिक्षा पर खर्च करने की मांग की है। फोरम के प्रमुख अम्बरीष राय ने वित्त मंत्रालय में बजट पूर्व चर्चा के दौरान यह मांग की। श्री राय ने कहा कि मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा कानून को लागू हुए 10 साल हो गए लेकिन केवल 12,7 प्रतिशत स्कूलों में ही यह कानून पूरी तरह लागू हो पाया है।

ईलाकाई सरकार तय... बड़ा उलटफेर

शहरी चुनाव में कांटे का मुकाबला

■ भाजपा-कांग्रेस में कांटे का टक्कर, कई निगमों में बीजेपी पिछड़ी

■ रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर, कोरबा के वोटरों ने बेहद चौंकाया

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के निकायों में हर मिनट मुकाबला रोमांचक होता गया। तीन नगर निगम तो ऐसे हैं, जहां मुकाबला बिल्कुल 50-50 का रहा। रायपुर नगर निगम में 70 सीटों पर जो रूझान आये हैं, उसमें 32 सीटों पर भाजपा आगे है, जबकि कांग्रेस 29 सीट पर आगे थी। 8 सीटों पर अन्य और सिर्फ एक सीट पर जोगी कांग्रेस का प्रत्याशी आगे था। कोरबा में नगर निगमों में इस तरह का रूझान देखने को मिल रहा है। कांग्रेस कोरबा नगर निगमों में 23 और बीजेपी 24 सीटों पर आगे चल रहा है। जगदलपुर नगर निगम का भी हाल ऐसा ही है। रायपुर की तरह 23-23 सीटों पर जगदलपुर नगर निगम में कांग्रेस और बीजेपी के प्रत्याशी के बीच भी वोटों की गिनती में काफी करीब का अंतर रहा। देर शाम तक रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर और राजनांदगांव ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जीत का जश्न...

दुर्ग में सीएम भूपेश-एचएम ताम्रध्वज का जादू चला

प्रदेश में 151 नगरीय निकायों में चल रहे मतगणना के दौरान भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच भारी टक्कर चल रही है। कहीं कांग्रेस के प्रत्याशी आगे है तो कहीं भाजपा के प्रत्याशी। हालांकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पाटन क्षेत्र में कांग्रेस की एकरतफा जीत नजर आई। खबर के अनुसार पाटन नगर पंचायत के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पाटन में 15 में से 12 वार्डों पर कांग्रेस का कब्जा

हेमंत सोरेन ने पेश किया सरकार बनाने का दावा

रांची (वार्ता)। झारखंड विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद जेएमएम-कांग्रेस-आरजेडी गठबंधन के विधायक दल के नेता हेमंत सोरेन ने मंगलवार को प्रदेश की राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया और 50 विधायकों के समर्थन का दावा किया। सोरेन ने ऐलान किया कि वह 29 दिसंबर को प्रदेश के सीएम पद की शपथ लेंगे। राज्यपाल मुर्मू से मुलाकात के दौरान सोरेन के साथ आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस के झारखंड प्रभारी आरपीएन सिंह और जेवीएम नेता बाबूलाल मरांडी मौजूद थे। मीटिंग के बाद सोरेन ने कहा, हमने 50 विधायकों के समर्थन के साथ झारखंड में सरकार बनाने का दावा किया है। हमने राज्यपाल से निवेदन किया है कि वह हमें प्रदेश में सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करें। हेमंत सोरेन अपने अन्य सहयोगियों के साथ 29 दिसम्बर को अपराह्न एक बजे रांची के मोराबादी मैदान में मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

सोरेन ने 50 विधायकों के समर्थन का किया दावा, 29 दिसंबर को लेंगे शपथ

पीसीसी चीफ के क्षेत्र में भाजपा की जीत

पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के इलाके में भाजपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। कोरबा, अंबिकापुर, बिलासपुर और जगदलपुर में भी मतदाता दोनों ही दलों को यह जाहिर कर गए काम, नाम और चेहरों को ही स्वीकारा जाएगा। रायपुर में दिग्गजों को हालाकि मतदाताओ ने काफी तनाव-दबाव में ला दिया था। भाजपा-कांग्रेस से महापौर के दावेदार दिग्गज निकाय नेताओ की सांसें कई राउंड तक ऊपर-नीचे होती रहीं।

मशक्कत के बाद बचा मंत्री सिंहदेव का गढ़

सरगुजा संभाग मुख्यालय में कांग्रेस ने अपना क़ब्ज़ा बरकरार रखा है। हालाँकि इस चुनाव ने कई अप्रत्याशित नतीजे भी सामने ला खड़े किए हैं। नेता प्रतिपक्ष जन्मेजय मिश्रा जिनकी टिकट रायपुर से अपील समिति से जारी हुई थी, वे 28 मतों के नज़दीकी अंतर से चुनाव हार गए हैं। अप्रत्याशित नतीजा दर्रीपारा से भी है जहां सिंहदेव के कट्टर समर्थक बंटी शर्मा चुनाव हार गए हैं, उन्हें विश्व विजय तोमर ने हराया है। वहीं कांग्रेस के चिर परिचित चेहरा मदन जायसवाल भी चुनाव हार गए हैं। जबकि कांग्रेस से शफी अहमद और द्वितेंद्र मिश्रा और अजय अग्रवाल वे कद्दावर नाम है जिन्होंने जीत बरकरार रखी है।वहीं भाजपा से आलोक दूबे भी उन चर्चित चेहरों में शामिल हैं जो जीत गए हैं। जिन दो चेहरों को लेकर यह माना जा रहा था कि कांग्रेस और भाजपा के ये महापौर प्रत्याशी होंगे वे दोनों चेहरों ने भी जीत दर्ज कर ली है। कांग्रेस से मौजुदा मेयर डॉ अजय तिर्की ने जीत दर्ज की है, ■ शेष पृष्ठ 8 पर



27 सीटों पर कांग्रेस जीती, 19 पर भाजपा, 2 पर निर्दलीय

बिजनौर : सीएए पर बवाल

प्रदर्शनकारी की मौत पुलिस की गोली से

बिजनौर ए.। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ उत्तर प्रदेश में हुए हिंसक प्रदर्शन को लेकर बिजनौर पुलिस ने मंगलवार को माना कि जिले के नहटौर में एक प्रदर्शनकारी की मौत पुलिस की गोली लगने से हुई। हालांकि पुलिस का कहना है कि आत्मरक्षा में गोली चलाई गई। बता दें कि अभी तक डीजीपी ओपी सिंह ने कई बार दावा किया कि हिंसक प्रदर्शन के दौरान पुलिस की तरफसे फायरिंग नहीं हुई है। एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि सीएए के विरोध में पिछले शुक्रवार को जिले के नहटौर इलाके में जुमे की नमाज के बाद हिंसक भीड़ ने थाने पर हमला कर दारोगा आशीष तोमर की पिस्तौल छीन ली थी। एक सिपाही ने जब उपद्रवी से पिस्तौल वापस लेने की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सिपाही ने आत्मरक्षा में गोली चलायी

सिपाही ने आत्मरक्षा में गोली चलायी जो हमलावर उपद्रवी सुलेमान(22) को लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि उन्होंने कहा कि एक अन्य उपद्रवी अनस की मौत भीड़ द्वारा चलाई गई गोली लगने से हुई है, उसका पुलिस से कोई लेना-देना नहीं है।

लेट शुरु हुई काउंटिंग 3 घंटे रहे टेंशन भरे

निकाय चुनाव में करीब 3 घंटे कांटे के मुकाबले के बाद ही काफी कुछ स्थिति साफ होती दिखी। जगदलपुर जहां मुकाबला बेहद करीब का था, 3 घंटे बाद वहां कांग्रेस बहुमत की स्थिति में पहुंचती दिखी। यही हाल कोरबा का रहा, जहां कांग्रेस ने बड़ी बढ़त बनाई। जगदलपुर में एक वक्त मुकाबला बराबरी का था। 48 कुल वार्ड वाले निगम में पहले 23-23 सीटों पर जगदलपुर नगर निगम में कांग्रेस और बीजेपी के प्रत्याशी आगे चल रहे थे, लेकिन बाद के रूझान में कांग्रेस 28 सीट पर बढ़त ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मंत्री-पूर्व मंत्री के किले ध्वस्त, उलटफेर

इस निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र पाटन में तो कांग्रेस ने एकतरफा जीत दर्ज की है, लेकिन कई दिग्गजों का गढ़ बुरी तरह से धाराशायी हो गया। कुरूद में अजय चंद्राकर अपना गढ़ नहीं बचा पाये, तो वहीं कृषि मंत्री रविंद्र चौबे का क्षेत्र भी कांग्रेस के हाथों से निकल गया। पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति बांधी के गढ़ में कांग्रेस ने सेंध लगा दी है। पाटन नगर पंचायत की 15 वार्डों में से 12 वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशी विजयी हुए है वार्ड क्रमांक दो से निर्दलीय भाजपा बागी प्रत्याशी मोहन देवांगन वार्ड क्रमांक 3 से भाजपा प्रत्याशी योगेश वाले एवं वार्ड क्रमांक चार से भाजपा प्रत्याशी चंद्रकला यादव विजयी हुई हैं बाकी से सभी वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशी विजयी हुई है। पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के गढ़ में भाजपा की करारी हार हुई है। कुरूद नगर पंचायत चुनाव में भाजपा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मंत्री चौबे, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति बांधी, अजय चंद्राकर के गढ़ में लगी सेंध

पूर्व सीएम रमन के 'वार्ड' से कांग्रेस की जीत

छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव के कई जगह परिणाम घोषित हो गए हैं। कवर्धा में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के वार्ड वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत हुई है। छत्तीसगढ़ नगरी निकाय के कवर्धा चुनाव के तहत शीतला वार्ड क्रमांक 19 में कांग्रेस को जीत मिली है। इस वार्ड को पूर्व सीएम रमन सिंह का वार्ड कहा जाता है। इस वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेखा नामदेव की जीत हुई है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

निर्णय | **पीएम मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से अपने भाषण में किया था ऐलान**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ पद मंजूर

कैबिनेट कमिटी ऑन सिक्यॉरिटी ने चीफ ऑफडिफेंस स्टाफ का नया पद बनाने को मंजूरी दे दी है। इस तरह जल्द ही देश को पहला चीफऑफडिफेंस स्टाफ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी साल 15 अगस्त को लाल किले के प्राचीर से चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफका नया पद बनाने का ऐलान किया था।

नई दिल्ली (वार्ता)। 1999 में करगिल रिव्यू कमिटी ने इस पद का सुझाव दिया था जो रक्षा से जुड़े मसलों पर सरकार का सिंगल-पॉइंट अडवाइजर होगा। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति का मकसद भारत के सामने आने वाली सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को ऐतिहासिक सैन्य सुधार की घोषणा करते हुए कहा था कि भारत की तीनों सेना के लिए एक प्रमुख होगा, जिसे सीडीएस कहा जाएगा। प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद सीडीएस की नियुक्ति के तौर-तरीकों और उसकी जिम्मेदारियों को अंतिम रूप देने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की अध्यक्षता में एक समिति ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीसीएस की मंजूरी के बाद अब जल्द ही देश को अपना पहला चीफ ऑफडिफेंस स्टाफमिलेगा

करगिल समीक्षा समिति ने की थी पद बनाने की सिफारिश

प्रोटोकॉल के मामले में भी सीडीएस सबसे ऊपर रहेगा। सीडीएस मुख्यत: रक्षा और रणनीतिक मामलों में प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के एकीकृत सैन्य सलाहकार के रूप में काम करेगा। 1999 के करगिल युद्ध के मद्देनजर देश की सुरक्षा प्रणाली में खामियों की समीक्षा के लिए बनाई गई समिति ने रक्षा मंत्री के एकीकृत सैन्य सलाहकार के रूप में सीडीएस की नियुक्ति का सुझाव दिया था।

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव 27 को

राहुल गांधी होंगे मुख्य अतिथि

■ कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएम भूपेश बघेल करेंगे

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद राहुल गांधी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का शुभारंभ 27 दिसम्बर को सवेरे 10 बजे साईंस कॉलेज मैदान में होगा।

महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद, उप नेता आनंद शर्मा, राज्यसभा सांसद अहमद पटेल और मोतीलाल वोरा, पूर्व सांसद केसी वेणुगोपाल, श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत, सांसद पी.एल. पुनिया, बी.के. हरिप्रसाद, रणदीप सिंह सुरजेवाला, चंदन यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया और भक्त चरणदास शामिल होंगे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मंत्री टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

1 अप्रैल से होगी जनगणना, ऐप से करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय कैबिनेट ने मंगलवार को कई बड़े फैसले लिए। कैबिनेट की बैठक के बारे में बताते हुए केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि पानी की समस्या से निपटने के लिए अटल भूजल योजना को मंजूरी दी गई। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने रेलवे के पुनर्गठन को मंगलवार को मंजूरी दे दी जिसमें अब आठ की जगह अध्यक्ष सहित पांच सदस्य होंगे। साथ ही रेलवे के विभिन्न संवर्गों का विलय एकल रेलवे प्रबंधन प्रणाली में करने को भी स्वीकृति दे दी गई। आइए जान लेते हैं मोदी कैबिनेट की खास बातें-

- कैबिनेट ने जनगणना के लिए 8,754.23 करोड़ के खर्च को मंजूर किया है। नैशनल पॉप्युलेशन रजिस्टर के लिए 3,941.35 करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी दी है।
- 1 अप्रैल 2020 से जनगणना शुरू की जाएगी और सितंबर तक चलेगी। इसके लिए किसी तरह के दस्तावेज की जरूरत नहीं होगी। ऐप के जरिए भी रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।
- ब्रिटिश काल से चली आ रही जनगणना के बजाय अब तकनीक से जनगणना की जाएगी। इसके लिए राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर को मंजूरी दी गई है।
- मनाली से लेह तक एक सुरंग (टनल) की योजना शुरू हुई थी जिसका 80 फीसदी काम पूरा हो गया है। इससे 46 किमी का रास्ता और 5 घंटे का समय बचेगा।
- इसके लिए आज फिर से कुछ बजट मंजूर किया गया है। 8.8 किमी लंबा यह टनल दुनिया के सबसे टनल में से एक होगा। इसको हमने अटल टनल नाम दिया है।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता में नए संशोधन संबंधी अध्यादेश की मंजूरी दी ।
- सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने चीफ आफ डिफेंस स्टाफ के सृजन को मंजूरी दी।
- मंत्रिमंडल ने रेलवे के पुनर्गठन को मंगलवार को मंजूरी दे दी जिसमें अब आठ की जगह अध्यक्ष सहित पांच सदस्य होंगे।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता में नए संशोधन संबंधी अध्यादेश की मंजूरी दी ।

दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड, बोले- 30 लाख लोगों का बिजली बिल शून्य आया

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज अपना रिपोर्ट कार्ड पेश किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूरे देश में सिर्फ दिल्ली में 24 घंटे बिजली मिल रही है।

साथ में इस बार दिल्ली के 32 लाख लोगों का बिजली बिल शून्य आया है। इसके अलावा दिल्ली के स्कूलों में भी सुधार हुआ है। सरकार ने अपने कार्यकाल में 20 हजार से अधिक क्लास बनवाएं हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता ने एक साल पुरानी पार्टी को 70 में से 67 सीट देकर 54 प्रतिशत वोट देकर इतिहास कायम किया। जनता को ये लगा कि उसके पहले अन्ना आंदोलन हुआ था। अन्ना आंदोलन को जनता ने देखा और उनको लगा कि ये लड़के इमानदार है। डरते नहीं है, साहसी हैं इनको मौका मिलना चाहिए। इसके बाद जनता ने हमको इतनी बड़ी जिम्मेदारी दे दी। मुझे ये कहते हुए खुशी हो रही है कि मैंने अपनी दिल्ली की जनता का सीना चौड़ा कर दिया। दो एतिहासिक बहमत दिल्ली की जनता ने दिया था उसी तरह से पिछले पांच साल में काम भी हुआ।

पश्चिम बंगाल: जाधवपुर यूनिवर्सिटी में प्रवेश से राज्यपाल जगदीप धनकड़ को रोका गया, छात्रों ने दिखाए काले झंडे

नई दिल्ल(ए.)ी। पश्चिम बंगाल के जाधवपुर यूनिवर्सिटी में राज्यपाल जगदीप धनखड़ को एंट्री से रोक दिया गया है। पश्चिम बंगाल के

राज्यपाल जगदीप धनखड़ को जाधवपुर विश्वविद्यालय में मंगलवार को छात्रों के एक समूह ने काले झंडे दिखाए गए और उन्हें प्रवेश से रोक दिया गया। धनखड़ विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि ये छात्र नागरिकता कानून पर राज्यपाल के बयान से खफा हैं। राज्यपाल जगदीप धनखड़ वार्षिक दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए कार से आ रहे थे, तभी नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर छात्रों ने घेर लिया और काले झंडे दिखाए। हालांकि, प्रवेश नहीं किए जाने के बाद राज्यपाल वहां से निकल गए। गवर्नर जगदीप धनखड़ ने कहा कि एक चांसलर और गवर्नर के रूप में मेरे लिए यह एक दर्दनाक क्षण है, अंदर छात्रों को अपनी डिग्री सौंपने के लिए इंतजार किया जा रहा है मगर मुट्ठी भर लोगों ने मुझे बाहर रोक दिया है। यह कानून के शासन पूरी तरह से पतन है। राज्य सरकार ने शिक्षा को बंदी बना दिया है।

उद्धव ठाकरे को लेकर पोस्ट करना पड़ा महंगा, शिवसैनिकों ने पीटा और कराया मुंडन

मुंबई(ए.)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बारे में फेसबुक

पर अपमानजनक टिप्पणी करना एक शख्स को भारी पड़ गया। उद्धव ठाकरे के खिलाफ सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट लिखने की वजह से मुम्बई के वडाला के एक व्यक्ति की शिवसैनिकों ने कथित रूप से पिटाई कर दी। घटना रविवार की है, जब उद्धव ठाकरे के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट की वजह से शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने हीरामणि तिवारी नामक शख्स की पिटाई कर दी। हीरामणि तिवारी ने कहा कि 19 दिसंबर को मैंने पोस्ट किया था कि उद्धव ठाकरे का जामिया मिल्लिया इस्लामिया की घटना को जालियावाला बाग से जोड़ना गलत था। इसके बाद 25-30 लोगों ने मुझे पीटा और मेरा मुंडन भी कर दिया।

NRC विवाद के बीच बोले उद्धव ठाकरे

महाराष्ट्र में डिटेंशन कैंप की मंजूरी नहीं देंगे

नई दिल्ली(ए.)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मस्लिम समुदाय को आश्वस्त किया कि नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजन यानी एनआरसी के तहत राज्य में किसी भी डिटेंशन कैंप को बनाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार को कहा कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के लागू होने के बाद मुसलमानों को इससे डरने की जरूरत नहीं है और राज्य सांप्रदायिक आधार पर किसी भी नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होने देगा।

शिवसेना प्रमुख ठाकरे ने एनआरसी और नागरिकता संशोधन कानून पर उठ रही चिंताओं के संबंध में कहा कि राज्य में हम किसी भी डिटेंशन कैंप की इजाजत नहीं देंगे। उन्होंने आगे कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हालिया एनआरसी और नागरिकता विवाद में किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। ठाकरे ने सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात के दौरान ये बातें कहीं।

हालांकि, उद्धव ठाकरे ने स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि महाराष्ट्र में एनआरसी को लागू किया जाएगा या नहीं। हालांकि, शिवसेना की सहयोगी कांग्रेस और एनसीपी स्पष्ट तौर पर एनआरसी का विरोध कर चुकी है। ठाकरे एनआरसी पर बोल चुके हैं कि वह सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करेंगे, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट में नागरिकता कानून और एनआरसी पर कई याचिकां विचाराधीन हैं। ठाकरे ने यहां सह्याद्री अतिथि गृह में मस्लिम समुदाय की एक सभा को संबोधित करते हुए सीएए और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ विरोध नहीं करने का आग्रह किया, क्योंकि सरकार ने राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों पर ध्यान दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों को डर नहीं चाहिए कि सीएए के लागू होने के बाद उन्हें देश से बाहर निकाल दिया जाएगा। इस अवसर पर अबू आसिम आज़मी, नवाब मलिक, अमीन पटेल, रईस शेख जैसे मुस्लिम विधायकों और मौलाना सज़्द नोमानी, मौलाना महमूद दरियाबी और अन्य धार्मिक विद्वान शामिल हुए।

मेरठ में सीएए विरोधी प्रदर्शन के दौरान मारे गए लोगों के परिजनों से मिलने जा रहे राहुल, प्रियंका को पुलिस ने रोका

नई दिल्ली/मेरठ(ए.)। CAA के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान मेरठ में मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात के लिए जा रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को मंगलवार को पुलिस ने रोक लिया। दोनों नेता एक ही कार में सवार थे। मेरठ में एंट्री से पहले ही जिले के बॉर्डर पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पुलिस ने कानून-व्यवस्था का हवाला देकर दोनों नेताओं को रोका, जिसके बाद दोनों ने अपनी गाड़ी दिल्ली की तरफ मोड़ दी। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें किसी ऑर्डर की कॉपी नहीं दिखाई गई, बस लौटने के लिए कह दिया गया।

हिंसक प्रदर्शन के दौरान मेरठ में 5 की हुई थी मौत

पिछले हफ्ते शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद प्रदर्शनकारी काफी उग्र हो गए। करीब 5-6 घंटे तक भीड़ ने पुलिस पर पत्थरबाजी, आगजनी और गाड़ियों में तोड़फोड़ करती रही। इस दौरान आसिफ, मोहसिन, जहीर, आसिफ और अलीम नाम के 5 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। इस दौरान गोली लगने से 3 पुलिसकर्मी भी जख्मी हुए थे। प्रदर्शन के दौरान कुछ उपद्रवियों ने चेहरे पर नकाब लगाकर पत्थरबाजी के साथ-साथ अवैध असलहों से पुलिस पर फायरिंग भी की थी।

एनआरसी पर अपने कदम पीछे खींच सकती है केंद्र सरकार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिल्ली की रैली में टिप्पणी के बाद संभावना जताई जा रही है कि सरकार एनआरसी को ठंडे बस्ते में डाल सकती है। विवादास्पद मुद्दे के खिलाफ हो रहे व्यापक प्रदर्शन से सरकार अपने कदम पीछे खींच सकती है।

पीएम मोदी ने रविवार (22 दिसंबर) को दिल्ली में एक रैली में कहा था एनआरसी और संशोधित नागरिकता कानून अलग-अलग मामले हैं। हमारी सरकार ने एनआरसी पर चर्चा नहीं की है। प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जोर देकर कहा है कि एनआरसी पूरे देश में लागू किया जाएगा।

पार्टी के कुछ नेताओं ने स्वीकार किया कि नागरिकता कानून के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन से वे चकित हैं व एनआरसी को लेकर समुदाय के एक हिस्से में, खासतौर पर मुस्लिमों की आशंकाओं ने भावनाएं भड़काई हैं।

प्रधानमंत्री ने एनआरसी और नागरिकता कानून को अलग-अलग मुद्दा बता कर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने कहा उनकी सरकार ने अभी तक इस तरह की प्रक्रिया के बारे में नहीं सोचा है।

योगेंद्र यादव ने प्रदर्शन जुलूस में लिया हिस्सा, धारा 144 लागू

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून पर प्रदर्शन अब भी जारी है। दिल्ली में आज भी नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन हो सकता है। यही वजह है कि दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में पुलिस ने एहतियातन धारा 144 लगा दी है। बताया जा रहा है कि एक बार फिर से नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ जामिया के स्टूडेंट्स और अन्य संगठन प्रदर्शन करने वाले हैं। यही वजह है कि मंडी हाउस के आस-पास प्रदर्शनकारी पहुंचने लगे हैं। जामिया की कोआर्डिनेशन कमेटी और कई संगठनों के समूह 'हम भारत के लोग' के आह्वान पर लोग मंडी हाउस पहुंच रहे हैं।

निर्भया कांड: चार में से तीन दोषी बोले- बचे हुए दो कानूनी अधिकार का करना चाहते हैं उपयोग

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली के निर्भया कांड में फांसी की सजा पा चुके चार दोषियों में से तीन ने अदालत के निर्देश पर तिहाड़ जेल एथॉरिटी के नोटिस का जवाब दिया दिया है। तीन दोषियों ने कहा है कि उनके पास अभी भी संविधान द्वारा दिए गए दो कानूनी अधिकार हैं जिसमें क?यूरेटिव पिटीशन और मर्सी पिटीशन, जिसका वे उपयोग करना चाहते हैं।

बता दें कि इससे पहले पिछले हफ्ते निर्भया के दोषियों को डेथ वारंट जारी करने को लेकर दिल्ली की पटियाला हाउस में सुनवाई 7 जनवरी तक के लिए टाल दी गई। जबकि इससे पहले दिल्ली में हुए निर्भया कांड के चार दोषियों में से एक अक्षय की पुनर्विचार याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। दोषी अक्षय की पुनर्विचार याचिका को जस्टिस भानुमति की अध्यक्षता वाली नई बेंच ने खारिज कर दिया। बेंच के अन्य सदस्य जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस बोपन्ना हैं। निर्भया बलात्कार मामले में दोषियों की मौत की सजा बरकरार रखने के शीर्ष अदालत के 2017 के फैसले के खिलाफ एक दोषी अक्षय कुमार सिंह ने पुनर्विचार याचिका दायर की थी।

झारखंड भाजपा के हाथ से निकला

दूसरी बार हेमंत सोरेन संभालेंगे सीएम की कमान

रांची(वार्ता)। झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों में सत्तारूढ़ भाजपा को बड़ा झटका लगा है। पार्टी को सोमवार को हुई मतगणना में करारी हार मिली। राज्य में जेएमएम-कांग्रेस-आरजेडी गठबंधन को बहुमत मिल गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे।

कई मंत्री, स्पीकर हारे

मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुआ व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव को हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, तीन प्रमुख मंत्री भी चुनाव हार गए, जबकि सात को जीत मिली। कोल्हान में वर्ष 2014 में 14 में से पांच सीट जीतने वाली भाजपा इस बार अपना खाता भी नहीं खोल पाई।

मत प्रतिशत घटा

इसी साल लोकसभा में राज्य में 51 फीसदी वोट पाने वाली भाजपा को विधानसभा चुनाव में 33.4 फीसदी मत मिले।

किसने क्या कहा

राज्य की जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया है। लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि किसी की उम्मीद नहीं टूटेगी, सबका ख्याल रखा जाएगा।

दस महिलाएं जीतीं

चुनावी जंग में दस महिलाओं ने भी जीत दर्ज की है, जिसमें छह पहली बार जीत कर पहुंची हैं। वहीं चुनाव जीतने वालों में 41 फीसदी युवा चेहरे हैं। झारखंड में 30 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच पांच चरणों में मतदान हुआ था।

पांचवीं बार सत्ता

झारखंड के 19 साल के इतिहास में सोरन परिवार पांचवी बार सत्ता में आया है। शिबू सोरेन तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। जबकि उनके बेटे युवा आदिवासी नेता हेमंत सोरेन राज्य में दूसरी बार मुख्यमंत्री की कमान संभालेंगे। इससे पहले वे वर्ष 2013 में मुख्यमंत्री बने थे।

रघुवर का इस्तीफा

मुख्यमंत्री रघुवर दास ने 23 दिसंबर की शाम को राजभवन जाकर इस्तीफा दे दिया। पार्टी को मिली पराजय पर रघुवर दास ने कहा कि यह पार्टी की नहीं बल्कि मेरी व्यक्तिगत हार है।

डबल झटका | अगर झारखंड विकास मोर्चा बीजेपी को समर्थन देती है तो राज्यसभा में बीजेपी अपनी वर्तमान टैली बरकरार रख सकती है

झारखंड की हार से राज्यसभा में बीजेपी को होगा नुकसान

नई दिल्ली(ए.)। झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 में हार बीजेपी के लिए दोहरे झटके की तरह है। झारखंड में हार से बीजेपी को न सिर्फ सत्ता गंवानी पड़ी है, बल्कि इसका खामियाजा संसद में भी भुगतना पड़ सकता है। सोमवार को जारी झारखंड चुनाव के नतीजों के बाद भाजपा को राज्यसभा में सीटों का नुकसान हो सकता है। भले ही अगला लोकसभा चुनाव 2024 में है, मगर उससे पहले राज्यसभा के चुनावों में बीजेपी को झटका लग सकता है। जब भारतीय जनता पार्टी 2024 में अगले लोकसभा चुनाव के लिए जाएगी तो शायद उस वक्त झारखंड से इसके पास एक भी राज्यसभा की सीट न हो।

हालांकि, आंकड़ें ऐसे कहते हैं कि अगर झारखंड विकास मोर्चा बीजेपी को समर्थन देती है तो राज्यसभा में बीजेपी अपनी वर्तमान टैली बरकरार रख सकती है। बता दें कि झारखंड चुनाव में जेवीएम (प्रजातांत्रिक) ने बीजेपी के खिलाफ चुनाव लड़ा था, मगर अब उसने बीजेपी को समर्थन देना का फैसला लिया है।

हालांकि, भाजपा की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार यानी एनडीए सरकार राज्यसभा में अल्पमत में है, मगर विपक्ष में भीतरघात की वजह से कई अहम विधेयक मसलन नागरिकता (संशोधन) अधिनियम और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, तीन तलाक विधेयक पास कराने में कामयाब रही है।

इन सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी और जेएमएम-कांग्रेस-राजद गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला होगा। क्योंकि राज्य विधानसभा में मौजूदा सियासी अंकगणित ने इसे पेचीदा बना दिया है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव के विपरीत राज्य के निर्वाचित विधायक उच्च सदन के उम्मीदवार के लिए वोट करते हैं। झारखंड में 81 विधानसभा सीटें हैं।

किसी भी राज्यसभा उम्मीदवार को जीत हासिल करने के लिए कम से कम 28 मतों की जरूरत होगी। बीजेपी के पास सिर्फ 25 सीटें हैं तो ऐसी स्थिति में उसे अन्य दलों का सहारा लेना पड़ेगा। मगर बीजेपी को अगर जेवीएम का साथ मिलता है तो समीकरण बदल सकता है, क्योंकि जेवीएम ने विधानसभा चुनाव में तीन सीटें जीती हैं। इस तरह से झारखंड में जब भी द्विवार्षिक राज्यसभा चुनाव होंगे, हर बार बीजेपी को इन तीन सीटों की जरूरत पड़ेगी।

अगर बीजेपी को जेवीएम के 28 विधायकों का साथ मिलता है तो यह आसानी से तीन सीटें अपने नाम कर सकती है। मगर अभी जो राजनीतिक हालात हैं और अगर जेवीएम बीजेपी से दूरी बनाए रखती है तो फिर बीजेपी के लिए एक भी राज्यसभा सीट जीतना मुश्किल हो जाएगा।

राज्यसभा के चुनाव में पहली सीट पर आसानी से जीत हो जाएगी, मगर हर बार दूसरे सीट के लिए ड्रामा देखने को मिल सकता है। झामुमो गठबंधन पहली सीट लाएगा, लेकिन दूसरी सीट के चुनाव में उसके पास केवल 19 अतिरिक्त विधायक हैं, जिसे विधायकों की दूसरी वरीयता के मतों से तय करना होगा। वहां भी, जेएमएम-कांग्रेस-आरजेडी को बीजेपी के मुकाबले फायदा होगा।

झारखंड में द्विवार्षिक चुनाव होंगे

साल 2020, 2022 और 2024 में दो-दो सीटों पर झारखंड में द्विवार्षिक चुनाव होंगे। दरअसल, झारखंड में राज्यसभा की कुल 6 सीटें हैं, जिनमें वर्तमान में बीजेपी का तीन पर, कांग्रेस और लालू यादव की पार्टी राजद का एक-एक पर कब्जा है। वहीं छठे सीट पर स्वतंत्र सासंद परिमल नाथवाणी हैं।

उम्मीद की जा रही है कि नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली एनडीए सरकार 2021 के अंत तक राज्यसभा में बहुमत में हो जाएगी। मगर अगर बीजेपी झारखंड में एक भी सीट पाने में असफल रहती है तो फिर वह बहुमत के आंकड़े से दूर रह सकती है।

■ न्यूज गैलरी

फांसी पर लटकी मिली लाश, पीएम के बाद हत्या का मामला दर्ज

रायपुर। फांसी पर झूलते युवक की मिली लाश का पंचनामा कर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। डाक्टरी रिपोर्ट में मृतक का गला दबाकर हत्या किये जाने की रिपोर्ट आने पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा नगर डबरापारा खमतराई निवासी विष्णु ध्रुव 28 वर्ष पिता सुखीराम ध्रुव ने खमतराई थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 22 दिसंबर की देर रात प्रार्थी का बड़े भाई दीनदयाल ध्रुव आयु 32 वर्ष की फांसी पर झूलता शव को देखकर घटना की सूचना 112 पर पुलिस को दिया। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर लाश का पंचनामा कर पोस्ट्मार्टम के लिए भजा था। डाक्टरी रिपोर्ट में मृतक का गला दबाकर फांसी पर लटकाये पाये जाने की रिपोर्ट आने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

नाबालिग लड़की से अनाचार, मामला दर्ज

रायपुर। घर के बाहर गंदा पानी फेकने निकली लड़की को जबरन घर के अंदर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाने की रिपोर्ट मंदिर हसौद थाने में दर्ज की गई है। मंदिर हसौद निवासी पिता 42 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी की बेटी 14 वर्ष 9 दिसंबर को घर के बाहर गंदा पानी फेकने निकली थी तभी सतीश यादव ग्राम सण्डी मंदिर हसौद निवासी ने लड़की को जबरन हाथ-बाह पकड़कर खिचकर पड़ोस में रहने वाले भूपेन्द्र नामक युवक के घर ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। इस घटना की सूचना लड़की ने घर वालों को दिया,उसके बाद घटना की रिपोर्ट थाने में लिखवाई गई है।

बोलेरो की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार घायल, मामला दर्ज

रायपुर। तेज रफ्तार बोलेरो ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारने से मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई व चालक घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। कुशालपुर पुरानी बस्ती निवासी लोकेश सिंह ठाकुर आयु 35 वर्ष पिता अरविंद सिंह ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 19 दिसंबर को मोटरसाइकिल से आ रहा था तभी धमतरी गेट के पास पुलिस लाइन में तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक सीजी 07 बीजी 2407 ने टक्कर मार दिया जिसके चलते प्रार्थी की मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई व वह घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

मंत्री डहरिया और गुरू रुद्र नहीं बचा पाए कांग्रेस की लाज

- नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया के प्रभारी जिले में पूर्ण बहुमत नहीं
- मंत्री गुरू रुद्र के प्रभार जिला महासमुंद में सिर्फ एक पंचायत में जीत

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव में नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया और मंत्री गुरू रुद्र ने पाटी की लाज नहीं रख पाए हैं। डहरिया अपने प्रभार वाले जिला में एक भी सीट पर कांग्रेस को जीत नहीं दिला सके. बलौदाबाजार जैसे बड़े जिला के 9 नगरीय निकायों में एक भी सीट पर कांग्रेस पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर सकी. दो नगर पालिका और 7 नगर पंचायतों वाले इस जिला में कांग्रेस की करारी हार हुई। यह इलाका एक तरह से शिव डहरिया का गृह क्षेत्र भी है. बावजूद इसके कांग्रेस की इस इलाके में दुर्गति ही हुई है। बलौदाबाजार जिला में भाटापारा, बलौदाबाजार जैसे दो बड़े नगर पालिका के साथ कसडोल, लवन, पलारी, टूंड्रा, बिलाईगढ़ और भटगाँव और सिमगा नगर पंचायत शामिल है.

डहरिया के प्रभारी जिलों में कांग्रेस की स्थिति

- बलौदाबाजार नगर पालिका- कुल वार्ड- 21, कांग्रेस-8, भाजपा-7, जेसीसीजे-4, निर्दलीय-2, बहुमत के लिए 11 सीट चाहिए.
- भाटापारा नगर पालिका- कुल वार्ड-31, कांग्रेस- 13, भाजपा- 14. निर्दलीय-4, बहुमत के लिए 16 सीट चाहिए.
- पलारी नगर पंचायत- कुल वार्ड-15, कांग्रेस-4, भाजपा-7, निर्दलीय-4. बहुमत के लिए 8 सीट चाहिए.
- सिमगा नगर पंचायत- कुल वार्ड-15, कांग्रेस-7, भाजपा-4, निर्दलीय-4. बहुमत के लिए 8 सीट चाहिए.
- लवन नगर पंतायत- कुल वार्ड-15, कांग्रेस-3, भाजपा-5, बसपा-1, निर्दलीय-6. बहुमत के लिए 8 सीट चाहिए.
- टूंड्रा नगर पंचायत- कुल वार्ड-15, कांग्रेस-7, भाजपा-7, निर्दलीय-1, बहुमत के लिए 8 सीट चाहिए.
- कसडोल नगर पंचायत कुल वार्ड-15, कांग्रेस-7, भाजपा-5, निर्दलीय-3. बहुमत के लिए 8 सीट चाहिए.
- बिलाईगढ़ नगर पंचायत-कुल वार्ड- कांग्रेस-3, भाजपा-7, निर्दलीय-5. बहुमत के लिए 8 सीट चाहिए.
- भटगाँव नगर पंचायत- कुल वार्ड-15, कांग्रेस-5, भाजपा-6, निर्दलीय-4. बहुमत के लिए 8 सीट चाहिए.

नीचे जो आंकड़ा हम बता रहे एक जगह पर कांग्रेस पूर्ण बहुमत वाली स्थिति में नहीं है।

इसी तरह मंत्री रूद्र गुरु के प्रभार वाले जिला महासमुंद में कांग्रेस की करारी हार हुई है। सिर्फ एक पंचायत में ही पार्टी को जीत मिली है। महासुंद नगर पालिका और पंचायत में बड़ी जीत मिली है। यहां से कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा है। तीनों नगर पालिका में बीजेपी ने बहुमत के साथ जीत दर्ज की है. इसके साथ ही एक पंचायत पर जीत हासिल की है। सिर्फ एक नगर पंचायत में कांग्रेस को जीत मिली है। साथ ही एक पंचायत में निर्दलीय प्रत्याशियों को जीत मिली है. आईये आपको बताते कहा किस प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है।

नगर पालिका महासमुंद

भाजपा 14, कांग्रेस 8, जोगी कांग्रेस 2, निर्दलीय 5, आम आदमी 1

वार्ड 1 रिंकू चंद्राकर भाजपा
2 राहुल चंद्राकर, निर्दलीय
3 कृष्ण कुमार चंद्राकर, कांग्रेस
4 कुमारी बाई देवार, कांग्रेस
5 कमला बरिहा, भाजपा
6 बबलू हरपाल, निर्दलीय
7 मीना वर्मा, भाजपा
8 हाफिज कुरैशी, भाजपा
9 माधवी सिक्का, भाजपा
10 देवीचंद राठी, भाजपा
11 जगत राम महानंद, निर्दलीय
12 डमरूधर मांझी, निर्दलीय
13 जसप्रीत मक्कड़, कांग्रेस
14 सरला मदनकार, भाजपा
15 राशी महिलांग- जनता कांग्रेस
16 मगेश टंकशाले, भाजपा
17 प्रकाश चंद्राकर, भाजपा
18 अमन चंद्राकर, कांग्रेस
19 उर्मिला साहू, कांग्रेस
20 महेन्द्र जैन, भाजपा
21 मुन्ना देवार, निर्दलीय
22 हेमलता यादव, भाजपा
23 राजेन्द्र चंद्राकर- जनता कांग्रेस
24 पवन पटेल, भाजपा
25 संदीप घोष, भाजपा
26 मनीष शर्मा, भाजपा
27 शोभना यादव, आप
28 अनीता साव, कांग्रेस
29 निखिलकांत, कांग्रेस
30 राजेश नेताम, कांग्रेस

नगर पालिका बागबाहरा

भाजपा 6, कांग्रेस 4, निर्दलीय 5
नगर पालिका सरायपाली
भाजपा 9, कांग्रेस 3, निर्दलीय 3
नगर पंचायत तुमगांव
भाजपा 9, कांग्रेस 3, निर्दलीय -3
नगर पंचायत पिथौरा
भाजपा 2, कांग्रेस 8, निर्दलीय 5
नगर पंचायत बसना
भाजपा 3, कांग्रेस 5, निर्दलीय 7

मतदाताओं ने फिर भाजपा की नीतियों को नकारा

- शहरी चुनावों में कांग्रेस के पक्ष में जनादेश
- महापौर, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्षों में कांग्रेस को मिलेगी सफलता

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय राजीव भवन में आज सुबह से ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रभारी महामंत्री गिरीश देवांगन, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार

विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश महामंत्री महेन्द्र छाबड़ा, मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला, प्रभारी सचिव शिवसिंह ठाकुर, सहित कंट्रोल रूम के सदस्यों ने पूरे राज्य के कांग्रेस पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से संपर्क स्थापित किया और परिणामों की दिनभर अधतन जानकारी प्राप्त की।

नगरीय निकाय चुनावों के परिणामों पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय चुनावों में नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में पार्षदो के परिणामों में कांग्रेस ने भाजपा के ऊपर निर्णायक बढ़त बना ली है। पार्षदों के बहुमत से नगरीय निकायों के प्रमुखों का चुनाव होगा। इसलिये कांग्रेस को सफ्लता मिलना सुनिश्चित है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सरकार के एक साल के कार्यो पर छत्तीसगढ़ की शहर की जनता ने अपनी मुहर लगायी है। नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं में और नगर निगमों के मतदाताओं ने कांग्रेस के पक्ष में अपना जनादेश दिया है। स्थानीय सरकार के चुनावों में एक बार फिर मतदाताओं ने भाजपा के घमंड और जनविरोधी नीतियों को नकार दिया है।

सीएम भूपेश बघेल से जापानी प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात

- सिरपुर को टूरिज्म से जोड़ने हेलीपेड निर्माण का आग्रह
- सिरपुर और प्रज्ञागिरी डोंगरगढ़ के विकास पर भूपेश बघेल के साथ विचार-विमर्श
- सुविधाएं विकसित होने से ये दोनों स्थल बन सकते हैं जापानी पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के भ्रमण पर आए जापानी प्रतिनिधि मण्डल ने आज मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से उनके भिलाई स्थित निवास पर मुलाकात की। उन्होंने प्रदेश में स्थित पुरातात्विक स्थल सिरपुर और प्रज्ञागिरी डोंगरगढ़ के विकास के संबंध में मुख्यमंत्री के साथ विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यदि सिरपुर और प्रज्ञागिरी में सुविधाएं विकसित की जाएं तो ये दोनों स्थल जापानी पर्यटकों के लिए बड़े आकर्षण का केन्द्र बन सकते हैं। उन्होंने सिरपुर के नजदीक हेलीपेड निर्माण की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे जापान के पर्यटक दो दिनों में सिरपुर का भ्रमण कर वापस जापान लौट सकेंगें।

उल्लेखनीय है कि सिरपुर के उत्खनन में बौद्ध धर्म से संबंधित अनेक पुरातात्विक स्थल सामने आए हैं और प्रज्ञागिरी को बौद्ध तीर्थ के रूप में विकसित किया गया है। जापानी प्रतिनिधिमंडल ने सिरपुर के नजदीक हेलीपेड निर्माण का आग्रह भी मुख्यमंत्री से किया। उन्होंने कहा कि इससे जापान से आने वाले पर्यटकों को सुविधा होगी और उनके समय की बचत होगी। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि जापान के लोगों के लिए भारत एक पवित्र तीर्थ स्थान है। जापान के लोग भारत से प्यार करते हैं। जब हम भारत आते हैं तो भारत की धरती को प्रणाम करते हैं और जब हम जापान जाते हैं तब भारत-भूमि के पावन मिट्टी जापान लेकर जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने जापानी प्रतिनिधिमंडल को भारत देश से इतना स्नेह रखने के लिए धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के सिरपुर में बौद्ध धर्म की पुरातात्विक सम्पदा दुनिया के लिए अनमोल धरोहर है। यहां अनेक बौद्ध विहार और भगवान बुद्ध की प्रतिमाएं मिली हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि सिरपुर में बौद्धाचार्य नागार्जुन निवास करते थे और चीनी यात्री ह्वेनसांग सिरपुर आये थे। जिन्होंने भारतीय इतिहास को चीनी भाषा में लिखकर भगवान बुद्ध के शांति एवं भाईचारा के संदेश को दुनिया में फैलाया और भारतीय इतिहास को बचाकर रखा। आप लोग सिरपुर का यात्रा करें और सिरपुर का अध्ययन करें। जापानी प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से सिरपुर को टूरिज्म से जोड़ने को आग्रह किया वहां के नजदीक में एयरपोर्ट-हेलीपेड बनाने का भी आग्रह किया जिससे जापान के लोग दो दिन में भारत आकर जापान लौट सकें। हमारे जापानी लोगों के लिए समय बहुत बहुमूल्य होता है।

एक साल में कांग्रेस सरकार अलोकप्रिय हो गई: उसेंडी

रायपुर (नवप्रदेश)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी ने नगरीय निकाय चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि

अभी देर तक परिणाम आते रहेंगे लेकिन अभी तक आए परिणाम कांग्रेस सरकार को आईना दिखाने के लिए काफी है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिले बड़ी जीत के बाद नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को जनता का अच्छा प्रतिसाद यह कांग्रेस सरकार की असफलता पर जनता के गुस्से का प्रगटीकरण भी है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस ने जीत के लिए सभी गलत रास्ते अपनाएं उसके बाद भी कांग्रेस पूरी तरह असफल रही है। अधिकारी तंत्र व अलोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस ने चुनाव लड़ा लेकिन अभी तक का परिणाम भाजपा के वापसी का स्पष्ट संकेत है। यह हमारे कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। एक साल में ही भूपेश सरकार अलोकप्रिय हो गई है।

निकाय चुनाव परिणाम भाजपा के लिए उत्साहवर्धक : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सच्चिदानंद उपासने

ने नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन को उत्साहवर्धक और कांग्रेस के लिए चिंतनीय बताया है। श्री उपासने ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस कोई भी हथकंडा अपनाने से बाज नही आई। उसने खेल के सारे नियम बदल डाले। सीधे महापौर चुनने का अधिकार जनता से छीन लिया। बैलेट पेपर ले आए। हर तरह से सत्ता का दुरुपयोग करने की कोशिश की कांग्रेस ने। बावजूद इसके जिस तरह कांग्रेस को भाजपा ने टक्कर दिया इसे भाजपा की यह बड़ी जीत कहा जा सकता है। भाजपा प्रवक्ता श्री उपासने ने कहा कि जिस कांग्रेस के पास विधानसभा की 69 सीटें हो और भाजपा के पास मात्र 14 वहां बावजूद इसके जिस तरह कांग्रेस जनता से डरी हुई थी, वही उसकी सबसे बड़ी हार है।

चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इंस्टीट्यूट इंडिया द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 25 से

रायपुर। चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इंस्टीट्यूट इंडिया द्वारा मध्य भारत के अंतर्गत आने वाले राज्यों छत्तीसगढ़, उड़ीसा, महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों के सीए के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एक निजी नए होटल लाभांडी में 25 एवं 26 दिसंबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे के मध्य आयोजित किया गया है। उक्त आयोजन में एक हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। देश के वाणिज्यक विषयों विशेषकर जीएसटी कानून एवं नए लेखा कानूनों पर अतिथिगणों द्वारा नवीनतम जानकारी से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाएगा। उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में कार्यक्रम की संयोजिका सुश्री ऋद्धि जैन, एवं मीडिया प्रभारी आदित्य पाण्डेय ने दी।

चुनाव परिणाम दिग्गजों के लिए राजधानी की शहरी सत्ता ने झिंझोड़ा, भाजपा के खाटी नेताओ के ख्वाबों पर फिरा पानी, नयों को आस, सबसे बड़े बजट वाले निगम का महापौर बनने कांग्रेस में जोड़तोड़

मेयर बनने की राह में कांग्रेस पास तो भाजपा से कई फेल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव परिणाम से भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज सकते में है। प्रदेश के सबसे ज्यादा बड़े बजट वाले नगर पालिक निगम का मेयर बनने के लिए कईयों ने किस्मत आजमाया था। जिसमें भाजपा के दिग्गजों का मेयर बनने के सपनों पर पानी फिर गया है। जबकि कांग्रेस से महापौर पद के सबसे प्रबल तीन दावेदारों ने उम्मीद बनाए रखी है।

भाजपा से महापौर पद के लिए मजबूत केंडिडेट्स में राजीव अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, सुभाष तिवारी का नाम था। लेकिन इनकी हार के साथ ही नए तेजतर्रार महिला नेतृत्व के तौर पर विश्वदिनी पांडेय और मीनल चौबे जीत गई हैं। मृत्यूंजय दुबे भी संभावित नामों में से एक हैं। जबकि महापौर प्रमोद दुबे शुरुआती रुझानों में 300 से ज्यादा मतों से पिछड़ गए थे, लेकिन बाद में उन्हों ने 2500 से ज्यादा की बढ़त बनाकर अपनी जीत सुनीश्चित कर ली। ऐजाज ढेबर और ज्ञानेश शर्मा भी दौड़ से बाहर नहीं हुए हैं। दिग्गज नेताओं ने महापौर पद के लिए जीते पार्टी प्रत्याशियों को साधने के साथ ही निर्दलीय उम्मीदवारों से भी संपर्क साधना शुरु कर दिया है।

रायपुर नगर निगम चुनाव

कांग्रेस - 32
भाजपा - 30
जोगी कांग्रेस - 2
निर्दलीय - 6

प्रदेश में 2840 वार्ड के अनंतिम परिणाम

1220 पर कांग्रेस की जीत
960 पर भाजपा की जीत

नोट- यह अनंतिम परिणाम है

भाजपाई दिग्गजों का ऐसा रहा जीत-हार का दौर

भाजपा के दिग्गज नेता नगर निगम में सभापति रहे प्रफुल्ल विश्वकर्मा तात्यापारा वार्ड से चुनाव हार गए है। चार बार के पार्षद को कांग्रेस के युवा प्रत्याशी रितेश त्रिपाठी ने 251 वोट से पराजित किया है। भाजपा के लिए यह बड़ा झटका है। डा.खूबचंद बघेल वार्ड से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मीनल छगन चौबे ने कांग्रेस प्रत्याशी तुषार पांडे को 416 वोट से हराकर चुनाव जीत लिया है। इससे

पहले वे डीडी नगर से पार्षद थीं। वार्ड परिसीमन से पहले इस सीट पर उनके पति छगन चौबे भी एक बार पार्षद रह चुके हैं। निगम चुनाव में भाजपा के बड़े चेहरे संजय श्रीवास्तव को कालीमाता वार्ड से हार का सामना करना पड़ा है। उन्हें कांग्रेस के युवा प्रत्याशी अमितेष भारद्वाज ने पराजित किया है। निगम में पिछली बार नेता प्रतिपक्ष रहे सूर्यकांत राठौर लगातार पिछड़ने के बाद आखिरकार चुनाव जीत गए है। भाजपा के ही डा. विपिन बिहारी सूर वार्ड से मनोज वर्मा, महामाया मंदिर वार्ड से श्रीमती सरिता वर्मा, रानी लक्ष्मी बाई वार्ड विश्वदैनी पांडेय चुनाव जीत गई है। रायपुर। सुंदरनगर वार्ड से भाजपा प्रत्याशी मृत्युंजय दुबे ने 1047 वोट से कांग्रेस प्रत्याशी संदीप तिवारी को पराजित किया है। हालांकि शुरु में दुबे लगातार पिछड़ गए थे लेकिन बाद में उन्होंने शानदार जीत दर्ज कराई है। वे अब तक तीन बार निर्दलीय पार्षद रह चुके है। लाल बहादूर शास्त्री वार्ड से कांग्रेस के कामरान अंसारी, पंडित रविशंकर शुक्ला वार्ड से कांग्रेस के आकाश तिवारी, कन्हैयालाल बाजारी वार्ड से भाजपा के विनोद अग्रवाल चुनाव जीत गए है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव अग्रवाल महार्षि वाल्मिकी वार्ड से चुनाव हार गए। राजीव अग्रवाल महार्षि वाल्मिकी वार्ड से चुनाव हार गए है। कांग्रेस के युवा प्रत्याशी प्रमोद मिश्रा ने उन्हें बड़ा झटका दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद श्रीकुमार मेनन 933 वोट से रामकृष्ण परमहंस वार्ड से फिर चुनाव जीत गए है। रायपुर नगर पालिक निगम के लिए बीजेपी के महात्मा गांधी वार्ड से पार्षद पद प्रत्याशी प्रमोद साहू 1161वोट से विजयी हुए। मनोज वर्मा भाजपा के 522 वोट से जीते।

काफी उतार चढ़ाव के बाद कांग्रेस के दिग्गज जीते

भगवती चरण शुक्ल वार्ड से चुनाव लड़ रहे है प्रमोद दुबे ने काफी-उतार चढ़ाव के बीच आखिकार रिकॉड मतों के साथ जीत हासिल की हैं। नगरीय निकाय चुनाव में मिली जीत के बाद कांग्रेस दफ्तर में जश्न का माहौल है। वहीं चुनाव परिणामों

के अनुसार मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी अमित दास ने करीब 300 वोटो से जीत दर्ज की है। काँग्रेस से लाल बहादुर वार्ड प्रत्याशी कामरान अंसारी जीते। रविशंकर शुक्ल वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश तिवारी जीत हासिल किए। राम कृष्ण परमहंस वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी कुमार मेमन ने जीत हासिल की। ऐजाज ढेबर भी जीत दर्ज करने वाले साबित हुए और अजीत कुकरेजा ने भी लगातार वोटिंग में बढ़त हासिल करते हुए जीत दर्ज की। वार्ड 35 पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश तिवारी ने 500 वोटों से जीत दर्ज की है. उन्होंने भाजपा के सुनील चौधरी को हराया है. आकाश ने कहा कि जनता का विश्वास कांग्रेस के साथ है. वार्ड में पानी की बड़ी समस्या है इस समस्या को दूर करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। नगरीय निकाय चुनाव में सबसे कम अंतर से विजयी पार्षद का फैसला वीरांगना अवंति बाई वार्ड में हुआ, जहां बीजेपी की प्रत्याशी गीता सत्पथी को कांग्रेस अंजली विभार ने महज एक वोट से पराजित किया। वहीं मौदहापारा वार्ड से कांग्रेस के प्रत्याशी अनवर हुसैन ने 531 वोटों से जीत दर्ज किया है. इस सीट पर एक बार फिर मंत्री मोहम्मद अकबर ने कब्जा हो गया है. यहां चुनाव मोहम्मद अरशद के नेतृत्व में लड़ा गया था।

संपादकीय

भाजपा का गिरता ग्राफ

वर्ष 2019 के जाते-जाते भाजपा के हाथों से एक और राज्य निकल गया। झारखंड में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से केन्द्र में सरकार बनाई थी। उसके बाद उसने एक के बाद एक कई प्रदेशों में भगवा लहराया था। 2014 लोकसभा चुनाव के पूर्व देश के सिर्फ 7 राज्यों में बिजेपी की सरकार थी लेकिन केन्द्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद 2018 तक भाजपा ने 21 राज्यों में अपनी सरकार बना ली थी। भाजपा शासित राज्यों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती गई थी। किन्तु 2018 के अंत में हुए विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा को राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सत्ता से बाहर होना पड़ गया। हाल ही में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद सत्ता से बाहर होना पड़ा और अब झारखंड में भी उसे पराजय का कड़वा स्वाद चखना पड़ा। 2017 तक देश के 71 प्रतिशत क्षेत्र में भाजपा का शासन था। जो अब घटकर मात्र 35 प्रतिशत रह गया है। भाजपा का यह गिरता ग्राफ पार्टी नेताओं के लिए न सिर्फ चिंता की बात है बल्कि उन्हें चिंतन करने की भी आवश्कयता है। क्या कारण है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में इन्हें राज्यों में भाजपा को अभूतपूर्व सफलता मिली थी और उसने 303 सीटें जीतकर नया इतिहास रचा था। लेकिन इसके बाद हुए हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उसे हरियाणा में बड़ी मुश्किल से सत्ता हासिल हो पाई। जबकि महाराष्ट्र में शिवसेना के अडियल रूख के कारण भाजपा को सत्ता से बाहर होना पड़ा। भाजपा के कर्ण धारों को इस पर गहराई से चिंतन करना होगा कि आखिर क्यों एक के बाद एक कई राज्य भाजपा मुक्त होते जा रहे हैं। बहुत जल्द बिहार और नई दिल्ली के विधानसभा चुनाव होने है। बिहार तो झारखंड का पड़ोसी राज्य है जहां इस समय जदयू और भाजपा की गठबंधन सरकार सत्ता पर काबिज है। जदयू से भी भाजपा की दूरी बनने लगी है। ऐसे में बिहार में भी भाजपा को नुकसान उठाना पड़ सकता है। भाजपा के रणनीतिकारों को यह बात समझनी होगी कि राज्यों के मुद्दे अलग होते है और लोकसभा चुनाव के मुद्दे अलग होते है। राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चेहरा आगे रखकर प्रदेशों के विधानसभा चुनाव नहीं जीते जा सकते। राज्यों में सहयोगी दलों को दरकिनार कर एकला चलो रे की नीति भी सफल होती। झारखंड इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस हार से भाजपा को सबक लेने की जरूर है। वरना इसका ग्राफ और नीचे जा सकता है।

विचार

असंतोष की आवाज

झारखंड का जनादेश न सिर्फस्थानीय बल्कि राष्ट्रीय सवालों को लेकर भी जमीनी स्तर पर व्याप्त गहरे असंतोष की अभिव्यक्ति है। बीजेपी ने अपनी चुनावी रणनीति के अनुरूप अन्य राज्यों की तरह यहां भी केंद्र सरकार के प्रमुख फैसलों पर वोट मांगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने 9-9 चुनावी रैलियां करके राममंदिर, अनुच्छेद 370, तीन तलाक कानून, एनआरसी और नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर चर्चा की। हिंदुत्व की लहर चलाने के लिए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को चुनाव प्रचार में उतारा गया। एनआरसी-सीएए विरोधी आंदोलन पर मोदी ने इस टिप्पणी से सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने की कोशिश की कि विरोध करने वालों को उनके कपड़ों से पहचाना जा सकता है। लेकिन यह दांव भी नहीं चला। लोगों ने वोट करते समय रघुबर दास सरकार के कामकाज के अलावा केंद्र के मुद्दों को भी नकारा। झारखंड के आदिवासियों में रघुबर सरकार की नीतियों को लेकर गुस्सा था। उनकी हजारों एकड़ जमीन एक पूंजीपति घराने को पावर प्लांट लगाने के लिए दी गई और उनके विरोध को कुचल दिया गया। काश्तकारी कानून में बदलाव को भी पसंद नहीं किया गया। सरकारी नौकरियों में स्थानीय लोगों की बहाली का मुद्दा बार-बार उठता रहा। हाई स्कूल शिक्षकों की नियुक्ति में दूसरे राज्यों के उम्मीदवारों को नौकरी मिलने का मामला खूब उछला।

टेक ज्ञान

वॉट्सऐप में आ रहा सबसे तगड़ा फीचर

नई दिल्ली। वॉट्सऐप इस साल कई धांसू फीचर लाने की तैयारी में है। इन फीचर्स को कभी iOS तो कभी Android के बीटा वर्जन में देखा गया है। वॉट्सऐप के आने वाले फीचर्स को ट्रैक करने वाले WABetaInfo ने लगातार नए फीचर्स को स्पॉट किया है। वॉट्सऐप अपने यूजर्स के लिए जो नए फीचर लाने वाला है, उनमें डिसपिरिंग मेसेज बेहद अहम होगा। यह वॉट्सऐप यूज करने के हमारे तरीके को बदल देगा। माना जा रहा है कि यह वॉट्सऐप में अगले साल आने वाला सबसे बड़ा फीचर होगा। यह फीचर इस साल अक्टूबर में ऐंड्रॉयड ऐप (12.19.275) के बीटा वर्जन में Disappearing Messages के रूप में स्पॉट हुआ था। इसके बाद नवंबर में यह फीचर डिलीट मेसेज के रूप में ऐप के बीटा वर्जन (2.19.348) में देखा गया।

संसदीय जीवन के आदर्श पुरूष : अटल जी

\- चन्द्रशेखर साहू

श्री वाजपेयी को ''कैदी कविराज की कुंडलिया', 'न्यू डाइमेंशंस ऑफएशियन फॉरेन पॉलिसी' 'मृत्यु या हत्या', 'जनसंघ और मुसलमान' और 'मेरी इक्यावन कविताएं' नामक पुस्तकें लिखने का श्रेय प्राप्त है। 1992 में प्रकाशित 'संसद में तीन दशक' के तीन खंडों को समाहित करते हुए और उनमें सम्मिलित होने से रह गए और उसके बाद आपने सन् 57 से अब तक लोकसभा और राज्यसभा में जितने महत्वपूर्ण भाषण दिए हैं, वे सब 'मेरी संसदीय यात्रा' के इन चार खंडों के प्रकाशन के साथ ही पुस्तक रूप में पाठकों तक आ चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मंत्री मंडल के हुई बैठक में 24 दिसम्बर 2014 को श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को भारत रत्न देने का महत्वपूर्ण घोषणा कि गई और 2015 में प्रधानमंत्री जी के अध्यक्षता में हुई मंत्री मंडल की बैठक में भारत रत्न का अलंकरण प्रदान करने हेतु निर्णय लिया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी एक-राष्ट्र नायक और विश्व नेता थे, जिन्होंने भारत के समाज जीवन एवं राष्ट्र जीवन में सर्वाधिक योगदान दिया।

जीवन परिचयः-

आपका जन्म 25 दिसम्बर 1924 को ग्वालियर, मध्यप्रदेश में हुआ था। आपके पिता का नाम श्री .ष्ण बिहारी वाजपेयी था। एक भरे-पूरे परिवार के सदस्य श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने विक्टोरिया (अब लक्ष्मीबाई) कॉलेज, ग्वालियर और डी.ए.वी. कॉलेज, कानपुर में अपनी पढ़ाई पूरी की। श्री वाजपेयी जी ने राजनीतिशास्त्र से एम.ए. तक की पढ़ाई की। आप 1942 के स्वतंत्रता आंदोलन में गिरतार हुए थे और कुछ दिन जेल में रहे थे। श्री वाजपेयी जी ने एक पत्रकार के रूप में अपना जीवन शुरू किया, 1947-50 के दौरान ''राष्ट्र धर्म'', 1948-50 के दौरान ''पाज्चजन्य'' (साप्ताहिक), 1949-50 के दौरान ''स्वदेश'' (दैनिक) तथा 1950-52 के दौरान ''वीर अर्जुन'' (दैनिक तथा साप्ताहिक) के संपादकों के पदों को सुशोभित किया।

1951 में श्री वाजपेयी जी जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे तथा 1968-73 के दौरान आप इसके अध्यक्ष रहे। वाजपेयी जी 1977 में जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से थे। जनता पार्टी की सरकार में 1977-79 के अवधि के दौरान आपने विदेशमंत्री के पद को सुशोभित किया। इसके बाद वाजपेयी जी 1980 में भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे तथा 1980-86 के बीच आप इसके अध्यक्ष पद पर आसीन रहे। आप 1980-84 तथा 1986-91 में भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल के नेता थे। लोकसभा या राज्यसभा के सदस्य के रूप में आप 1957 से लेकर 2009 तक लगातार संसद सदस्य रहे। 1991-96, दसवीं लोकसभा में आप नेता प्रतिपक्ष रहे। ग्यारहवीं लोकसभा के गठन के तुरंत बाद आप 16 मई, 1996 से 28 मई, 1996 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। जून 1996 से फरवरी 1998 तक ग्यारहवीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे। 19 मार्च 1998 से लेकर 22 मई 2004 तक भारतीय गणतंत्र के प्रधानमंत्री रहे।

सन् 1984 को छोड़कर वाजपेयी जी पिछले 47 वर्षों के लंबे कालखण्ड में संसद के किसी-न-किसी सदन के सदस्य रहे। चार दशकों से भारतीय संसद में अपनी गौरव पूर्ण उपस्थिति से वाजपेयी जी ने देश और संसद की गरिमा की श्रीवृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

संसदीय जीवनः-

श्री वाजपेयी जी 1966-67 के दौरान सरकारी आश्वासन संबंधि समिति के, 1969-70 और 1991-92 के दौरान लोकलेखा समिति तथा 1990-91 के दौरान याचिका- समिति के अध्यक्ष रहे। 1965 में पूर्वी अफ्रीका गए संसदीय सद्भावना मिशन के, 1983 में यूरोपीय संसद में संसदीय शिष्टमंडल के; कनाडा (1966), जांबिया (1980), आइल ऑफमैन (1984) में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में शिष्टमंडल के' जापान (1974), श्रीलंका (1975), स्वीट्जरलैंड (1984) में आयोजित अंतर संसदीय यूनियन सम्मेलन में भारतीय शिष्टमंडल के तथा 1988 से 1994 और 1996 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारतीय शिष्टमंडल के आप सदस्य रहे हैं। अनेक अवसरों पर आप राष्ट्रीय एकता परिषद के सदस्य रह चुके हैं। फरवरी 1994 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिंह राव के विशेष आग्रह पर आपने जेनेवा में मानवाधिकारों के सम्मेलन में न केवल भारत का प्रतिनिधित्व किया अपितु प्रतिपक्ष के नेता द्वारा सरकार का पक्ष प्रस्तुत किए जाने की यह घटना अपने आपमें वहां उपस्थित सभी राष्ट्र प्रमुखों के लिए आश्चर्य और भारत के लोकतंत्र के प्रति निष्ठा और विश्वास कर अवसर बनी। 1995 में संयुक्त राष्ट्र की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आयोजित विशेष सत्र में भी वाजपेयी जी ने देश के दल का नेतृत्व किया। विदेश मामलों की समिति के चेयरमैन के रूप में भी वाजपेयी जी ने 1997 में बहरीन, कुवैत और संयुक्त राष्ट्र अरब अमीरात की यात्रा की। श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने स्वतंत्रा आंदोलन में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। 1942 में आपको ब्रिटिश हुक्मरानों ने जेल भेजा। आपातकाल के पूरे दौर में 1975 से 77 तक आप जेल मे रहे। राष्ट्र के प्रति समर्पित सेवाओं के लिए राष्ट्रपति ने 1992 में ''पदम् विभूषण'' से विभूषित किया। 1993 में कानपुर विश्वविद्यालय ने फिलॉसफी में डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की। 1994 में ''लोकमान्य तिलक'' पुरस्कार दिया गया। 1994 में ''सर्वश्रेष्ठ सांसद'' चुना गया और ''गोविंद वल्लभ पंत'' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 26 नवबंर, 1998 को सुलभ इंटरनेशनल फाउंडेशन ने वर्ष 97 के सबसे ईमानदार व्यक्ति के रूप में चुना। उपराष्ट्रपति श्री .ष्णकांत ने इस पुरस्कार से सम्मानित किया। 1957-1962 दूसरी लोकसभा, बलरामपुर (उ.प्र.) का प्रतिनिधित्व। 1962-1967 राज्यसभा, उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व। 1967-1971 चैथी लोकसभा, बलरामपुर (उ.प्र.) का प्रतिनिधित्व। 1972-1977 पांचवी लोकसभा, ग्वालियर (म.प्र.) का प्रतिनिधित्व। 1977-1979 छठी लोकसभा, नई दिल्ली का प्रतिनिधित्व, जनता सरकार में भारत के विदेश मंत्री। 1979-1984 सातवीं लोकसभा, नई दिल्ली का प्रतिनिधित्व। 1986-1991 राज्यसभा, मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व। 1991-1996 दसवीं लोकसभा, लखनऊ (उ.प्र.) का प्रतिनिधित्व, सदन में प्रतिपक्ष के नेता। 1996-1998 ग्यारहवीं लोकसभा, लखनऊ (उ.प्र.) का प्रतिनिधित्व, 16 से 28 मई, 1998 तक भारत के प्रधानमंत्री, तदनंतर फरवरी 1998 तक प्रतिपक्ष के नेता। संप्रति मार्च 1998 से बारहवीं लोकसभा, लखनऊ (उ.प्र.) का प्रतिनिधित्व, भारत के प्रधानमंत्री।



छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता,
टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता।।

''हानि-लाभ के पलड़ों में
तुतला जीवन व्यापार हो गया,
मोल लगा बिकने वाले का,
बिना बिका बेकार हो गया,
मुझे हाट में छोड़ अकेला
एक-एक कर मीत चला
जीवन बीत चला।''

सच कहना अगर बगावत है !

कनक तिवारी

सच बियाफ्रा, चेचन्या, सोमालिया जैसे देशों की हड्डियों में घुस गया है। उन्हें तोड़े बिना बाहर नहीं निकलता। सच यीशु को चाहता है। यीशु पुत्र बनने का दावा करने वाले साम्राज्यवादी मुल्कों से सच भी डरता है। सच की सफेद कबीरी चादर ईसा मसीह के जिस्म से लिपटी है। उस पर दाग या धब्बा नहीं था। अपने जन्मदिन रात को केक खाते, अपना बपतिस्मा कराते और दुनिया से क्षमाशील मुद्रा में उठ गए ईसा की दुनिया की हालत उसके बेटों ने कैसी कर रखी है। सच के लिए बड़ा दिन भी कितना छोटा हो गया है, यीशु!

आज 25 दिसम्बर है। सत्य की सलीब पर बिंधने वाले संसार के इतिहास की सबसे पीड़ा भरी कुरबानी देने वाले यीशु का जन्मदिवस। सत्य के लिए सुकरात ने जहर पिया। हरिश्चंद्र ने परिवार की बलि चढ़ा दी। मोरध्वज ने बेटे को आरी से चीरा। युधिष्ठिर ने कलंक झेला। गांधी ने सत्य के साथ प्रयोग किए। संसार में केवल ईसा सलीब पर तिलतिल कर मरे। उससे ज्यादा तकलीफदेही की कल्पना नहीं की जा सकती। इसीलिए आज का दिन बड़ा कहलाता है। भूगोल और खगोल बताते हैं आज का दिन सबसे छोटा होता है। आज रात सबसे लम्बी रात होती है। दो हजार बरस पहले ईसा के जन्मदिन रात सबसे बड़ी रही थी। रात अंधकार की चादर है और दिन रोशनी का चेहरा। सबसे छोटा दिन सबसे बड़ा क्यों कहलाता है? सच की रोशनी अंधियारे की छाती चीर देती है। यीशु ने ऐसा इतिहास गढ़ा कि उनके अनुयायी गोरे देश बनकर हुकूमत कर रहे हैं।

आज नशे में बेलौस होकर धींगामस्ती करने का भी दिन बना दिया गया है। यह तो यीशु की आत्मा का सम्मान नहीं। सच यही है कि सच का ही दिन आज है। बैतलहम, येरुशलम बल्कि पूरा फिलस्तीनी इलाका खूंरेजी का शिकार है। ईसा, यहोवा और पैगम्बर में शीतयुद्ध है। रोमन कैथोलिक, एगनॉस्टिक्स, प्रोटेस्टेन्टस और प्रेसबिटेरियन जैसे खेमों में बंटे ईसा के अनुयायियों के हाथ कत्लेआम से भी रंगे हैं। मुख में ईसा है और बगल में आतंकवाद। अमेरिकी और अंग्रेज अपने को बाइबिल का अध्येता, प्रवक्ता और भाष्यकार मानते हैं। विरोधियों को बाइबिल की भाषा में दंड देने का हुक्म दागते हैं। ईसा लाचार हैं, निरुत्तर हैं। सच के लिए ईसा शूली पर चढ़े। सच सरेआम जिबह हो रहा है। ईराक में घातक हथियार नहीं निकले। फिर भी हजारों इराकी मौत के घाट उतार दिये गये। अफगानिस्तान के लाखों बच्चे और औरतें यतीमों से भी गई गुजरी हालत में हैं। निकारागुआ में अनावश्यक कत्लेआम हुआ। वियतनाम ने क्या गुनाह किया था यीशु? हो ची मिन्ह जाबांज नेता था। तुम्हारे कौल की रक्षा हो गई। थाइलैंड में अमेरिकी सैनिकों ने पीढ़ियों के चरित्र का बलात्कार कर बरबाद कर दिया। तुम्हारे सत्य के कथित पंडे जहरीली दवाइयां, ड्रग्स और हथियार बेचे पड़े हैं। उनके लिए मनुष्य हाड़ मांस का पिंड भर है। टेलीविजन में अधनंगी औरतों के बचे खुचे कपड़े उतारे पड़े हैं। कई देशों के बेहतर बुद्धि के इन्सान इन गोरों के बन्धक हैं। अपनी मातृभूमियों पर अमेरिका के मुंह से थूक भी रहे हैं।

भारत में हालत बुरी है। आदिवासियों, दलितों का गरीबी और अशिक्षा के कारण धर्मपरिवर्तन किया जा रहा है। फादर स्टेन्स की हत्या हो गई। ईसाई ननों का बलात्कार किया जा रहा है। तुम्हारे जन्मदिवस के एवज में अच्छी खासी छुटिटयां भी मिलती हैं, प्रभु। शराब जीवन पर हावी हो गई है कि जीवन मदिरा ही सूख रही है। तुम्हारी ईसाइयत का पारिवारिक कानून बेहद तंगदिल है। यदि अलबत्ता ईसाई शैक्षणिक संस्थाएं और अस्पताल नहीं होते, तो गरीबों की हालत और खस्ता हो जाती। हे यीशु! भारत ने संविधान में धर्मनिरपेक्षता के अक्स को परवान चढ़ाया। मदर टेरेसा को भारत रत्न से नवाजा। तुम्हारी पुत्रियों एनी बेसेन्ट, श्री मां और भगिनी निवेदिता में नेता, मां और बहन को देखा।

दुनिया का भविष्य ईसा के कन्धों पर है। उनके विक्रम कंधों पर अमेरिकी बैताल बैठा है। वैश्वीकरण की आड़ में उनके आदर्शों का खात्मा कर रहा है। उसके लोकतंत्र के सामने खतरनाक अधिनायकवादों को भी पानी भरना पड़ रहा है। उसका इरादा ईरान, भारत और उत्तरी कोरिया की ओर कूच करने का लगता है। बम फोड़ने के साथ अभिशप्त लोगों को ही मुफ्त बाइबिल भी बांटता है। पूरे संसार से कहता है या तो उसका दोस्त बने या दुश्मन। वह लोकतंत्र में विश्वास नहीं करता। फिर भी ईसा का अनुयायी होने का दावा करता है। भारत में गांधी में तुम जिए। मजहबी विचारधारा वाले ने उनकी हत्या की। इन्दिरा और राजीव गांधी की भी। आदिवासियों, मुफलिसों के हक के लिए लड़ते इन्सानों को वे लोग अर्बन नक्सल कहते हैं जो रोज केवल झूठ बोलते रहते हैं।

लोकजीवन में सच का खात्मा हो रहा है। ईसा मसीह का हैप्पी बर्थ डे करोड़ों झूठनारायण मना रहे हैं। अदालतों के खिलाफ सच बोलने पर भी उनकी अवमानना होती है। सत्यवाचक को सजा होती है। बचना हो तो बिना शर्त माफी गिड़गिड़ाने की शैली में मांगनी पड़ती है। मसलन अरुंधति राय और प्रशांत भूषण ने ईसा को ठीक से पढ़ा है। माफी नहीं मांगी, तो नहीं मांगी। सच का हलफ उठाकर मंत्री, अफसर, जज घूस खाए जा रहे हैं। फोटो खिंचवाते घूस खाने का नया फैशन है। फिर भी मूंछें ऐंठी जा रही हैं। भ्रष्टाचारी मक्का मदीना भी जा रहे हैं। अंततः कुम्भीपाक नरक में सड़ना होगा, वे कुम्भ नहा रहे हैं। सच बेचारा रिक्शे वालों के पसीने, विधवाओं के आंसुओं और सैनिकों के खून में छिपा बैठा खुद को हलाक होता देख रहा है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मुफ्त के जोश में

सुनो न, मुफ्त के जोश में होश मत खोया करें, जीत के जश्न में न डूबें, होने वाली हार से डरें। बहुत हो चुकी बेदिली की बातें मेरे दोस्तों अब- दिलों को जीतने की मिल सार्थक कोशिशें करें।।

\- गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश

कुछ इस तरह से

सुनो कुछ इस तरह से तरस जाती हूँ कभी कभी तुम्हारे मुंह से अपना सुनने के लिए कि दिल करता है तुम्हारी आवाज के सिक्के ढलवा लूं, जब दिल चाहे मुट्ठी में भर के खनखना लूं. आँचल के छोर में बाँध कर दिन भर घूमूं. सुनो तुम बहुत याद आते हो।

\- रितु शर्मा

खास पाती | हुआ गुमशुदा फासले के लिए

हुआ गुमशुदा फासले के लिए भी। हुई खलबली फिर पते के लिए भी। चला फिर पता कौन करता फ़िक्र है, यहां आज इस दिलजले के लिए भी। करा जो करे था बहुत बदगुमानी, था लाचार अब आसरे के लिए भी। डगर एकटक कौन तकता रहा था। हुई ना ख़बर बावरे के लिए भी। बहुत दिन गुजारे कशमकश बड़ी थी, नहीं कुछ बचा बांटने के लिए भी। लगा आज मंजिल मिली है सफ़र में, शुक्रिया रब किया हौसले के लिए भी।

\- डॉ दीपा गुप्ता

ये तेरे मेरे शहर का जो फासला है

ये तेरे मेरे शहर का जो फासला है इसमें हमारे बीच दूरियों की एक नदी सी बहती है और ये सदियों का सच है कि नदी के दो किनारे कभी मिलते नहीं और कभी मिल भी जाए तो सैलाब आता है साथ तबाही लाता है तो अच्छा है, नदी मीठे पानी के साथ बहती रहे तेरे मेरे शहर के बीच हमें थोड़ा तर करती हुई । हमारे एहसासों की हर एक पंखुड़ियों को नम करती हुई।

\- अनामिका चक्रवर्ती

शिक्षा के वृक्ष की अध्यन रूपी जड़ें

शिक्षा के वृक्ष की अध्यन रूपी जड़ें भले ही कड़वी हों परन्तु धैर्य की ऋतु में शिक्षा के वृक्ष से उत्पन्न सफलता के फल की मिठास पूरे समाज तक फैल जाती है। विद्यार्थी जीवन के अलावा भी शिक्षा से जुड़े व्यक्ति नित नवीन ज्ञान अर्जित करते रहते हैं।

\- सुनील शुक्ला

सरकारी सम्पत्ति का कस्टोडियन कौन?

सरकारी सम्पत्ति का कस्टोडियन कौन ? यदि सरकारी सम्पत्ति का नुक़सान कोई करता है तो उसकी भरपाई की जिम्मेदारी किसकी ? यदि कोई सरकारी सम्पत्ति का नुक़सान करने वालों को ही पारितोषिक वितरण करने लगे तो ऐसे व्यक्ति का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए। और ऐसे व्यक्ति की भी सम्पत्ति सरकारी सम्पत्ति की क्षति पूर्ति हेतु जब्त कर लेनी चाहिए। **- नवीन शंकर शर्मा**

अंगूठी सब्र की ढीली हुई यारो

अंगूठी सब्र की ढीली हुई यारो, हवस की बिछिया पैरों से बंधी यारो। सफ़र भर हमसफ़र बन के चला है जो, वही करने लगा है रहजनी यारो। मुहब्बत की किताबों में नहीं अब दम, सियाही बेवफ़ाई से भरी यारो। लकीरों की इबादत में जुटे हम सब, मेरी तेरी में ये दुनिया बंटी यारो। **- डॉ संजय दानी**

कभी आओ मनाने के लिए मुझे

कभी आओ मनाने के लिए मुझे कुछ पल हँसाने के लिए समझ लो रेत मुट्ठी की मुझे फिसल जाऊँ, न आने के लिए हवा है सर्द काफी इन दिनों है काफी, दिल जलाने के लिए मेरे सीने में अक्सर शोर है मेरे कुछ गम दबाने के लिए मैं कैसे गुनगुनाऊँ ओ सनम नहीं हो तुम, बहाने के लिए।

\- यू एस मिश्रा स्वप्निल

किसी के आगे झुक जाने से

गर मुझे मालूम होता किसी के आगे झुक जाने से वो और तनकर खड़ा होगा, किसी के लिए रुक जाने पर राह में और बखेरा होगा, हम कुछ और करते गर मुझे मालूम होता। **- पूनम झा**

लघु कथा

कालचक्र का बहाव

जी हां साथियों इस कालचक्र के घेरे को कौन समझ पाया है भला भूतकाल, वर्तमानकाल और भविष्यकाल इनके घेरों से मनुष्य को ताउम्र गुजरना पड़ता है और काल के इस बहाव में हम उस परिस्थिति का सामना करते चले जाते हैं । जीवन के इस काल में प्रेम रस का आनंद कौन नहीं लेना चाहता, प्रेम शब्द ही स्वयं इतना प्यारा है कि इसका भाव कभी भी किसी क्षण व्यक्ति विशेष में समाहित हो सकता है। निश्चल प्रेम का ही समावेश होने के कारण ही भूत, वर्तमान और भविष्य की चिंता न करते हुए इसके उतार-चढ़ाव में मानव बहता चला जाता है । ऐसा ही कुछ घटित हुआ था सोहन शर्माजी के साथ । कभी-कभी वे अपने करीबी दोस्त रमेश के पास अपना अतीत याद करते तो आंसू स्वयं ही छलक पड़ते। रमेश को भी बहुत बुरा लगता पर वह भी बेचारा क्या करे इस काल के आगे चली है किसी की भी मर्जी अब तो शर्माजी की भी उम्र हो चली थी, तो बस छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर अपना गुजारा करते, औलाद तो कोई थी नहीं जो परवाह करें वे किसी की । साथ ही रमेश की प्यारी सी बिटिया खुशी, जैसा नाम वैसा ही गुण ज.सदैव स्वयं हंसते रहती और दूसरों को भी खुशी देने की कोशिश करती । वह अपनी मां रमा के काम में भी हाथ बंटाती । रमा ऑफीस वालों के लिये भोजन बनाकर टिफिन पहुंचाने का काम करती, सुहानी को किया हुआ वादा जो पूरा करना था । फिर खुशी कभी-कभी स्कूल जाते समय टिफिन पहुंचाने में सहायता कर देती । शर्माजी का अब एक ही सपना था कि बची-खुची जिंदगी में इन छोटे बच्चों का जीवन संवर जाएं और खुशी को भी जीवन की असली खुशी मिल सके।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1642 - महान गणितज्ञ, भौतिक वैज्ञानिक, ज्योतिर्विद एवं दार्शनिक आइज़ैक न्यूटन का जन्म। 1763 - भरतपुर के महाराजा सूरजमल की हत्या। 1771 - मुग़ल शासक शाह आलम द्वितीय मराठाओं के संरक्षण में दिल्ली के सिंहासन पर बैठे। 1861 - महान स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ, शिक्षाविद और एक बड़े समाज सुधारक पंडित मदनमोहन मालवीय का जन्म। 1872 - संस्कृत भाषा के प्रकाण्ड पंडित गंगानाथ झा का जन्म, इन्होंने हिन्दी, अंग्रेज़ी और मैथिली भाषा में दार्शनिक विषयों पर उच्च कोटि के मौलिक ग्रन्थों की रचना की। 1876 - पाकिस्तान के संस्थापक एवं ब्रिटिशकालीन भारत के प्रमुख नेता और 'मुस्लिम लीग' के अध्यक्ष मुहम्मद अली जिन्ना का जन्म।

निगम चुनाव में भाजपा के 20 साल के किले को कांग्रेस ने ढहाया

60 वार्ड में 30 पर कांग्रेस व 16 पर भाजपा जीती

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम में भाजपा के 20 साल से बने किले को कांग्रेस ने नेस्तनाबूत कर दिया है। शहर की जनता ने पिछले विधानसभा चुनाव की तर्ज पर निगम चुनाव में भी भाजपा का बोरिया बिस्तर समेट दिया है। अब निगम में कांग्रेस का महापौर होगा। शहर के 60 वार्ड में 30 पर कांग्रेस के पार्षद निर्वाचित हुए है। वही भाजपा को मात्र 16 वार्ड में जीत हासिल हुई है। 13 वार्ड में निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए है और एक वार्ड में जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी ने चुनाव जीता है। इस हार को अप्रत्यक्ष रुप से भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव सरोज पाण्डेय की पराजय माना जा रहा है। टिकट वितरण का सारा काम सुश्री पाण्डेय ने ही किया था।

नगर निगम के 60 वार्डो में हुए चुनाव के परिणाम में 30 वार्डो में कांग्रेस, 16 वार्डों में भाजपा एवं 1 वार्ड जोगी कांग्रेस एवं 13 वार्डो में निर्दलीय प्रत्याशियों को जीत मिली हैं। महापौर के प्रत्यक्ष चुनाव के चलते पिछले 4 कार्यकाल में भाजपा का महापौर बनते आया हैं। सत्ता बदलने के साथ ही दुर्ग नगर निगम महापौर का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से होने जा रहा हैं। जिसके चलते पार्षद चुनाव को लेकर कांग्रेस भाजपा ने पूरी धम खम के साथ अपना प्रत्याशी उतारे। किंतु दोनों ही दलो को अपने बागियों का सामना करना पड़ा जिसके चलते यहां भाजपा की करारी हार हुई हैं। वहीं कांग्रेस को महापौर बनाने स्पष्ट बहुमत मिल गया हैं। चुनाव परिणाम के बाद दुर्ग नगर निगम चुनाव के 60 वार्डो में वार्ड 1. नयापारा मनीष साहू भाजपा-विजयी, 2.राजीव नगर चमेली साहू भाजपा- विजयी , 3. मठपारा नरेन्द्र वंजारे भाजपा- विजयी . 4. गयानगर लीला दिनेश देवांगन भाजपा - विजयी . स5. मरारपारा सत्यवती विजयंत पटेल कांग्रेस-विजयी, 6. ठेठवारपारा राजेश यादव कांग्रेस- विजयी , 7. शिक्षक नगर मनदीप सिंह भाटिया कांग्रेस- विजयी, 8. तकियापारा अब्दुल गनी कांग्रेस-विजयी, 9. गिरधारी नगर विजेन्द्र भारद्वाज कांग्रेस- विजयी, 10. शंकर नगर चंदशेखर चंद्राकर भाजपा-विजयी, 11. शंकरनगर सतीश देवांगन निर्दलीय- विजयी, 12. नया आमापारा अजीत वैद भाजपा- विजयी, 13. आमापारा संजय कोहले कांग्रेस- विजयी, 14.सिकोलाभाठा शंकर सिंह ठाकुर कांग्रेस-विजयी, 15. सिकोला बस्ती उषा ठाकुर निर्दलीय- विजयी, 16. कर्मचारी नगर खिलावन मटियारा निर्दलीय-विजयी, 17. औ.नगर उ.देवनारायण चंद्राकर भाजपा-विजयी, 18. आद्यौगिक नगर निर्मला साहू कांग्रेस-विजयी, 19. तितुरडीह कांशीराम रात्रे कांग्रेस-विजयी, 20. आदित्य नगर अमित देवांगन कांग्रेस-विजयी, 21. तितुरडीह अरुण सिंह निर्दलीय-विजयी, 22. स्टेशन पारा

शहरी सरकार पर कांग्रेस का कब्जा

कांशीराम कोसरे भाजपा-विजयी, 23.दीपक नगर मीना सिंह निर्दलीय- विजयी, 24.आमदी मंदिर नरेश तेजवानी भाजपा-विजयी, 25. गायत्री मंदिर राजकुमार नारायणी कांग्रेस-विजयी, 26. संतरावाड़ी सत्यवती वर्मा कांग्रेस-विजयी, 27. पोलसाय पारा मनीष बघेल कांग्रेस-विजयी, 28. पचरीपारा ओमप्रकाश सेन भाजपा- विजयी, 29. अस्पताल वाई बबीता यादव निर्दलीय-विजयी, 30. तमेरपारा भोला महोबिया कांग्रेस-विजयी, 31. आपापुरा मदन जैन कांग्रेस-विजयी, 32. ब्राहाणपारा वार्ड धीरज बाकलीवाल कांग्रेस-विजयी, 33, चंडी मंदिर शशि द्वारिका साहू भाजपा-विजयी, 34. शिवपारा कमल देवांगन निर्दलीय-विजयी, 35. रामदेव मंदिर वाई इंद्राणी साहू निर्दलीय- विजयी, 36. गंजपारा ऋषभ जैन(बाबू) कांग्रेस- विजयी, 37. आजाद वार्ड श्रद्धा सोनी कांग्रेस-विजयी, 38. मीलपारा नीता जैन निर्दलीय-विजयी, 39. कचहरी वार्ड पुष्पा गुलाब वर्मा भाजपा-विजयी, 40. सुराना कॉलेज नजहत परवीन कांग्रेस-विजयी, 41. केलाबाड़ी हमीद खोखर कांग्रेस- विजयी, 42. कसारीडीह पश्चिम मनी गीते कांग्रेस- विजयी, 43.कसारीडीह पूर्व दीपक साहू कांग्रेस-विजयी, 44. गुरुघासीदास वार्ड प्रकाश जोशी, जोगी कांग्रेस-विजयी, 45. पद्मनाभपुर पूर्व हेमा शर्मा भाजपा-विजयी, 46.पद्मनाभपुर कमला शर्मा कांग्रेस-विजयी, 47. सिविल लाइन उत्तर कविता तांडी निर्दलीय- विजयी, 48. सिविल

लाइन द. महेश्वरी ठाकुर कांग्रेस-विजयी, 49. बोरसी पश्चिम भास्कर कुंडले निर्दलीय- विजयी , 50. बोरसी पूर्व ज्ञानदास बंजारे कांग्रेस-विजयी, 51. बोरसी उत्तर प्रेमलता साहू कांग्रेस- विजयी, 52. बोरसी दक्षिण गायत्री साहू भाजपा विजयी, 53. पोटियाकला उत्तर अजय वर्मा भाजपा- विजयी, 54 पोटियाकला दक्षिण अनुप चंदानिया कांग्रेस- विजयी, 55 पुलगांव हेमेश्वरी निषाद निर्दलीय-विजयी, 56. बघेरा कुमारी साहू भाजपा विजयी, 57 उरला पश्चिम जमुना साहू कांग्रेस-विजयी, 58 उरला पूर्व बृजलाल पटेल कांग्रेस विजयी, 59. कातुलबोर्ड पूर्व शिवेन्द्र परिहार निर्दलीय विजयी, 60 कातुलबोर्ड पश्चिम जयश्री जोशी कांग्रेस- विजयी।

भिलाई निगम उपचुनाव में दोनों सीटों पर भाजपा का कब्जा

नगर निगम भिलाई के दो वार्डो के उपचुनाव में भाजपा ने अपनी सीट बरकरार रखी। नेहरू नगर वार्ड 3 से भाजपा के जय प्रकाश यादव व शांतिनगर वार्ड 10 से भाजपा की श्रीमती प्रमिला दुबे ने जीत हासिल किया। नेहरू नगर वार्ड 3 के भाजपा पार्षद राकेश अरोरा व शांतिनगर वार्ड 10 की भाजपा पार्षद माधुरी ललित मोहन के निधन की वजह से सीटें खाली हुई थी जिस पर 21 दिसंबर को मतदान हुआ। नेहरू नगर वार्ड 3 से कॉंग्रेस के अतुल श्रीवास्तव, भाजपा के जयप्रकाश यादव के अलावा संतु यादव एवं एमएन चुनाव मैदान में थे। भाजपा के जयप्रकाश यादव ने सीधे मुकाबले में कॉंग्रेस के अतुल श्रीवास्तव को 34 मतों से पराजित किया। जयप्रकाश यादव को 2742, कॉंग्रेस के अतुल श्रीवास्तव को 2708, संतु यादव को 197, एमएन 139, नोटा को 64 एवं अविधिमान्य मत 70 पड़े थे। नेहरू नगर वार्ड में 5920 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया था। नेहरू नगर वार्ड में भाजपा के जयप्रकाश यादव सुबह से ही प्रथम चक्र की गणना से ही अपने प्रतिद्वंदी कॉंग्रेस के अतुल श्रीवास्तव से बढ़त बनाये हुए थे जो अंतिम चक्र की गणना तक कायम रहा। इसी प्रकार वार्ड 10 शांतिनगर वार्ड में भाजपा की प्रमिला दुबे ने कॉंग्रेस की रीता साकेत कुशवाहा को सीधे मुकाबले में 378 मतों से पटकनी दी। प्रमिला दुबे को 1899 एवं रीता साकेत कुशवाहा को 1521 मत मिला, 72 मतदाताओं ने नोटा पर वोट दियाए इस प्रकार उप चुनाव में भी भाजपा ने दोनों सीट जीत कर अपनी सीट पर कब्जा बरकरार रखा।

गुरू के गढ़ में राजमहंत डाहरे की जीत, अहिवारा में भाजपा का कब्जा

अहिवारा नगर पालिका के 15 वार्डों में से 10 वार्डों में भाजपा की एतिहासिक जीत ने सरकार की विफ्लताओं तहसील कार्यालय एवं बिजली ऑफिस के अन्यत्र स्थानांतरित करने से अहिवारा की जनता में भारी आक्रोश थी, जिसका परिणाम कांग्रेस को अहिवारा में भुगतान करना पड़ा। जिन घोषणाओं के बदौलत प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी, उनकी तमाम घोषणा विफ्ल रही। विधानसभा चुनाव में जिस गुरू नें राजमहंत को हराया लोकसभा एवं नगर पालिका चुनाव में राजमहंत नें गुरू को हराया। नगर पालिका वार्ड क्रं.1 से भाजपा के अशोक बाफ्ना, वार्ड क्रं.2 अनुज साहू, वार्ड क्रं.3 से अरूण बंजारे, वार्ड क्रं.4 से भगवानदास ठाकुर, वार्ड क्रं.5 से शिब्बू अग्रवाल, वार्ड क्रं.6 से नटवर ताम्रकार, वार्ड क्रं.12 से शिवकुमारी कुशवाहा, वार्ड क्रं.13 डी.जी.टडंन, वार्ड क्रं.14 चुम्मन जोशी, वार्ड क्रं.15 में मुकेश्वरी साहू की जीत हुई। कांग्रेस को मात्र 4 सीट से ही संतोष करना पड़ा। जबकि वार्ड क्रं.9 से निर्दलीय प्रत्याशी को विजय प्राप्त हुई। चुनावी प्रभारी सुरेन्द्र पाटनी और पूर्व विधायक राजमहंत सांवलाराम डाहरे ने अहिवारा नगर पालिका के समस्त कार्यकर्ता एवं आम नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

न्यूज गैलरी

शंकराचार्य में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन

भिलाई। छात्रों की संवाद क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन किया। कॉलेज की वेबसाइट पर पंजीकरण फॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध था, कुल 75 छात्रों ने पाठ्यक्रम के लिए पंजीकृत किया जिसमें 50 छात्रों ने पाठ्यक्रम में पंजीकृत किये गयें। महाविद्यालय की निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. रक्षा सिंह ने सर्टिफिक्रेट कोर्स की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों को अपने स्किल ग्रोथ के लिए जरूरी कम्युनिकेशन स्किल्स को कुशल बनाने के लिए ऐसे प्रोग्राम बहुत जरूरी हैं।

साफ-सफाई

दुर्ग। निगम द्वारा शहर के 60 वार्डो के 28 जगहों पर स्थित खाली प्लाट और खुले मैदानों में फैले हुए एक-एक झिल्ली पन्नी को चुन-चुन कर उठाया जा रहा है और शहर की सफाई की जा रही है आयुक्त ने शहर की समस्त आम नागरिकों से कहा है कि वह अपने वार्ड क्षेत्र के स्थित खाली प्लाट में या कोई भी मैदान या सड़क और नाली किनारे किसी भी प्रकार से कचरा ना डालें झिल्ली पन्नी और कागज ना फेंके। नगर निगम ऐसे जगहों में बेगार के माध्यम से अभियान चलाकर कचरे को चुना जा रहा है।

जैन, गनी व बाकलीवाल जीते, शर्मा की हुई हार

महापौर के दावेदारों के वार्ड में रहा दिलचस्प मुकाबला

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम के चुनाव में कांग्रेस के चार प्रमुख दावेदारों में तीन को जीत हासिल हुई है वही एक अन्य को पराजय का सामना करना पड़ा है। निगम महापौर के प्रमुख दावेदार मदन जैन, अब्दुल गनी, धीरज बाकलीवाल चुनाव जीत गए है। राकेश शर्मा को निर्दलीय प्रत्याशी भास्कर कुण्डले ने पराजित कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि मदन जैन आपापुरा वार्ड 31 से चुनाव जीते है जबकि अब्दुल गनी तकियापारा वार्ड 08 से पार्षद निर्वाचित हुए है। शहर की सबसे हाई प्रोफाइल सीट ब्राम्हण पारा वार्ड 32 से धीरज बाकलीवाल ने भाजपा के परंपरागत कब्जे वाले गढ़ में कांग्रेस का झण्डा फहरा दिया है। विद्युत नगर वार्ड से कांग्रेस के प्रत्याशी व महापौर के दावेदार राकेश शर्मा निर्दलीय प्रत्याशी से हार गए है। उक्त चारो वार्ड के चुनाव परिणाम पर सबकी नजर थी। आपापुरा वार्ड में मदन जैन कांग्रेस से बगावत करके मैदान में उतरे अमृत लोढ़ा जूझ रहे थे लेकिन उन्होने चतुराई से जीत हासिल कर ली। श्री जैन शुरु से ही बढ़त बनाए हुए थे। तकियापारा वार्ड से महापौर के दावेदार अब्दुल गनी ने भारी मतों विजयी हुए है। श्री गनी पहले राउण्ड में निर्दलीय प्रत्याशी विल्सन डिसूजा से पिछड़ गए थे लेकिन बाद में जबरदस्त बढ़त बनाई। संभवतः श्री गनी निगम के 60 वार्डो में सबसे अधिक मतो के अंतर से जीतकर कांग्रेस के पार्षद निर्वाचित हुए है।

ब्राम्हण पारा वार्ड 32 का चुनाव सबसे कठिन रहा है। यहां कांग्रेस पिछले दो चुनाव में लगातार पराजित हुई है। इस वार्ड को भाजपा का सबसे मजबूत वार्ड माना जाता है। लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी धीरज बाकलीवाल ने कांग्रेस को जीत दिलाकर एक नया इतिहास बना दिया है। पहले और दूसरे राउण्ड में श्री बाकलीवाल ने भाजपा को बढ़त नही बनाने दिया और 25 व 19 मतो से पीछे रहे लेकिन आखरी राउण्ड में 34 मतो से जीत हासिल कर ली। इस वार्ड से भाजपा भारी मतो से चुनाव जीतती रही है लेकिन भाजपा को इस बार पराजय का सामना करना पड़ा।

विद्युत नगर वार्ड 49 से महापौर के प्रबल दावेदार राकेश शर्मा कांग्रेस प्रत्याशी थे। उन्हे भाजपा से कोई खास चुनौती नही मिली। लेकिन कांग्रेस से बगावत करके मैदान में उतरे मौजूदा पार्षद भास्कर कुण्डले ने उन्हे पराजित कर दिया। राकेश पहले व दूसरे राउण्ड में 10 व 40 मतों के अंतर से आगे थे लेकिन अपेक्षित बढ़त बनाने में असफल रहे और आखरी राउण्ड में पराजित हो गए।

मजदूर की मौत, परिजनों ने किया थाना का घेराव

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नगर के छावनी चौक में स्थित एक इंडस्ट्रीज में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। इस मामलें में मृतक के परिजनों को जानकारी मिलने के बाद मृतक बेहद आक्रोशित होकर जामुल थाने का आज सुबह से ही घेराव इस लिए कर रहे हैं कि मृतक का फेक्ट्री में काम करने के दौरान कल सोमवार को प्रातः 10 बजे करेंट लगने से मौत हो गई थी, उसके बाद भी उसके परिजनों को फेक्ट्री के संचालकों ने नहीं बताया और जब जब दोपहर को खाना खाने के लिए मृतक के घर वाले जब फोन किये तब बताया गया कि उसको करेंट लग गया है, उसे चन्दूलाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके कारण मृतक के परिजनों में भारी रोष व्याप्त है। इस मामले में हाउसिंग बोर्ड के पार्षद पियुष मिश्रा ने मध्यस्थता की और उसके बाद जामुल थाने में दोनो पक्षों में मुआवजा समझौता हुआ और कंपनी द्वारा मृतक के परिवार को पाँच लाख रूपये मुआवजा और कोर्ट क्लेम करने और जब तक इसका फैसला न आ जाये तब तक मृतक के परिवार को हर महिने मृतक मजदूर की सैलरी देने कंपनी ने कहा। जिसे मृतक के परिजनों ने भी मान लिया उसके बाद थाने का घेराव खत्म हुआ। संतोष ओझा के परिजनों ने बताया किए सोमवार को छावनी चौक स्थित जे के स्टील कंपनी में काम करने घासीदास नगर निवासी संतोष ओझा 40 साल काम करने गया थाए उसके काम करते समय प्रातः 10 बजे उसको करंट लग गया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी, लेकिन कंपनी वालों ने हमें नही बताया जब हमने दोपहर को खाना खाने के लिए वहाँ कॉल किया तो हमें बताया गया किए संतोष को करंट लग गया है उसे कंपनी प्रबंधन द्वारा चंदूलाल चन्द्राकर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई 03। नगर पालिक निगम भिलाई.चरौदा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 19 पंचशील नगर चरौदा में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर चन्द्रकांता माण्डले के कर कमलों से संपन्न हुआ। उक्त कार्य की लागत कुल 19 लाख रूपये है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य एवं वार्ड पार्षद अपर्णा दास गुप्ता सहित वार्डवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि विगत तीन वर्षो में निगम के समस्त वार्डों में विकास कार्य हुए हैं। हमारा प्रयास है कि मूलभूत सुविधाओं के साथ.साथ मनोरंजन और खेलकूद के लिए उद्यान तथा खेल मैदान विकसित किया जावे। इसके लिए शासन से पर्याप्त राशि की मांग की जावेगी, साथ ही क्षेत्र के लिए महत्वाकांक्षी जल आवर्धन योजना भी शीघ्र प्रारंभ हो जावेगी। जिससे सभी को घर.घर नल उपलब्ध होगा। पार्षद सुब्रुतो दास गुप्ता ने संबोधित किया।

महिला राष्ट्रीय सायकल पोलो स्पर्धा

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। 26 दिसंबर से 29 दिसंबर तक 17 वीं सब जूनियर बालिका 23 वीं जूनियर बालिका तथा 21 वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय सायकल पोलो प्रतियोगिता 2019.20 का आयोजन गोंदिया महाराष्ट्र में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से दोनों वर्गों की टीमें भाग लेंगी। टीम चयन के लिए एक माह का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया जिसका समापन हुआ। छग साइकिल पोलो संघ के सचिव प्रदीप कान्हे तथा साइकल पोलो फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव विनायक चन्नव्वार ने एक संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि गोंदिया महाराष्ट्र में होने वाली राष्ट्रीय साइकिल पोलो प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन हेतु छत्तीसगढ़ सायकल पोलो संघ एवं खेल युवा कल्याण छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 30 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसका आज समापन हुआ।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण तुलसी साहू उपस्थित रही। उन्होंने छत्तीसगढ़ की बालिका व महिलाटीम को राष्ट्रीय स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सायकल पोलो मैदान स्टेशन मरोदा नेवई में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान चन्नावर के निर्देशन में सीनियर खिलाड़ी दुष्यंत एवं कौशल ने खिलाडियों को खेल की बारीकियों से अवगत कराया।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग
//आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रत्ना कुमार जी आ. स्व. गंगाधरन निवासी औद्योगिक क्षेत्र भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा भवन क्रमांक एल.आई.जी. 09 औद्योगिक क्षेत्र भिलाई जिला दुर्ग में आंबटित है। आबंटी श्री रत्ना कुमार जी के देहांत उपरांत उनके वारिस/वारिसानों श्रीमती के.के. सरसम्मा पति स्व. रत्ना कुमार जी ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एल.आई.जी. 09 औद्योगिक क्षेत्र भिलाई जिला दुर्ग श्रीमती के.के. सरसम्मा के नाम इस शर्त पर नामांतरण करना न्याय संगत होगा यदि भविष्य में स्व. रत्ना कुमार जी के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है तो उसके लिए मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अतः श्रीमती के.के. सरसम्मा के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसानों, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैक, वृत्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो ,इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते है। म्याद/ अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एंव नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 23.12.2019 को जारी किया गया हैं।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./45/ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश कुमार पिता बाबू भाई निवासी ग्राम चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम चरोदा प.ह.न 57 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 296/26 रकबा 0.004 हे. भूमि कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.004 हे. भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/ आवेदिका के द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 26.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 27.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./60/ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तरुण कुमार शर्मा पिता बृजेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ग्राम अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न 05 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 618/8 रकबा 2564 वर्गफुट भूमि कुल खसरा 01 कुल रकबा 2564 वर्गफुट हे. भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/ आवेदिका के द्वारा मूल ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 13.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 09.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./61/ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार शर्मा पिता बिजेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ग्राम अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न 05 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 618/1 रकबा 2500 वर्गफुट भूमि कुल खसरा 01 कुल रकबा 2500 वर्गफुट हे. भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के द्वारा मूल ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 13.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 09.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ए. वेकटेश्वर राव पिता ए शिवाराव निवासी चरोदा ने ग्राम चरोदा प.ह.न. 57 रा.नि.मं. चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 326/30 रकबा 0.031 हे. को वसीयतनामा विरासत हक के आधार पर भूमि स्वामी ए शिवा राव पिता ए.एल. नारायण राव का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

जिसकी सुनवाई न्यायालय में दिनांक 09.01.2020 नियत है। अतः जो कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था उपरोक्त वर्णित संपत्ति में हित रखते है नियत तिथि को 11.00 बजे या उसके पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से अपनी आपत्ति/ दावा पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत दावा/ आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.12.2019 को जारी किया गया ।

मुहर
नायब तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं चुन्नी कुमारी साहू पिता श्री विजय कुमार पता- ग्राम पोस्ट पाउवारा तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं। मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरा नाम चुन्नी कुमारी दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में मेरा पूरा नाम चुन्नी कुमारी साहू दर्ज है जो कि सत्य व सही है। मेरा नाम चुन्नी कुमारी व चुन्नी कुमारी साहू दोनो नाम एक ही महिला का नाम है।

मैं चुन्नी कुमारी साहू के नाम से जानी व पहचानी व पुकारी जाती हूं। यह कि मेरा सही व पूरा नाम चुन्नी कुमारी साहू होने के सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी महोद्य के समर्थन में प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
चुन्नी कुमारी साहू

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग
//आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री श्याम सुंदर झलपुरे आ. स्व. जगत राम झलपुरे निवासी खम्हरिया भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा भवन क्रमांक एल.आई.जी.-जे/103 (प्रथम तल) खम्हरिया भिलाई जिला दुर्ग में आंबटित है। आबंटी श्री श्याम सुंदर झलपुरे के द्वारा भवन का विक्रय पत्रक पंजीयक कार्यालय दुर्ग में दिनांक 07.08.2015 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 06.11.2019 को निष्पादन पश्चात उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 18.11.2019 को श्री शुभम शर्मा आ. श्री प्रकाश कुमार शर्मा के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्री शुभम शर्मा के द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मंडल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त भवन नवीन क्रेता श्री शुभम शर्मा के नाम हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है तो किसी व्यक्ति, वारिसानों, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैक, वृत्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो ,इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते है। म्याद/ अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एंव नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 20.12.2019 को जारी किया गया हैं।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./347/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मीनाक्षी साहू पति लक्ष्मण प्रसाद साहू निवासी ग्राम जेल रोड दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 251/28 रकबा 0.022 हें भूमि को विक्रेता श्रीमती सुषमा चंद्राकर पति नितिश चंद्राकर निवासी ग्राम न्यू आदर्श नगर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 12.12.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

जिले में विद्युत विकास कार्यों की प्रगति पर ली समीक्षा बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेषक संजय पटेल ने राजनांदगांव जिले में विद्युत विकास कार्यों की प्रगति पर समीक्षा बैठक लेकर विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने राजस्व वसूली, डिस्कनेक्षन, मीटर रिप्लेशमेंट की प्रगति, लाईन लॉस, रिडक्सन, ओ एण्ड एम चेकिंग, सतर्कता चेकिग, अनबिलिंग केसेस एवं विभिन्न महत्तपूर्ण विषयों के लेकर वितरण केन्द्र वार जानकारी हासिल की। उन्होंने बैठक में उपस्थित मैदानी अधिकारियों को दो टूक कहा कि विभागीय कार्यों में कोताही बरतने

वाले विद्युत कर्मियों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। श्री पटेल ने उपसंभाग वार प्राप्त जानकारी पर असंतोश जाहिर करते हुए कमजोर परफारमेन्षन वाले मैदानी अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए बेहतर कार्य करने की हिदायत दी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव श्री तरूण कुमार ठाकुर, कार्यपालन अभियंता व्ही.आर.के. मूर्ति, रंजीत घोश, एलके राठौर, बीरबल उईके उपस्थित हुए। कार्यपालक निदेशक ने बकाया राजस्व वसूली के प्रगति की समीक्षा करते हुए उपस्थित मैदानी अधिकारियों को निर्धारित समयावधि तक लक्ष्य को हासिल के करने के कड़े दिषा-निर्देष जारी किये। जिलें में विद्यमान निम्नदाब एवं उच्चदाब लाईनों पर सतत् निगरानी रखने एवं वितरण उपकरणों में आने वाली खराबी को यथासंभव सुधार करने पर जोर दिया। उन्होने सभी जोन कार्यालय, उपसंभाग कार्यालय एवं वितरण केन्द्रों से संबधित 33/11 के.व्ही. लाइनों के तकनीकी व्यवधानों पर चर्चा करते हुए निदान के उपाय भी सुझाए।

न्यूज गैलरी

लोलेसरा के कबीर संत समागम में आज शामिल होंगे सीएम बघेल

बेमेतरा/साजा । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार 25 दिसम्बर को बेमेतरा जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम लोलेसरा आएंगे। जहां वे 25 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले कबीर संत समागम मेला में शामिल होकर पंथ हुजूर से भेट करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ग्राम कोमा, जिला महासमुंद से अपरान्ह 3.10 बजे हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर 3.55 बजे ग्राम लोलेसरा, जिला बेमेतरा पहुंचेंगे। जहां वे शाम 4 बजे 5.30 बजे तक कबीर संत समागम मेला में शामिल होंगे। तत्पश्चात मुख्यमंत्री सायं 5.30 बजे कार द्वारा मुख्यमंत्री निवास के लिए प्रस्थान करेंगे।

शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए कलेक्टर ने आभार प्रकट किया

गरियाबंद। नगरीय निकाय निर्वाचन-2019 अंतर्गत गरियाबंद जिले के चार नगरीय

निकायों में निर्वाचन शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम धावड़े ने निर्वाचन कार्य में संलग्न रहे सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग, समन्वय एवं टीम भावना के कारण मतदान निर्विघ्न सम्पन्न हुआ। श्री धावड़े ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचन में सहयोग देने के लिए सभी मीडिया कर्मियों एवं नागरिको का आभार व्यक्त किया।

गंधर्व समाज की बैठक आज

राजनांदगांव। प्रति वर्ष सांकर दाहरा में गंधर्व समाज द्वारा मनाये जाने वाले गंधर्व पर्व के आयोजन की तैयारीयों पर विशेष चर्चा एवं रूप रेखा तैयार करने के लिये आगामी 25 दिसम्बर, दिन बुधवार को प्रातः 10.00 बजे कौरिनभाठा स्थित सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय गंधर्व समाज की समाजिक बैठक आहूत की गई है। समाज के कोषाध्यक्ष भागवत देवदास ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रति वर्ष गंधर्व समाज द्वारा बसंत पंचमी के पावन अवसर पर गंधर्व जयंती मनायी जाती है। इस वर्ष भी नये वर्ष के प्रथम माह में 30 जनवरी के दिन जयंती मनाई जायेगी। उन्होंने आगे कहा कि अयोजन के संबंध में 25 दिसम्बर को होने वाले बैठक में सभी क्षेत्रिय पदाधिकारी अपने क्षेत्रों से चंदा या योगदान राशि लेकर बैठक में उपस्थित होंवें ताकि इस विशाल आयोजन की तैयारी को गति दी जा सके।

शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ 27 से

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखंडों में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ 27 दिसम्बर से किया जा रहा है। जो एक माह अर्थात् 28 जनवरी 2020 तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने बताया कि जिले में यह अभियान कुल 10 सत्रों में चलाया जा रहा है। नियमित टीकाकरण दिवसों मंगलवार एवं शुक्रवार (ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस) के दिन 9 माह से 5 वर्ष तक के एक लाख 25 हजार बच्चों को विटामिन ए की दवा की अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। 6 माह से लेकर 5 वर्ष तक के के एक लाख 43 हजार बच्चों को फोलिक एसिड सिरप भी दी जाएगी। शिशु संरक्षण माह में नियमित टीकाकरण किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ी व्यंजन का स्वाद राजनांदगांव से केरल तक

राजनांदगांव। केरल राज्य में सरस मेला का आयोजन 20 से 30 दिसंबर 2019 तक किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न राज्यों के स्व-सहायता समूहों द्वारा खाद्य सामग्री एवं परंपरागत व्यंजनों के स्टॉल लगाकर उनका विक्रय सह प्रदर्शन किया जा रहा है। इस सरस मेले में जिला राजनांदगांव से कुल 6 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। ये प्रतिभागी स्व-सहायता समूह तथा स्वीप योजना अंतर्गत उद्यम विकास योजना से जुड़कर लाभान्वित हुए हैं। इन प्रतिभागियों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव के मार्गदर्शन मे स्वीप योजना से 5 दिवसीय खाद्य प्रबंधन व्यवसाय का प्रशिक्षण प्रदाय किया गया है।

धान परिवहन रोकने से किसान और व्यापारी दोनों परेशान

राजनांदगांव। किसानों द्वारा अपने खेती में उपार्जित धन को बेचने के लिए ट्रेक्टर या मालवाहक से लाते समय रोककर पुछताछ की जा रही है तथा कई दिनो तक गाड़ियाँ थाने मे यह कहकर खड़ी की जा रही है कि यह खुद का धान नही है आप अवैध विक्रय के लिए ले जा रहे। किसानों द्वारा अनुज्ञा व मण्डी रसीद दिखाने के बाद भी धान की गाड़ियो को रोका जा रहा है। वही किसानो द्वारा अपने दैनिक चर्या के लिए राशि की आवश्यकता होने पर धान व्यापारियों को बेचा जा रहा है जिसे व्यापारी खरीद कर वैधानिक रूप से अनुज्ञा के द्वारा धान अन्य जगह परिवहन से भेजा जा रहा है, उसे भी रोका जा रहा है जिससे व्यापारी परेशान है वैसे भी सरकार किसानों से 15 च्टिल ही धान खरीदेगी तथा जो धान की अनेक किस्में है उनमें से चिन्हित किस्मे ही खरीदेगी तथा बचत धान तो किसान व व्यापारी को बेचना ही पड़ेगा। इस ढंग से गाड़ियो को रोककर कई गाड़ियाँ 15-20 दिनों से थाने में खड़े कर दी गई है जिससे व्यापारी व किसान दोनो भयभीत है। प्रशासन की इस कार्यवाही से जबरदस्त रोष है।

चेंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद चितलांग्यिा, प्रदेश मंत्री भीमन धनवानी तथा जिला अध्यक्ष ज्ञानचंद बाफना ने सरकार से इस संबंध में तुरंत कदम उठाने की अपील की है तथा किसानो व व्यापाररयों को राहत देने की मांग की। इस संबंध में चेम्बर के अध्यक्ष ज्ञानचंद बाफना तथा प्रदेश मंत्री भीमन धनवानी ने डिप्टी कलेक्टर श्री यदु से मुलाकात की तथा व्यापारियो तथा किसानों को हो रही परेशानी से अवगत कराया। श्री यदु ने इस संबंध में जिलाधीश महोदय से बात कर हल निकालने की बात कही।

डौंडी, नगर पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशियों की बुरी तरह हार

भाजपा के विजयी प्रत्यासी

कांग्रेस के विजयी पार्षद

डौण्डी। सूबे की महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़ियां के डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डौंडी, नगर पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशियों की बुरी तरह हार हुई है। डौंडी नगर पंचायत में 13 वार्ड में कांग्रेस के 4 प्रत्याशी, भाजपा के 6 प्रत्याशी व निर्दलीय 3 प्रत्याशी चुनाव जीत कर आये हैं। निर्दलीय से ही बनेगा नगर पंचायत डौण्डी का समीकरण,,,03 निर्दलीयों प्रत्यासी सहित 4 कांग्रेस व 6 भाजपा प्रत्यासी के जीत के बाद दोनों पार्टी ही अब अपना गणित बैठाने में लगे हैं डौण्डी नगर पंचायत चुनाव डौण्डी में इस बार निर्दलीयों के बिना कोई भी पार्टी नगर सरकार नहीं बना सकती है या ऐसा ही समीकरण बन गया है कि निर्दलीयों की सरकार बड़े पार्टियों के पार्षदों के दम पर नगर में बन जाये।

निर्दलीय प्रत्याशी बलिराम धनकर

निर्दलीय प्रत्याशी स्मिरिता डेविड

ज्ञात हो की नगरीय निकाय चुनाव में इस बार भारी संख्या में निर्दलीयों ने हल्ला बोलते हुवे न सिर्फ बेहतर चुनाव संचालन किया बल्कि मतदाताओं तक अपने छाप को पहुंचाने में सफल रहे हैं इस कारण इस बार निर्दलीयों की संख्या नगर सरकार में ज्यादा दिखने का रुझान पहले सर्वे में सामने आया है,मतदाताओं से मिले रुझान के अनुसार कांग्रेस तीसरे जबकि भाजपा दुसरे नंबर पर पंचायत में आई है।

निर्दलीय प्रत्याशी ममता जैन

ज्ञात हो की नतीजे में जो आंकड़े सामने आ रहे हैं उसमें कोई भी पार्टी नगर सरकार बनाने का जादुई आंकड़ा छूते नजर नहीं आ रही है,वहीं निर्दलीयों का पलड़ा भारी दिखने से नगर सरकार बनाने में जोड़ तोड़ व समर्थन का राजनीति जमकर चलेगा।ऐसे में सभी की निगाहें निर्दलीय प्रत्यासियों पर ज्यादा टिके रहेंगी की वे अपना समर्थन किस पार्टी को देती हैं या निर्दलीय एक जुट रहकर अपने पक्ष में देश की दोनों बड़े पार्टीयों से समर्थन का मांग करती है

कांग्रेस से विजयी पार्षद पल्टन भुआर्य

नतीजों के अनुसार में सामने आये हैं उसमें वार्ड क्रमांक 01 में कांग्रेस के प्रत्यासी पल्टन भुआर्य टॉस द्वारा जीत कर भाजपा के प्रत्यशी को हराया ।जबकि वार्ड क्रमांक 02 में निर्दलीय उम्मीदवार बलिराम धनकर जीत हुई वे कांग्रेस के प्रत्याशी को हरा कर जीत हसिल किये हैं,।वार्ड क्रमांक 03 में निर्दलीय प्रत्याशी ममता जैन जो कि वार्ड 03 से दूसरी बार पार्षद बन रही है वार्ड 03 से भाजपा के प्रत्याशी दूसरे नम्बर पर है ।वार्ड क्रमांक 04 में भाजपा के मजबूत स्थिति में भाजपा के रेखा चौहान जीत कर कांग्रेस को मात दिये हैं।इस प्रकार वार्ड क्रमांक 05 में कांग्रेस के प्रत्याशी भावेश यादव जीत कर भाजपा के प्रत्याशी को मात दिए हैं,वार्ड क्रमांक 06 में निर्दलीय प्रत्याशी स्मिरिता डेविड जीत कर कांग्रेस को मात दी । वार्ड क्रमांक 07 में कांग्रेस उम्मीदवार में कांटे का मुकाबला हुआ,जिसमें भाजपा प्रत्याशी संजीव मानकर जीत हासिल किए । वार्ड क्रमांक 08 में कांग्रेस प्रत्यासी के पक्ष में लोगों का मत रहा व विजयी हुई है। वहीं वार्ड क्रमांक 09 में दोनों पार्टी में मुकाबले का स्थिति नजर आया है,यहाँ भाजपा व ,कांग्रेस में कड़ा मुकाबला रहा है व अंत मे भाजपा के मातरम दास कोसरे ने जीत हासिल की ।वार्ड क्रमांक 10 में भाजपा के प्रत्याशी रूपेश नायक अन्य प्रत्यासियों की तुलना में काफी आगे रहे हैं और चुनाव जीत हासिल की ।वार्ड क्रमांक 11 में भाजपा प्रत्यासी चांदनी दीक्षित का पलड़ा भारी नजर आया वे कांग्रेस प्रत्याशी को मात देकर जीत हासिल की।वार्ड क्रमांक 12 भाजपा के सोमेश सोरी ने कड़ी टक्कर देकर कांग्रेस व निर्दलीय को पछाड़ जीत हासिल की । वार्ड क्रमांक 13 में कांग्रेस प्रत्यासी सुनीता निषाद ने जीत के जादूई आंकड़ा पार किया।

राजादेवरी पुलिस ने खड़खड़िया जुआ पकड़

- **बया चौकी अंतर्गत खिलाया जा रहा था जुआ, मामला ग्राम कुरकुटी का**

कसडोल। रविवार की देर शाम राजादेवरी पुलिस को सूचना मिला की चौकी बया अंतर्गत कई दिनों से कुरकुटी ग्राम में खड़खडिया जुआ खिलाया जा रहा है जिस पर राजादेवरी पुलिस ने घेराबंदी कर ग्राम कुरकुटी के तालाब के पास से जुआ खेल रहे 4 आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों में रामलाल रात्रे निवासी बया, विपिन साहू निवासी नरधा, श्याम लाल प्रधान निवासी श्रीरामपुर एंव कार्तिक राम यादव निवासी रामपुर (पिथौरा) शामिल है। राजा देवरी पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ13 जुआ एक्ट की कार्रवाई की है। वही इस कार्रवाई से अब बया चौकी प्रभारी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहा है। की आखिरी इतने दिनों से किसकी सह पर यह खेल खिलाया जा रहा था बहरहाल अब इस कार्रवाई से प्रभारी महोदय की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहा है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी डी आर मांझी, सहायक उपनिरीक्षक अश्वनी पड़वार, प्रधान आरक्षक महेंद्र जोगी, आरक्षक मुकेश तिवारी और चुन्नी लाल साहू शामिल है।

शैक्षणिक गुणवत्ता के मामले में बरमपुर स्कूल बना मॉडल

- **महाराष्ट्र के अधिकारियों ने भी शैक्षणिक गुणवत्ता को सराहा**

राजनांदगांव। जिले के डोंगरगढ़ विकास खण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला बरमपुर शिक्षा गुणवत्ता के मामले में अन्य स्कूलों से काफी आगे हैं। यहां के बच्चे पाठ्यक्रम के अलावा सामान्य ज्ञान में भी निपुण हैं। बच्चों को अंग्रेजी वर्णमाला के साथ-साथ अंग्रेजी के अनेक शब्दों तथा पर्सनल इंट्रोडक्शन की जानकारी है। गणित की विभिन्न संक्रियाओं जोड़ना, घटाना, गुणा-भाग, ज्यामिति ज्ञान के साथ-साथ ही बच्चों को 50 तक का पहाड़ा कंठस्थ याद है। शाला में नवाचार के तहत स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दी जाती है। ये स्कूल एक मॉडल स्कूल बन गया है। यहां के छात्र शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेल-कूद में भी अपनी सहभागिता निभाते हैं। छात्र-छात्राएं संकुल स्तर से लेकर विकास खण्ड एवं जिला स्तर में खेल-कूद का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। वाद-विवाद प्रतियोगिता और चित्रकारी में डाईट खैरागढ़ में प्रदर्शन कर प्रथम स्थान बनाया है।

डोंगरगांव महाविद्यालय में युवा उत्सव का आयोजन

डोंगरगांव। शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव के प्राचार्या डॉ. बीएन मेश्राम के मार्गनिर्देशन में महात्मा गांधी जी के जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में युवा उत्सव पर विगत दिवस 19 से 30 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहा हे। जिसमें निबंध, रंगोली, पेंटिंग, पोस्टर, सलाद प्रतियोगिता रखा गया है। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पदमनी पिस्दा बीए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान उमेश कुमार यादव बीएससी अंतिम वर्ष, तृतीय स्थान टिकेश्वर निर्मलकर बीएससी अंतिम वर्ष रहे। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम भारती साहू बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय टोमन सर्पा बीएससी द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान अमन बीए भाग एक रहे। पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम टोमन लाल बीएससी प्रथम वर्ष, द्वितीय अमित कुमार बीएससी तृतीय वर्ष, एवं तृतीय स्थान रूपाली पाण्डेय एमएससी प्रथम सेमेस्टर इसी श्रृंखला में पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टोमन लाल बीएसस तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान रूपाली पाण्डे एमएससी प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान नूसरत बीएससी द्वितीय वर्ष रहे। सलाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवानी एवं शीतल द्वितीय, रूबैदा तृतीय खोमिन रहे।

गरियाबंद में मतगणना शांतिपूर्ण संपन्न

गरियाबंद। नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 अंतर्गत गरियाबंद जिले के नगर पालिका परिषद गरियाबंद के 15 वार्डो का मतगणना मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। नगर पालिका परिषद् के रिटर्निंग ऑफिसर कलेक्टर श्याम धावड़े ने विजयी अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र वितरित किया। मतगणना के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक रमेश शर्मा भी मौजूद रहे।

मतगणना में सबसे पहले डाकमत पत्रों की गणना की गई। कुल 4 डाकमत पत्रों में से वार्ड क्रमांक-05 के प्रत्याशी गुलेश्वरी ठाकुर को 2 एवं रम्भा कंवर को 1 डाकमत पत्र मिला जबकि वार्ड क्रमांक-06 में पड़े 1 मत खारिज हुआ। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 01 से संदीप कुमार सरकार इंडियन नेशनल कांग्रेस को विजयी घोषित किया गया। इसी तरह वार्ड क्रमांक 02 से नीतू देवदास जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), वार्ड क्रमांक 3 से विमला साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 4 से ज्योति साहनी इंडियन नेशनल कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 5 से गुलेश्वरी टिंकु ठाकुर भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक 6 से पद्मा बाई यादव जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), वार्ड क्रमांक 7 से विष्णु मरकाम भारतीय जनता पार्टी, वार्डक्र.8 से देवकरन मरकाम (देवा) भारतीय जनता पार्टी , वार्ड क्रमांक 9 से प्रतिभा पटेल इंडियन नेशनल कांग्रेस ,वार्ड क्रमांक-10 से सुरेन्द्र सोनटेके भारतीय जनता पार्टी,वार्ड क्रमांक 11 से रिखीराम यादव भारतीय जनता पार्टी ,वार्ड क्रमांक 12 से अब्दुल गफ्फार (गफ्फु मेमन) भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक 13 से वंश गोपाल सिन्हा भारतीय जनता पार्टी , वार्डक्रमांक 14 से मो. आसिफ मेमन भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक 15 से लेखराम (रितिक) सिन्हा इंडियन नेशनल कांग्रेस को विजयी घोषित किया गया।

योजना | **बीमा रथ के जरिए जिले के गांवों जाकर प्रचार-प्रसार किया जाएगा**

हरी झंडी दिखाकर कलेक्टर ने किया बीमा रथ रवाना

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने राष्ट्रीय किसान दिवस 23 दिसम्बर 2019 के शुभ अवसर पर आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी वर्ष 2019-20 के प्रचार-प्रसार के लिए बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सहायक संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर उपस्थित थे। बीमा रथ के जरिए जिले के गांवों जाकर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही सहकारी समितियों, बैंकों, धान उर्पाजन केन्द्रों, हाट बाजारों, प्रशिक्षण स्थलों पर उपस्थित होकर योजना से संबंधित लिफ्लेट, पाम्पलेट एवं ध्वनि यंत्र के माध्यम से किसानों को जानकारी दी

जाएगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत वर्ष 2019-20 में रबी फसलों की बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2019 है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत गेहूँ सिंचित एवं गेहूँ असिंचित का प्रति हेक्टर ऋणमान क्रमशः 33 हजार रूपए एवं 20 हजार रूपए है। जिसका 1.5 प्रतिशत अर्थात् कृषक द्वारा देय प्रीमियम 495 रूपए गेहूँ सिंचित एवं 300 रूपए गेहूँ असिंचित हेतु प्रति हेक्टेयर की दर से देय होगा। इसी प्रकार किसानों द्वारा चना फसल के लिए प्रीमियम 473 रूपए, अलसी फसल के लिए 188 रूपए प्रति हेक्टेयर की दर से देय होगा।

ऋणी किसानों का बीमा संबंधित बैंकों, सहकारी समितियों द्वारा अनिवार्य रूप से किया जाएगा। उन्हें केवल घोषणा एवं बुवाई प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

निकाय चुनाव : कांग्रेस का दबदबा कायम

7 कांग्रेसी, 7 भाजपा दोनों पर भारी निर्दलीय प्रत्याशी

■ नगर पंचायत पिपरिया अध्यक्ष के लिए बन सकता है निर्दलीय का सहारा

नवप्रदेश संवाददाता

पिपरिया। नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम घोषित होने के साथ ही अब कांग्रेस और भाजपा दोनो को ही अध्यक्ष पद में काबिज होने के लिए 1 निर्दलीय का सहारा लेना पड सकता है। पिपरिया नगर पंचायत का यह परिणाम बडा ही रोचक हो चुका हैं।

दरासल जिस निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत हासिल की है वह कांग्रेस का कार्यकर्ता हुआ करती थी । लेकिन टिकट नही मिलने की स्थिति में उन्होने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे चुनाव लडकर भाजपा और कांग्रेस को मात देते हुए जीत हासिल की है। अब अध्यक्ष पद के लिए जिस तरफ ये समर्थन करेंगें उनकी जीत होनी निष्चित मानी जा रही है। फ्लिहाल नगर पंचायत पिपरिया में अध्यक्ष पद में कसमकस की स्थिति बनते नजर आ रही है। वार्ड क्रमांक 01 रामकली पटेल 80, पुष्पा जांगडे 70, वार्ड क्रमांक 02 विक्की अग्रवाल 106, हीराराम यादव 77, वार्ड क्रमांक 03 मेलन पटेल 81, नीलू नाविक 65 वार्ड क्रमांक 04 कोमल पटेल 112, अनिल कुमार श्रीवास 107 वार्ड क्रमांक 05 वीणा सुभाष दानी 86, अनिता अनिल दानी 82, वार्ड क्रमांक 06 रंजना केषरी 122, रितू अमित केषरी 88, वार्ड क्रमांक 07 महेन्द्र कुम्भकार 145, मुकेष सोनी 64, वार्ड क्रमांक 08 कमल कांत नाविक 74, महेन्द्र कुमार गुप्ता 72, वार्ड क्रमांक 09 देवदास मिरी 83, नंदाराम पाटिला 71, वार्ड क्रमांक 10 रेषम बघेल 124, कजला पाटिला 116, वार्ड क्रमांक 11 रविन्द्र देवांगन 167, प्रेमलाल साहू 119, वार्ड क्रमांक 12 गणेष चन्द्रवंषी 113, नरेन्द्र देवांगन 55, वार्ड क्रमांक 13 सुंदर साहू 130, तुकाराम साहू 95, वार्ड क्रमांक 14 षत्रुहन साहू 106, झगराम साहू 84, वार्ड क्रमांक 15 लोकेष साहू 159, रामचंद साहू 111 आदि।

नगरपालिका चुनाव में 13 कांग्रेस, 14 भाजपा और 4 निर्दलीय विजयी

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। नगरपालिका चुनाव के लिए आज मतगणना का कार्य संपन्न हुआ। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह मतगणना प्रारंभ हुई और दोपहर तक सभी नतीजे सामने आ गए और देर शाम तक सभी विजयी प्रत्याशियो को निर्वाचन अधिकारी महेश सिंह राजपूत ने निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया। इस बीच सुबह से ही मतगणना स्थल पर बहुत भीड़ रही। विजयी प्रत्याशियो ने अपने अपने वार्ड में आभार रैली भी निकाल कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

आज गजानंद महाविदयालय भाटापारा में समस्त 31 वार्ड के लिए मतगणना का कार्य निर्धारित समय में प्रारम्भ हुआ। मतगणना पश्चात समस्त 31 वार्ड के पार्षद का निर्वाचन हुआ जिसमे कांग्रेस से 13 एवं भाजपा से 14 तथा निर्दलीय उम्मीदवार 04 जीते है । 31 वार्ड वाली पालिका में अध्यक्ष के 16 पार्षदों की जरुरत है ,अब देखना यह होगा पालिका में किस पार्टी का अध्यक्ष बैठता है। बहुमत के लिए जहां कांग्रेस को 03 सीट की कमी है तो वही भाजपा को 02 सीट की कमी है । कुल मिलाकर नगरपालिका परिषद के प्रमुख सीट पर काबिज होने के लिये दोनो पार्टीयों को निर्दलीय पार्षदो के उपर निर्भर रहना होगा । इन चारो निर्दलीय उम्मीदवार पर कौन हावी होता है यह तो आने वाले समय के गर्त पर छिपा है फ़िलहाल तो ये चारो वर्तमान हीरो के रूप में उभरे हुये है । पालिका मे इस बार 13 महिला पार्षद भी निर्वाचित हुये है ,जो पिछले की तुलना में ज्यादा है।

तिल्दा नेवरा के13 वार्डो में खिला कमल, 6 पर कांग्रेस सिमटी

■ छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी को भी मिली 2 सीट

नवप्रदेश संवाददाता

तिल्दा-नेवरा। नगरपालिका चुनाव में भाजपा ने परचम लहराया तिल्दा-नेवरा नगर पालिका के 22वार्डो का मतगणना बद्रीनारायण बागडिया शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में हुई। सुबह 11.00 बजे से मतों की गणना शुरू हुई। थोड़ी देर पश्चात वार्डों का परिणाम सामने आने लगा। लगभग दो घंटे के अंतराल में स्थिती स्पष्ट हो गयी। भाजपा ने नगर पालिका तिल्दा-नेवरा में परचम लहराया है।

मतगणना से संबंधित मिली जानकारी के मुताबिक तिल्दा-नेवरा नगर के 22 वार्डो में से 13 वार्डों में भारतीय जनता पार्टी ने विजय फतह की वहीं नेशनल कांग्रेस पार्टी 6 सीटों पर ही सिमट गयी। वहीं छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस ने 2 सीट पर जीत हासिल किया वहीं पर कांग्रेस से टिकट कटने पर बागी हुए निर्दलिय प्रत्याशी नरोत्तम यदू ने भाजपा ,कांग्रेस, अन्य निर्दलिय प्रत्याशियो को पछाड़कर विजयी हुए ।

शंकर वार्ड क्रमांक01से भारतीय जनता पार्टी ने उमा देवी पर भरोसा जताते हुए दुसरी बार जीत हासिल की तो वहीं वार्ड क्रमांक 02 स्वामी आत्मानंद वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी जितेन्द्र ध्रुव ने तीसरी दबे हैट्रिक बनाया, वार्ड क्रमांक 03को भी भाजपा ने सहेजा रखा । वहीं नगरपालिका के उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा जो पिछले पंचवर्षीय में वार्ड क्रमांक 19 से बतौर कांग्रेस प्रत्याशी जीत हासिल की थी वह इस बार वार्ड क्रमांक 18से जीत को बरकरार रखा इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 15 से सोनू मार्कंडेय जो नगरपालिका परिषद के सभापति है वह अपनी धर्मपत्नी लता बैरागी को कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में लडाकर जीत हासिल की ।

नगर पंचायत चुनाव में निर्दलियों का रहा दबदबा

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। नगर पंचायत चुनाव के लिए 21 दिसम्बर 2019 को वोंटिग सम्पन्न हुई थी। जिसकी मतगणना 24 दिसम्बर दिन मंगलवार को सम्पन्न हो गई है। नगर पंचायत लवन में 15 वार्ड है। जिसमें भाजपा, कांग्रेस, बसपा, जोगी कांग्रेस, सहित 69 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हुए थे। लवन नगर में इस बार निर्दलीय प्रत्याशियों का दबदबा रहा। दूसरे स्थान पर भाजपा रही। वही तीसरे स्थान पर सत्तासीन पार्टी कांग्रेस रही। वही एक सीट पर बसपा पार्टी का कब्जा रहा। नगर के वार्ड क्र. 01 रविदास वार्ड में कुल 466 मतों में से 359 डाले गए जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी पंकज साहू को 126 मत मिले। वही भाजपा से लक्ष्मी यदु को 87 मत प्राप्त हुए। वार्ड क्र. 02 में कुल मत 615 जिसमें 447 वोट पड़े। निर्दलीय से नंद कुमार वर्मा को 134 मत, वही भाजपा रमेश कुमार साहू 124 मत प्राप्त हुए। गुरूघासीदास वार्ड क्र. 03 में कुल मतदाता की संख्या 552, जिसमें 399 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें कांग्रेस पार्टी से दीपमाला विनोद अनंत को 191 मत मिले। भाजपा से श्रीमति नीलम टण्डन को 152 मत प्राप्त हुए। बाजार वार्ड में कुल 705 मतदाता है, जिसमें 524 मतदाताओं मत डाले गए। जिसमें भाजपा राकुमार साहू को 205 कांग्रेस से विक्की साहू को 157 मत प्राप्त हुए। सदर वार्ड क्र. 5 कुल मतदाता 425 है, जिसमें 364 वोंट डाले गए। जहां निर्दलीय प्रत्याशी सावित्री सिंघम को 156 मत प्रतिद्वंदी संगीता पाण्डेय को 115 मत प्राप्त हुए। महात्मा गांधी वार्ड क्र. 06 कुल मतदाता 452 है। जिसमें 378 वोंट डाले गए जहां भाजपा से मीना बार्वे को 193 मत, वही कांग्रेस से सुश्री प्रियंका कुर्रे को 125 मत प्राप्त हुए। राजीव गांधी वार्ड क्र. 07 में कुल मतदाता 455 है, जिसमें 399 मतदाताओं ने वोट डाले जहां भाजपा से पुनीता साहू 202 मत मिले। वही प्रतिद्ववंदी श्रीमति जनक दुलारी साहू 69 मत प्राप्त हुए। श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 08 में कुल मतदाता 318 जिसमें 292 मत प्राप्त हुए। जहां निर्दलीय श्रीमति पूजा जायसवाल को 151 मत, नोमिन साहू 118 मत प्राप्त हुए। कबीरदास वार्ड में कुल मतदाता 391 मत जिसमें 360 वोंट पड़े।

■ भाजपा दूसरे व कांग्रेस तीसरे स्थान, एक सीट में बसपा का कब्जा रहा

कांग्रेस-भाजपा बराबर, एक निर्दलीय को मिली जीत

■ निर्दलीय तय करेगा अध्यक्ष भाजपा या कांग्रेस का

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। गंडई में भाजपा के सारे दिग्गज धराशाही हो गए। वही कांग्रेस को अपने अजेयगढ़ वार्ड नं. 8 में हार का सामना करना पड़ा। गंडई के नगरीय निकाय चुनाव में चौकने वाले परिणाम आए है। भाजपा के अध्यक्ष दावेदार अश्वनी ताम्रकार, राकेश ताम्रकार, राजेश मेहता, व टेकन देवांगन चुनाव हार गए। कांग्रेस व भाजपा के 7-7 की बराबरी पर है वार्ड 2 से श्यामपाल ताम्रकार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विजई हुए।अध्यक्ष का डाव पेच निर्दलीय के ऊपर ही है । वार्ड 13 के प्रत्याशी कांग्रेस के चेतन देवांगन सर्वाधिक 294 वोट से विजयी हुये है वही वार्ड 7 से सबसे कम मात्र 9 वोटो से कांग्रेस के लियाकत अली विजयी हुये है वार्ड 3, 5, 7, 8 मे निर्दलियों ने भाजपा कांग्रेस के गणित को बिगड़ दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार

वार्ड एक से कांग्रेस के भिगेश यादव 16 वोटों से 2निर्दलीय श्यामपाल ताम्रकार 46 वोटों से वार्ड 3 भजपा नीलम नामदेव 93 वोटों से वार्ड 4 कांग्रेस सूरज नामदेव 191 वोटों से वार्ड 5 भाजपा निर्मला साहू 42 वोटों से वार्ड 6 कांग्रेस क्रांति ताम्रकार 127 वोटों से वार्ड 7 कांग्रेस लियाकत अली 9 वोटों से वार्ड 8 भाजपा निराशा कुर्रे 15 वोटों से वार्ड 9 भाजपा जाबिद खान 104 वोटों से वार्ड 10 भाजपा पार्वती पटेल 15 वोटों से वार्ड 11 भजपा पूर्णिमा कुंजाम 64 वोटों से वार्ड 12 भाजपा यतीश कुंजाम 45 वोटों से वार्ड 13 कांग्रेस चेतन देवांगन 294 वोटों से वार्ड 14 कांग्रेस नारायण चतुर्वेदी 111 वोटों से वार्ड 15 कांग्रेस दिलीप ओगरे 130 वोटों से विजयी हुए हैं।

आगामी चुनाव

निकाय के बाद अब पंचायत चुनाव में दिखेगा रंग

कवर्धा। पंचायत चुनाव की घोषणा हो गई है। चुनाव घोषणा होते ही पूरे राज्य में आचार संहिता लागू हो गया है। पंचायत चुनाव 3 चरणों में होंगे। 30 दिसंबर को नामांकन दाखिल किए जाएंगे। 30 दिसंबरको ही मतदान केंद्रों की सूची और आरक्षण की स्थिति का प्रकाशन होगा। 6 जनवरी दोपहर 3 बजे तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 7 जनवरी को संवीक्षा होगी, आरओ को संवीक्षा का अधिकार होगा। 9 जनवरी दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 9 जनवरी को ही सभी अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह बांटे जाएंगे। मतदान 3 चरणों में होगा। पहला चरण 28 जनवरी, दूसरा चरण 31 जनवरी और तीसरा चरण 3 फरवरी को होगा। सामान्य क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से 3 बजे तक और संवेदनशील क्षेत्रों में सुबह 6:45 से 2 बजे तक मतदान होगा। मतगणना की प्रक्रिया मतदान समाप्ति के बाद होगी। निर्वाचन की घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर करेगा। एक व्यक्ति कई पदों के लिए मतदान कर सकेगा। पंच, सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान कर सकेंगे। 1 लाख 60 हजार कर्मचारी मतदान कराएंगे। 50 हजार लोग मतदान दलों से अलग व्यवस्था में शामिल रहेंगे। निक्षेप राशि की दरों में वृद्धि कर दी गई है। पंच के लिए 50, सरपंच के लिए 1000 रुपए धरोहर राशि होगी। इससे सिर्फ गंभीर प्रत्याशी ही चुनाव लड़ने सामने आएंगे।

जिले के दो निकायों में स्तिथि स्पष्ट तो तीन में भाजपा-कांग्रेस बराबर

■ तीनों निकायों में निर्दलीय की भूमिका होगी अहम

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरिया जिले की पांच नगरीय निकायों के लिए मतगणना का काम पूरा हो चुका है। यहां जिले की एक मात्र नगर पालिक निगम चिरमिरी में कांग्रेस ने 24 सीटों के साथ कब्जा कर लिया है। वहीं भाजपा को 13 और निर्दलीयों ने 3 सीटें जीती हैं। वहीं नगर पालिका मनेंद्रगढ़ में कांग्रेस को बहुमत तो नही मिला लेकिन यहां कांग्रेस 9 सीटों के साथ बड़ा दल बनकर उभरा है, वहीं यहां निर्दलीयों ने भी 8 सीटों पर कब्जा जमाकर सबको चौंका दिया है। इनके अलावा भाजपा को यहां 5 सीटें मिली हैं।

मतगणना स्थल में हंगामा

वही चिरमिरी नगर निगम चुनाव में मतदान गड़ना स्थल पर भी हंगामा देखने को मिला जहा जानकारी अनुशार कांग्रेस व भाजपा समर्थक आमने सामने होकर नारेबाजी करने लगे वही बीजेपी के पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को अंदर जाने से रोकने पर पुलिस से भी विवाद हो गया। यहां बीजेपी समर्थकों ने गुंडागर्दी नही चलेगी के नारे लगाए, वहीं मनेन्द्रगढ़ विधायक ने कांग्रेसियों के साथ जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान एसपी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

पार्षदों को प्रमाण पत्र वितरण करने के दौरान मचा बवाल

इसके अलावा चिरमिरी में भाजपा के पूर्व विधायक श्याम बिहारी ने प्रशासन पर भेदभाव का आरोप लगाया, उन्होने कहा कि धांधली कर कांग्रेस ने 24 सीट जीती है। उन्होने चुनाव निरस्त करने की मांग की । चिरमिरी के वार्ड नंबर 7 में भाजपा का पार्षद एक वोट से जीता, रेकॉउंटिंग में पार्षद को अंदर नही जाने दिया गया, जबकि विधायक अंदर चले गए, भाजपा जिला अध्यक्ष का कहना है कि एसपी ने उन्हें रोका इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि बैकुंठपुर के प्रिंटर व्यवसायी से बैलेट पेपर प्रिंट करवा कर धांधली की गई है। वे इसका विरोध करते हैं।

पिथौरा में कांग्रेस ने लहराया परचंम

नवप्रदेश संवाददाता

पिथौरा। नगर पंचायत चुनाव पिथौरा में पुर्ण बहुमत से कांग्रेस के पार्षद चुनकर आये अध्यक्ष कांग्रेस का बनना तय गौरतलब रहे दो दशकों से कांग्रेस का ही अध्यक्ष जीत दर्ज करते आ रहे नगर पंचायत पिथौरा में इस बार भी कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने के लिए जनता ने जनादेश दिया भाजपा का सूपड़ा साफहो गया भाजपा के लिए गंभीरता से विचार करने के अलावा दो दशकों से विपक्ष में रहने वाली स्थिति का तोड़ ढूंढने पांच साल और इंतजार करना पडेगा।

■ आठ कांग्रेस को दो भाजपा के खाते में बाकी अन्य को मिली

वार्डो की स्थिति कांग्रेस आठ भाजपा दो बाकी अन्य

वार्ड क्र. 1 से काँग्रेस प्रत्याशी पदमा वती पटेल ने जीत दर्ज की है. वहीं वार्ड क्र. 2 से कांग्रेस प्रत्याशी आत्मा राम यादव, वार्ड क्र. 3 से कांग्रेस प्रत्याशी रीना साहू, वार्ड क्र. 4 से निर्दलीय प्रत्याशी लोकेश ध्रुव, वार्ड क्र. 5 से निर्दलीय प्रत्याशी प्रेम राजन रौतिया, वार्ड क्र. 6 से कांग्रेस प्रत्याशी अनामिका शर्मा, वार्ड क्र. 7 से कांग्रेस प्रत्याशी तरूण पाण्डे, वार्ड क्र. 8 से निर्दलीय प्रत्याशी सागर निषाद, वार्ड क्र. 9 से भाजपा प्रत्याशी संतोष कुमार डडसेना, वार्ड क्र. 10 से कांग्रेस प्रत्याशी राजू सिंहा, वार्ड क्र. 11 से कांग्रेस प्रत्याशी दिल प्रीत खनूजा, वार्ड क्र. 12 से कांग्रेस प्रत्याशी देवेस निषाद, वार्ड क्र. 13 से निर्दलीय प्रत्याशी गायत्री घड्डे, वार्ड क्र. 14 से निर्दलीय प्रत्याशी खिरोद्र प्रकास पटेल, वार्ड क्र. 15 से भाजपा प्रत्याशी हरदिप कौर डाली ने जीत दर्ज की है।

अध्यक्ष पद की दावेदारी

अध्यक्ष पद दावेदारी के लिए कांग्रेस के आत्माराम यादव और पूर्व अध्यक्ष देवसिंग निषाद दौड़ में हैं वैसे दोनों नगर लोकप्रिय नेता हैं दोनों का जनाधार अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस का वोट बैंक में इजाफा करेगा नगर में लोगों की चर्चा के अधार पर आत्माराम यादव अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे दिखाई दे रहें हालांकि दोनों ने शीर्ष नेतृत्व निर्णय को सर्वमान्य की बात की है।

सियासत | निर्दली पार्षद ने बिगाड़ा खेल

कांग्रेस ने 7 और भाजपा के खेमे में आई 5 सीटे

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। कसडोल नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस 7, भाजपा 5 एवं निर्दलीय 3 प्रत्याशी विजयी हुए। किसी भी पार्टी को अध्यक्ष बनने पूर्ण बहुमत नहीं मिला। भाजपा-कांग्रेस दोनों हो निर्दलीय प्रत्याशी को साधने में लगे है। कांग्रेस सिर्फ एक निर्दलीय प्रत्याशी को अपने पक्ष में करके अध्यक्ष बना सकती और भाजपा को तीनों निर्दलीयों को अपने पक्ष में करना होगा ।

निर्वाचन अधिकारी टी सी अग्रवाल से मिली जानकारी के वार्ड एक मे कांग्रेस की दीपिका अजय ने निदलीय प्रमिला देवर से 10 वोट अधिक प्राप्त कर विजयी हुई।वार्ड 2 में कांग्रेस की सेवती कैवर्त ने निर्दलीय सुनीता साहू से 56 वोट अधिक प्राप्त कर विजयी हुई।वार्ड 3 से कांग्रेस के विकास यादव ने भाजपा के भगत राव से 61 मत अधिक प्राप्त कर विजयी।वार्ड 4 से भाजपा के प्रदीप मिश्रा ने निर्दलीय लक्ष्मण मिश्रा से 62 वोट अधिक प्राप्त कर विजयी।वार्ड 5 में भाजपा के राकेश सिदार ने कांग्रेस के भूषण सिंह पैकरा से 45 मत अधिक प्राप्त कर विजयी हुए।वार्ड 6 में भाजपा के चन्द्रिका वैष्णव ने कांग्रेस के पदमा यादव से 161 वोट अधिक प्राप्त कर विजयी।वार्ड 7 में निर्दलीय प्रत्याशी कमल कैवर्त ने कांग्रेस के ललिता यादव से 23 मत अधिक प्राप्त कर विजयी।वार्ड 8 में भजपा के रूपचन्दसाहू ने निर्दलीय प्रत्याशी निर्मला साहू से 15 वोट अधिक प्राप्त कर विजयी।वार्ड 9 में भाजपा के गुनी राम साहू ने कांग्रेस के हेमलाल साहू से 160 मत अधिक प्राप्त कर विजयी।वार्ड 10 में कांग्रेस की नीलू साहू 133 मत अधिक प्राप्त कर विजयी।वार्ड 11 में कांग्रेस की खिलेश्वरी क्षत्रिय ने भजपा की गंगा बाई से 67 मत अधिक प्राप्त कर विजयी।वार्ड 12 में कांग्रेस के ॠत्विक मिश्रा ने भाजपा के कमल श्रीवास से 230 मत प्राप्त कर विजयी।वार्ड 13 में निर्दलीय प्रत्याशी विनोद बंजारे ने भाजपा के प्रह्लाद सतनामी से 20 वोट अधिक प्राप्त कर विजयी।वार्ड 14 में कांग्रेस के खिलावन डहरिया भाजपा के गणेश शंकर साहू से 8 मत प्राप्त कर विजयी।वार्ड 15 में निर्दलीय प्रत्याशी संदीप मिश्रा भाजपा के अरुण पटेल से 90 मत अधिक प्राप्त कर विजयी।श्री अग्रवाल ने अंत मे शांति पूर्ण चुनाव सम्पन्न होने पर सब को धन्यवाद दिए।

खरोरा में भाजपा ने छीनी कांग्रेस से सत्ता

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। सबसे अधिक वोटों से जीते भाजपा से अनिल सोनी की जीत दर्ज लगातार तीन बार के पार्षद कांग्रेस के भरत कुंभकार सीट बचाने के के लिए करना पड़ा संघर्ष अधिकांश वार्डो में कांग्रेसी प्रत्याशियों की हुई जमानत जप्त वार्ड क्रमांक 1 से सुरेंद्र गिलहरे निर्दलीय प्रत्याशी ने 299 वोट प्राप्त किए व कांग्रेश के रुपेश मनहरे ने171 मत प्राप्त की सुरेंद्र गिलहरे ने 128 वोट से विजय प्राप्त की वार्ड नंबर 2 वार्ड नंबर भारतीय संत नवरंगे निर्दलीय प्रत्याशी 182 और प्राप्त किए व कांग्रेस के जुगाड़ा बाई रात्रे 94 मत प्राप्त किए 88 वोटों से भारतीय नवरंगे विजयी रही। वार्ड नंबर 3 कांग्रेस के राहुल मरकाम ने 174 मत प्राप्त कर ललित

कटरा निर्दलीय प्रत्याशी को 57 वोटों से हराया। भाजपा की कांति भूपेंद्र सेन वार्ड नंबर 4 से 247 मत प्राप्त किए वह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय प्रत्याशी स्वरस्वती देवांगन को 93 वोटों से शिकस्त दी। वार्ड नंबर 5 भाजपा के कपिल नशीने ने 235 मत प्राप्त किए निर्दलीय प्रत्याशी भूषण देवांगन को145 मतों से हराया। वार्ड नंबर 6से भाजपा की रश्मि वर्मा 187 मत प्राप्त कर अपने निकटतम अपने निकटतम प्रतिद्वंदी ममता देवांगन निर्दलीय को 11 वोटों से हराया। वार्ड नंबर 7 से तोरण सिंह ठाकुर ने 183 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेश के लोकेश देवांगन 146 मतों से शिकस्त दी। वार्ड नंबर 8 मोना बबलू भाटिया कांग्रेश अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के रजिया पटेल 100 वोटों से हराकर विजय प्राप्त की।

पंडरिया-लोहारा में निर्दलीय बन सकते हैं निर्णायक

नवप्रदेश संवाददाता

अध्यक्ष पद नजर आ रहा अधर में आखिर किसका होगा पतवार

कवर्धा। नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम घोषित होने के साथ ही अब कांग्रेस और भाजपा दोनो को ही अध्यक्ष पद में काबिज होने के लिए 1 निर्दलीय का सहारा लेना पड़ सकता है। लोहारा नगर पंचायत का यह परिणाम बड़ा ही रोचक हो चुका हैं

उन्होने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे चुनाव लड़कर भाजपा और कांग्रेस को मात देते हुए जीत हासिल की है। अब अध्यक्ष पद के लिए जिस तरफ ये समर्थन करेंगें उनकी जीत होनी निश्चित मानी जा रही है। फिलहाल नगर पंचायत लोहारा में अध्यक्ष पद में कसमकस की स्थिति बनते नजर आ रही है। और यह चर्चा का विषय भी बना हुआ है कि निर्दलीय प्रत्याशी किसे समर्थन देगा और कौन अध्यक्ष बनेगा।

पंडरिया नगर पंचायत के परिणाम भी अध्यक्ष पद के लिए बडी मुश्किल भरा बनते जा रहा है। दरासल नगर पंचायत पंडरिया के परिणाम में जहां बीजेपी ने 03 सीट हासिल की तो कांग्रेस ने 06 सीटो पर कब्जा जमाया है तो जोगी कांग्रेस भी 05 सीटो में शानदार जीत हासिल की है। तो एक निर्दलीय ने भी जीत का परचम लहराया है। अब पंडरिया नगर पंचायत में स्थिति यह निर्मित हो रही है कि एक निर्दलीय प्रत्याशी कही जोगी कांग्रेस को समर्थन देती है तो कांग्रेस के बराबर 6 सीटो में पहुंच जाएगी। बावजूद इसके अध्यक्ष पद का फैसला अधर में ही लटका रह सकता है। लेकिन कही निर्दलीय कांग्रेस पार्टी को समर्थन देती है तो ऐसी स्थिति में कांग्रेस का अध्यक्ष बनना तय माना जा सकता है। फिलहाल राजनितज्ञ भी अब इस अध्यक्ष पद पर काबिज होने गुणा भाग लगाते नजर आ रहे हैं ।

15 वार्डो में 6 भाजपा तो 5 कांग्रेस और 4 निर्दलीय प्रत्याशी ने जीता

नवप्रदेश संवाददाता

भटगांव। नगर पंचायत भटगांव मे पार्षद पद के लिए चल रहे चुनाव मे 15 वार्डो मे से 7 वार्डो में महिला प्रत्याशियो ने जीत हासिल किया है जहां 15 वार्डो मे 6 भाजपा 5 कांग्रेस तथा 4 निर्दलीय प्रत्याशी ने जीता तथा कौन प्रत्याशी अपने वार्डो मे कितना वोट प्राप्त किया है जहा वार्ड क्रमांक 1 मे लक्ष्मी साहू भाजपा प्रत्याशी ने कुल 426 वोट प्राप्त कर कांग्रेस की योगेश्वरी साहू को 271 वोटो से हराया। इसी तरह वार्ड क्रमांक 2 से शीला साहू को 230 वोट प्राप्त हुए जहा कांग्रेस की जगोतीन बिसेन को 162 निर्दलीय प्रत्याशी ललीता यादव 103 व जोगी कांग्रेस से बुधवारा यादव को 4 और 2 नोटा मे पड़े जहां भाजापा की शीला साहू 68 वोट से जीते। तो वही

भाजपा की ज्योति सारथी को 285 कांग्रेस की संध्या राजेत्री को 90 जहां निर्दलीय प्रत्याशी सोनी सागर को 127 व विश्वनाथ खाण्डेकर को 1 वोट मिले जहा निर्दलीय प्रत्याशी सोनी सागर से भाजपा की ज्योति सारथी 158 वोट से जीते। वार्ड क्रमांक 4 से भाजपा की नवीन वैष्णव को 255 व कांग्रेस की गौतम बाई को 140 निर्दलीय निता राकेश कर्ष को 16 व डाबेन्द्र वैष्णव को 18 वोट मिला जहा भाजपा की नवीन वैष्णव ने कांग्रेस की गौतम बाई साहू को 115 वोटो से हरायी। वार्ड क्रमांक 5 मे भाजपा की रंजिता रघु को 215 व कांग्रेस की मीरा केशरवानी को 159 वोट मिले जहा भाजपा की रंजिता रघु ने 56 वोट से कांग्रेस की मीरा केशरवानी को हराया। वार्ड क्रमांक 6 मे कांग्रेस के लक्ष्मीकांत देवांगन को 382 व भाजपा के ओमप्रकाश यादव को 168 एवं नोटा 4 रहे जहा कांग्रेस के लक्ष्मीकांत देवांगन ने 214 वोटो से भाजपा के ओमप्रकाश यादव को हराया।

अध्यक्ष बनाने में 3 निर्दलीय पार्षद होंगे किंगमेकर

नवप्रदेश संवाददाता

डोंगरगढ़। स्थानीय नगर पालिका परिषद के चुनाव में इस 24 वार्ड के परिणाम आ चुका है । इस बार के पार्षद चुनाव में निर्दलीय जीते 3 पार्षद की भूमिका अध्यक्ष तय करेंगे 24 सदस्यीय परिषद में भाजपा 10 सीट व कांगेस 11 सीट पर भाजपा ने परचम लहराया वहीं 3 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी पताका फहराकर दोनों प्रमुख पार्टी के अध्यक्ष पद की लालसा पर पानी फेर दिया है । दिलचस्प मुकाबला में वार्ड नं. 1 से शिव निषाद, 2, राजेश गजभिये, 3, प्राची सौमित्र सोनी, 4, डी एकेश राव, 5, कमलेश धामगाये, 6, रमेश लिल्हारे, 7, कुसुम मरकाम, 8, अलका सहारे, 9, अनीता लोकेश इंदुरकर, 10, काजल डोंगरे, 11, उमा महेश वर्मा, 12, दीपाली हरीश भंडारी, 13, अमित छाबड़ा, 14, सुदेश मेश्राम, 15, मनोज साहू, 16, बल्देव यादव, 17, राकेश अग्रवाल, 18, आयशा बेगम, 19, राधे कृष्ण कन्नौजिया, 20, हरीश मोटघरे, 21, मनोहर कंडरा, 22, राहुल यादव, 23, शालिनी ताम्रकार, व 24 से जया आशीष सिंह ने जीत दर्ज किया है ।

योग जागरूकता रैली निकाली गई

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में एवं योग प्रचारक प्रकल्प से दिनाँक 21दिसम्बर से 25 तक स्थान गायत्री मंदिर के आंगन ग्राम पंचायत ईल्दा में, विकासखंड व तहसील तिल्दा में निःशुल्क योग शिविर आयोजन किया गया है जिसमें योगाचार्य प्रताप साहू जिला योग प्रचारक रायपुर के द्वारा निःशुल्क परीक्षण दिया जा रहा है जिसमें ग्रामीण महिलाएं एवं बच्चे भाग लेकर सर्दी के दिनों में होने वाली रोगों के लिए जैसे अस्थमा ,एलर्जी, सर्दी ,खांसी कफ एवं जोड़ों के दर्द गठिया बाद इस सारे रोगों का उपचार योग और जिसमें योग शिविर के चौथे दिन कठिन आसनों जैसे मयूरासन, ताड़ासन ,वृक्षासन, गरुड़ासन , शीर्षासन , सेतुबंध तथा अन्य दिनो बारह आसन ,सूर्य नमस्कार,बारह दंड,आठ बैठक ,सुक्ष्म व्यायाम तथा आठ प्राणायाम का और विशेष षट्कर्म क्रिया माध्यम से बच्चों को ने सीखने के लिए उत्साहित हो रहे हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। छात्र जीवन से ही अनुशासन और देश प्रेम का जस्बा हमारे लिए बेहतर भविष्य निर्धारित करता है उक्त बातें सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित शिविर के समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने कही। ज्ञात हो कि सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.वि.कसडोल के रा.सेवा. योजना इकाई द्वारा ग्राम भदरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें प्रतिभागी छात्र समूह द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत गलियों की एवम नालियों की साफ सफाई की गई साथ ही स्वंय सेवको ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति चेतना जगाने प्रति दिन प्रभात फेरी निकाल कर गीत द्वारा लोगों को जागरूक किया जाता रहा । इसके समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित वसुंधरा सामाजिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने कहा कि छात्र जीवन से ही अनुशासन और देश प्रेम का जस्बा हमें बेहतर भविष्य की ओर ले जाता है उन्होने कहा कि वो शिक्षा अधूरी है जो देश व समाज में परिवर्तन लाने की ताकत नहीं रखती। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिव कुमार मिश्र और सुनील तिवारी ने भी संबोधित करते हुये लोगों को नशापान और अन्य सामाजिक बुराईयो से दूर रहने आह्वान किया।

जनता ने नकारा कांग्रेस को, भाजपा पर किया विश्वास: राजेश साहू

गरियाबंद। जिले के चारो निकाय नगर पालिका गरियाबंद, नगर पंचायत छुरा, फिंगेश्वर तथा राजिम में भारतीय जनता पार्टी के सर्वाधिक पार्षद जितकर आने पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू ने नवनिर्वाचित पार्षदो एवं भाजपा कार्यकर्ताओ को बधाई दी है। उन्होने कहा कि एक वर्ष के कांग्रेस के शासन से हर वर्ग के बीच नाराजगी थी इसी का परिणाम है कि चुनाव में जिले के चारो निकाय की जनता ने कांग्रेस को सबक सिखया है। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीति और कार्यक्रम हमेशा विकास का पर्याय रहा है। सभी निकायो में क्षेत्र के लोगो की समस्याओ के लिए पार्टी के पार्षद हमेशा तत्पर रहेंगे और जनता ने जो विश्वास के प्रति किया है उस विश्वास को बनाए रखने में जिला एवं मंडल संगठन भी हमेशा ख्याल रखेगा।

महासमुन्द नगरपालिका परिषद् की मतगणना सम्पन्न

महासमुन्द। नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 के तहत नगरपालिका परिषद् महासमुन्द के लिए मतगणना आज यहां कृषि उपज मंडी पिटियाझर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री सुनील कुमार जैन के मार्गदर्शन में सवेरे 09:00 बजे प्रारंभ हुआ । इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ल, महासमुन्द जिले की नगरपालिका परिषद् महासमुन्द, नगरपालिका परिषद् बागबाहरा एवं नगर पंचायत तुमगांव के लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर श्री जगदीश सोनकर, श्री शरीफमोहम्मद खान, श्री आलोक पाण्डेय सहित अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारीगण, अभिकर्तागण उपस्थित थे।

राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों के समक्ष स्ट्रांग रूम खोला गया

महासमुन्द । नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 के तहत आज यहां कृषि उपज मंडी पिटियाझर में स्थापित स्ट्रांग रूम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री सुनील कुमार जैन एवं राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ल, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर श्री जगदीश सोनकर, श्री शरीफ मोहम्मद खान, श्री आलोक पाण्डेय सहित अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

आज मुख्यमंत्री महासमुंद प्रवास पर

महासमुन्द। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 25 दिसम्बर को महासमुन्द जिले के दौरे पर आएगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 1.30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 02:00 बजे महासमुन्द जिले के ग्राम कोमा (खल्लारी) पहुंचेंगे और यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अपरान्ह 03:10 बजे ग्राम कोमा से बेमेतरा जिले के ग्राम लोलेसरा के लिए प्रस्थान करेंगे।

देवेंद्र श्रेय व शेषनाथ कश्यप को लिपिकों ने दी श्रद्धांजलि

भाटापारा । छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने कलेक्टर कार्यालय में कार्यरत सहायक ग्रेड 3 देवेंद्र श्रेय व अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में कार्यरत सहायक ग्रेड 3 शेषनाथ कश्यप के सड़क दुर्घटना में हुये दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया और श्रद्धांजलि दी। लिपिक संघ के संभागध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाध्यक्ष संतोष वैष्णव, प्रांतीय सचिव निरंजन बरिहा, मधु ठाकुर, प्रांतीय संयुक्त सचिव भारती कौश, ब्लॉक अध्यक्ष द्वय भूपेंद्र साहू, भूषण मरकाम ,अमित वर्मा, अनिल पटेल ,चितरंजन बंजारे, जिला सचिव वीरू कोसले, रवि बंजारे, जिला सह सचिव लेखराम ध्रुव इत्यादि लिपिकों ने देवेंद्र श्रेय, व शेषनाथ कश्यप के सड़क दुर्घटना में हुये दुखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया तथा श्रद्धांजलि दी।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

ईलाकाई सरकार तय...

समेत भाजपा-कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के क्षेत्र में मतदाताओं ने चौंकाने वाला फैसला सुनाया। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के गृहक्षेत्र में कांग्रेस का परचम लहराया। मंत्री मोहम्मद अकबर का विधानसभा चुनाव में रिकार्ड जीत और कार्य का प्रभाव दिखाई दिया और मतदाता कांग्रेस के पक्षे में दिखे। इसी तरह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का प्रभाव भी दुर्ग में कांग्रेस प्रत्याशियों को जनता से मिला वोट यह जाहिर करता रहा कि भाजपा पर फिलहाल उन्हें ऐतबार नहीं है। लोकतंत्र में राजा चुनने वाली जनता का एक दूसरा मूड चौंकाने वाला भी दिखा।

दुर्ग में सीएम...

15 वार्डों में से 12 वार्डो पर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत लगभग तय हो गई है, जबकि अन्य 02 वार्डों में भाजपा और 01 वार्ड में भाजपा से बागी होकर निर्दलीय लड़ रहे मोहन देवांगन प्रत्याशी की जीत लगभग मानी जा रही है।

मशक्कत के बाद...

वहीं भाजपा के प्रबोध मिंज भी चुनाव जीत गए हैं। देर रात तक कई अन्य नगरीय निकाय के परिणामों में फेरबदल की उम्मीद बरकरार थी। दिग्गज प्रत्याशियों के इलाकों में गिनती और अनंतिम परिणामों में समचार लिखे जाने तक बदलाव की स्थिति बनी हुई थी।

लेट शुरू हुई....

में थी। जबकि बीजेपी बढ़त से नीचे पायदान 19 पर आ गयी थी। काउंटिग के शुरुआती दौर व 3 घंटे बाद की स्थिति तक रायपुर में भाजपा-कांग्रेस के बीच बेहद कड़ी टक्कर थी। एक बार यहां भाजपा पिछड़ती दिखी फिर कांग्रेस अचानक बढ़त के बाद पिछड़ने लगी यह सिलसिला परिणाम आने के आखरी क्षणों तक दिखा। कांग्रेस ने 32 वार्ड में बढ़त बनायी है, जबकि बीजेपी 28 वार्डों में आगे चल रही है। यहां पहले भाजपा ने करीब दो से तीन घंटे तक बढ़त बनाये रखी थी। बिलासपुर और कांग्रेस में बराबरी का मुकाबला है। 70 कुल वार्ड संख्या में 33 वार्डों में कांग्रेस और 34 वार्डों में बीजेपी आगे चली। चिरमिरी नगर निगम पर कांग्रेस ने कब्जा जमा लिया है। इससे पहले अंबिकापुर में भी कांग्रेस ने कब्जा जमा लिया था। कोरबा में भी बड़ा उलटफेर देखने को मिला, कोरबा में कांग्रेस काफी पिछड़ती दिख रही थी, लेकिन बाद में कांग्रेस 25 सीटों पर आगे हो गयी, जबकि बीजेपी सिर्फ 19 सीटों पर सिमटती दिखी।

मंत्री-पूर्व मंत्री के किले...

को 15 सीट में से सिर्फ 1 सीट मिली। जबकि 12 पार्षद की सीटें कांग्रेस की झोली में गई। तो वहीं 2 सीटें निर्दलीय प्रत्याशियों के खाते में गई। परिणाम के बाद भाजपा खेमे में मायूसी छायी हुई है। बेमेतरा के साजा विधानसभा क्षेत्र के देवकर नगर पंचायत में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिल गया है। 15 वार्डों के नगर पंचायत में 8 सीटों पर भाजपा, 6 पर कांग्रेस और 1 सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी को जीत मिली थी। बता दें यह विधानसभा सीट मंत्री रविन्द्र चौबे की है। कृष्णमूर्ति बांधी के मल्हार नगर पंचायत से भी बीजेपी के लिए बुरी खबर आयी है। यहां 9 सीट पर कांग्रेस ने कब्जा जमाकर बहुमत हासिल कर लिया है, तो वहीं बीजेपी के खाते सिर्फ 6 सीटें आयी है।

पूर्व सीएम रमन...

200 वोट से हराया है। इस वार्ड में भाजपा प्रत्याशी के प्रचार में डॉ. सिंह ने सभा भी की थी।

पहले 9 था इस वार्ड का क्रमांक :

इस वार्ड का पूर्व में क्रमांक 9 था। इस जीत पर सुरेखा नामदेव का कहना है कि मतदाताओं का आशीर्वाद है जो उन्होंने जीत हासिल की। जीत पर ये कहा सुरेखा नामदेव ने उन्होंने कहा कि इस वार्ड में उनके पति संतोष नामदेव वर्ष 2019 में पार्षद रह चुके हैं इनके द्वारा वार्ड को हर तरह की सुविधाएं भी प्रदान की है, जैसे मूलभूत सुविधाओं में बिजली पानी सड़क आदि शामिल हैं। उन्होंने जीत का श्रेय जनता को देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

लोगों का डाटा बेस...

पीछे जहां देश में अवैध नागरिकों की पहचान का मकसद छिपा है। वहीं, छह महीने या उससे अधिक समय से स्थानीय क्षेत्र में रहने वाले किसी भी निवासी को एनआरसी में आवश्यक रूप से पंजीकरण करना होता है।

बाहरी की भी हाजिरी- बाहरी व्यक्ति भी अगर देश के किसी हिस्से में छह महीने से रह रहा है तो उसे भी एनपीआर में दर्ज होना है। एनपीआर के जरिए लोगों का बायोमीट्रिक डेटा तैयार कर सरकारी योजनाओं की पहुंच असली लाभार्थियों तक पहुंचाने का भी मकसद है।

मोदी केबिनेट की...

टनल में से एक होगा। इसको हमने अटल टनल नाम दिया है।

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता में नए संशोधन संबंधी अध्यादेश की मंजूरी दी।
- सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने चीफ आफ डिफेंस स्टाफके सृजन को मंजूरी दी।
- मंत्रिमंडल ने रेलवे के पुनर्गठन को मंगलवार को मंजूरी दे दी जिसमें अब आठ की जगह अध्यक्ष सहित पांच सदस्य होंगे।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता में नए संशोधन संबंधी अध्यादेश की मंजूरी दी।

प्रदर्शनकारी की मौत...

कोशिश की तो उसने सिपाही पर गोली चला दी। इसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बचा। मालूम हो कि प्रदेश के पुलिस महानिदेशक ओम प्रकाश सिंह समेत तमाम आला अधिकारियों ने दावा किया था कि किसी भी प्रदर्शनकारी की मौत पुलिस की गोली से नहीं हुई है।

चीफ ऑफ डिफेंस...

का गठन किया गया था।

इसका फायदा क्या होगा?

इसका सबसे बड़ा फायदा युद्ध के समय होगा। युद्ध के समय तीनों सेनाओं के बीच प्रभावी समन्वय कायम किया जा सकेगा। इससे दुश्मनों का सक्षम तरीके से मुकाबला करने में मदद मिलेगी। दरअसल सशस्त्र बलों की परिचालनगत योजना में कई बार खामियां सामने आईं। 1962 में चीन के साथ भारत का युद्ध हुआ था। उस युद्ध में भारतीय वायुसेना को कोई भूमिका नहीं दी गई थी जबकि भारतीय वायुसेना तिब्बत की पठारी पर जमा हुए चीनी सैनिकों को निशाना बना सकती थी और उनके बीच तबाही मचा सकती थी। इसी तरह से पाकिस्तान के साथ 1965 के युद्ध में भारतीय नौसेना को पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हमले की योजना से अवगत नहीं कराया गया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के रहते हुए इस तरह की कोई खामी नहीं रहेगी और सेना प्रभावी ढंग से दुश्मन से निपट सकेगी।

राहुल गांधी होंगे...

रविन्द्र चौबे, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, मोहम्मद अकबर, कवासी लखमा, डॉ. शिवकुमार डहरिया, अनिला भेंड़िया, जयसिंह अग्रवाल, गुरू रूद्र कुमार, उमेश पटेल, अमरजीत भगत। सांसद श्रीमती छाया वर्मा, श्रीमती ज्योत्सना महंत, दीपक बैज, विधायक मोहन मरकाम, सत्यनारायण शर्मा, धनेन्द्र साहू, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती शारदा वर्मा और रायपुर नगर निगम के महापौर श्री प्रमोद दुबे होंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में पहली बार राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव अब अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव का रूप ले लिया है। तीन दिवसीय इस नृत्य महोत्सव में देश के 25 राज्य एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ ही 6 देशों के लगभग 1350 से अधिक प्रतिभागी अपनी जनजातीय कला संस्कृति का प्रदर्शन करेंगे। इस महोत्सव में 39 जनजातीय प्रतिभागी दल 4 विभिन्न विधाओं में 43 से अधिक नृत्य शैलियों का प्रदर्शन करेंगे।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 329/19-20
वार्ड का नाम- सिविल लाईन-42

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिविल लाईन-42 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 42/809 जो कि निगम अभिलेख में श्री सुरेश शादीजा s/o स्व. डी.डी. शादीजा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री अचिन बैनर्जी s/o स्व. आर.सी. बेनर्जी रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 23/12/19
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीरनगर कालोनी रायपुर में निर्मित एच.डी.डी. भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक एच.डी.डी.-77 फेस-3 में श्रीमती बलजीत कौर भाटिया पति श्री बलदेव सिंह भाटिया को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 23.10.07 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 03.12.2019 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती गीता पुरोहित पति श्री मदनलाल पुरोहित के नाम से निष्पादित को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.

नि.क्र. 58/त.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2019, कांकेर/ दिनांक 16/12/2019

-:: लघु मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से उत्तर बस्तर कांकेर जिले के निम्नांकित कार्य हेतु सक्षम पंजीकृत निर्माताओं/ विक्रेताओं से निविदाएं प्रपत्र ''सी'' में आमंत्रित की जाती है।

सामग्री का विवरण :- कांकेर जिले अंतर्गत शासकीय शालाओं में सिंगलफेस सबमर्सिबल पंप सेट प्रदाय एवं स्थापना संबंधित कार्य

समूह क्र.	सामग्री का नाम	अनुमानित लागत रु. लाख में	आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
01	चारामा	14.29	
02	भानुप्रतापपुर	8.397	
03	दुर्गुकोन्दल	9.418	31.12.2019
04	अंतागढ़	5.861	
05	कोयलीबेड़ा	5.183	

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्तें अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी-75973/2

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

दीपिका पादुकोण का फैन बोला- 'काश मैं टिशू पेपर होता'

दीपिका पादुकोण ने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में उन्होंने टिशू पेपर पर अपनी होंठों से रेड लिपिस्टिक का निशान छोड़ा हुआ है। इसके बाद तो उनके फैंस ने कॉमेंट करना शुरू कर दिया

दीपिका पादुकोण की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'छपाक' अगले महीने रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इसके बाद दीपिका की ऐक्टिंग देखकर लोगों का अच्छा रेस्पांस मिला है। फिलहाल इस समय एक्ट्रेस अपनी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं।

दीपिका पादुकोण ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में उन्होंने टिशू पेपर पर अपनी होंठों से रेड लिपिस्टिक का निशान छोड़ा हुआ है। इसके बाद तो उनके फैंस ने कॉमेंट करना शुरू कर दिया।

दीपिका पादुकोण के टिशू पेपर वाली फोटो पर एक यूजर ने कॉमेंट किया, 'काश मैं टिशू पेपर होता।' वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, 'अगर मुझे यह मिल जाता है तो मैं इसे अपने बेडरूम में फ्रेम करके रख लेता।'

'छपाक' एसिड अटैक सर्वाइवर लक्ष्मी अग्रवाल की रियल लाइफ स्टोरी पर बेस्ड है। बता दें कि लक्ष्मी अग्रवाल एसिड अटैक को रोकने के लिए अभियान चला रही हैं। मेघना गुलजार के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 10 जनवरी, 2020 को रिलीज होगी।

मीरा राजपूत की फोटो पर शाहिद कपूर ने किया प्यारा कमेंट

मीरा राजपूत ने जो तस्वीर शेयर की है। उसमें आप देख सकते है कि वह नेचर में इंजॉय कर रही हैं। इस तस्वीर के बैकग्राउंड में सूरज नजर आ रहा है।

ऐक्टर शाहिद कपूर और उनकी वाइफ मीरा राजपूत कपूर बॉलिवुड में खूबसूरत कपल में से एक हैं। यह कपल आए दिन डिनर डेट, वर्कआउट सेशन पर जाते हुए स्पॉट होता है। इसके अलावा शाहिद और मीरा अपने सोशल मीडिया अकाउंट से अपने फैंस को अपडेट करते रहते हैं। वहीं, अब मीरा ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीर शेयर की है। उनकी इस तस्वीर पर शाहिद कपूर ने बहुत प्यारा कॉमेंट किया है। मीरा राजपूत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी तस्वीर शेयर की है। आप देख सकते है कि वह नेचर में इंजॉय कर रही हैं। इस तस्वीर के बैकग्राउंड में सूरज नजर आ रहा है।

सोनम ने पापा अनिल कपूर को किया बर्थडे विश, बोलीं- 'हैपी 21'

ऐक्टर की वाइफसुनीता कपूर और दोनों बेटियां सोनम कपूर और रिया कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जन्मदिन पार्टी की विडियोज और फोटोज शेयर किए हैं। बॉलिवुड के दिग्गज ऐक्टर अनिल कपूर आज यानी 24 दिसंबर को अपना 63वां जन्मदिन मना रहे हैं। अनिल कपूर अपने परिवार के सदस्य और करीबी दोस्तों के साथ बीती रात को पार्टी की। ऐक्टर की वाइफसुनीता कपूर और दोनों बेटियां सोनम कपूर और रिया कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जन्मदिन पार्टी की विडियोज और फोटोज शेयर किए हैं। सोनम कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ पिक्चर्स और विडियोज शेयर किए हैं। एक विडियो में अनिल कपूर केक काट रहे हैं औरप सोनम उन्हें 'हैपी 21' कहकर बधाई दे रही हैं। वहीं रिया कपूर ने अपने फैमिली की तस्वीर शेयर करते हुए अपने पिता को जन्मदिन की बधाई दी।

QUIZ TIME

1) एच.आई.वी में पाया जाने वाला न्यूक्लीक अम्ल होता है (1 डीएनए / 1 आरएनए)
2) 1955 में बांडुंग सम्मेलन कहाँ हुआ था?
(क) वियतनाम (ख) मिस्र (ग) इंडोनेशिया (घ) फिलीपींस
3) शिवसमुद्र एक द्वीप है जो बनाया गया है-
4) आर्य समाज की स्थापना 1875 में पहली बार कहां हुई थी?
5) हैवीवेट श्रेणी का पहला मुक्केबाज कौन था जो अपने सारे जीवन काल में अपराजित रहा?

Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) 1 आरएनए (2) इंडोनेशिया (3) कावेरी नदी (4) बंबई (5) रॉकी मार्सियानो

दर्शकों के दिलों पर खास पहचान बनायी अनिल ने

जन्मदिन पर विशेष

मुंबई (वार्ता)। हिंदी फिल्म जगत में अनिल कपूर का नाम उन गिने चुने अभिनेताओं में शुमार किया जाता है जिन्होंने चार दशक से अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के दिल में आज भी एक ख़ास मुकाम बना रखा है।

मुंबई के चेंबूर इलाके की छोटी सी बस्ती में 24 दिसंबर 1959 को जन्में अनिल के पिता सुरेन्द्र कपूर फिल्म निर्माता थे। घर में फिल्मी माहौल में रहने के कारण वह अक्सर अपने पिता के साथ शूटिंग देखने चले जाते और अभिनेता बनने का सपना देखा करते। अनिल के पिता ने उनके फिल्मों के प्रति बढते रूझान को पहचान लिया और उन्हें इस रास्तें पर चलने के लिये प्रेरित किया। अनिल ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1979 में प्रदर्शित फिल्म 'हमारे तुम्हारे' से की लेकिन कमजोर पटकथा और निर्देशन के कारण फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से नकार दी गयी। वर्ष 1982 में उन्हें दिलीप कुमार और अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म शक्ति में काम करने का मौका मिला लेकिन इससे उन्हें कुछ खास फायदा नहीं पहुंचा। वर्ष 1983 में अनिल को अपने पिता के बैनर तले बनी फिल्म 'वो सात दिन' में काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में उनके सामने कला फिल्मों के महारथी नसीरूदीन शाह थे लेकिन अनिल कपूर अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे। फिल्म की सफलता के बाद वह कुछ हद तक अपनी पहचान बनाने में सफल रहे।

वर्ष 1985 मे अनिल को यश चोपडा की फिल्म 'मशाल' में काम करने का अवसर मिला। यूं तो पूरी फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार के इर्द गिर्द घूमती थी लेकिन अनिल ने फिल्म में अपनी छोटी सी भूमिका में दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिये उन्हें सहायक अभिनेता का फिल्म फेयर अवार्ड भी मिला। वर्ष 1987 में प्रदर्शित फिल्म 'मिस्टर इंडिया' अनिल के सिने करियर की सबसे कामयाब फिल्म साबित हुयी। शेखर कपूर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अनिल ने एक ऐसे युवक की भूमिका निभायी जिसे एक चमत्कारी यंत्र मिल जाता है जिसके सहारे वह गायब हो सकता है। बाद में अपने देश को बर्बादी से बचाने के लिये वह खलनायक से मुकाबला करता है और उसे हराकर विजयी बनता है।

सरकार घटा सकती है लाइसेंस फीस, एयरटेल-वोडा-जियो की होगी करोड़ों की बचत

- सरकार टेलिकॉम कंपनियों की लाइसेंस फीस 8 प्रतिशत से घटाने पर कर रही विचार
- यह हाल में दूसरी बड़ी राहत होगी, जिससे टेलिकॉम कंपनियों की करोड़ों में बचत संभव हो पाएगी

मुंबई। सरकार टेलिकॉम कंपनियों की लाइसेंस फीस 8 प्रतिशत से घटाकर 5 या 6 प्रतिशत कर सकती है। भारी कर्ज से बदहाल इन कंपनियों के लिए यह हाल में दूसरी बड़ी राहत होगी, उनकी करोड़ों में बचत संभव हो पाएगी। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के सितंबर 2016 में बाजार में आने के बाद इंडस्ट्री में कीमतों की जंग शुरू हुई, जिससे पुरानी टेलिकॉम कंपनियों की आमदनी और मार्जिन में गिरावट आई।

लाइसेंस फीस घटाने पर विचार

दो शीर्ष सरकारी अधिकारियों ने बताया कि इस हफ्ते सरकार में उच्चस्तरीय मीटिंग होगी। इसमें लाइसेंस फीस घटाने पर विचार होगा। इंडस्ट्री को जानने वालों का कहना है कि इससे तीनों टेलिकॉम कंपनियों को हर साल 4,000-5,000 करोड़ रुपये की बचत होगी, लेकिन इससे वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल की बैलेंस शीट से दबाव नहीं घटेगा, जिन्हें दूरसंचार विभाग को क्रमशः 53,000 और 35,500 करोड़ रुपये का भुगतान करना है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले में अजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (AGR) की परिभाषा को व्यापक बनाने से इन पर यह देनदारी आई है।

'AGR बकाये पर कुछ नहीं कर सकती सरकार': शीर्ष सरकारी अधिकारी ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया, 'सरकार तक्र बकाये पर कुछ नहीं कर सकती क्योंकि यह फैसला सुप्रीम कोर्ट ने लिया है। केंद्र ने पहले कंपनियों को स्पेक्ट्रम बकाये के भुगतान पर दो साल की मोहलत दी और अब लाइसेंस फीस में कटौती पर गौर किया जाएगा।'

स्पेक्ट्रम पेमेंट वाली सिफारिश पर पहले ही मंजूरी

टेलिकॉम सेक्टर की वित्तीय सेहत में सुधार के उपाय सुझाने के लिए सचिवों की समिति ने पिछले महीने रिपोर्ट सौंपी थी। उसने स्पेक्ट्रम पेमेंट से दो साल की छूट के साथ लाइसेंस फीस में कटौती का सुझाव दिया था। स्पेक्ट्रम पेमेंट वाली सिफारिश को कैबिनेट पहले ही मंजूरी दे चुकी है। इससे निजी क्षेत्र की तीनों टेलिकॉम कंपनियों को 42,000 करोड़ रुपये की कैश फ्लो रिलीफमिली है। अब लाइसेंस फीस में कटौती पर विचार हो रहा है।

आर्थिक सुस्ती के चंगुल में भारत : आईएमएफ

वॉशिंगटन (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने जनवरी में भारत के विकास दर का अनुमान घटाने के संकेत देते हुये कहा है कि देश अच्छी खासी आर्थिक सुस्ती की चपेट में है और सरकार को प्रोत्साहन पैकेज बाँटने से बचना चाहिये।

आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने सोमवार को यहाँ भारत पर मश्विरा रिपोर्ट जारी किया। इस मौके पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में शुरुआती टिप्पणी में कहा गया है ÷भारत हाल के वर्षों में दुनिया की सबसे तेजी बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में रहा है जिससे लाखों लोगों को गरीबी से उबारने में मदद मिली है। लेकिन अब वह अच्छी खासी आर्थिक सुस्ती के चंगुल में है। वित्त वर्ष 2019-20 की दूसरी तिमाही में विकास दर घटकर छह साल के निचले स्तर 4.5 प्रतिशत पर आ गयी है और निजी घरेलू माँग में मात्र एक प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। अधिकतर संकेतक दिसंबर में भी आर्थिक गतिविधियों के कमजोर रहने की ओर इशारा कर रहे हैं।÷

आईएमएफ ने कहा है कि आर्थिक सुस्ती के कई कारण हैं। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के ऋण उठान में अचानक आयी कमी एक महत्वपूर्ण कारक है। आमदनी में अपेक्षाकृत कम बढ़ोतरी - खासकर ग्रामीण इलाकों में - के कारण निजी उपभोग प्रभावित हो रहा है। वित्तीय क्षेत्र में जारी संकट के कारण निजी निवेश में बाधा आ रही है और कारोबारी विश्वास कमजोर पड़ा है।

नामी कंपनियां छोड़, स्टार्टअप्स में हाथ आजमा रहे आईआईटी स्टूडेंट्स

नई दिल्ली। आईआईटी में दिसंबर का महीना शुरू होते ही प्लेसमेंट की खबरें फैलने लगती हैं। बड़ी-बड़ी मल्टीनैशनल कंपनियां अपने ऑफर के साथ कैंपस में एंट्री करती हैं। हालांकि अब देखा जा रहा है कि आईआईटी में प्लेसमेंट का पैटर्न बदल रहा है। आईआईटी मद्रास में बीटेक के अपने आखिरी साल की पढ़ाई कर रहे आशुतोष कुमार का प्लान प्लेसमेंट पाने से अलग है। अपने पहले साल में वह चाहते थे कि किसी एयरो-रोबॉटिक क्लब को जॉइन करेंगे लेकिन आखिरी साल आने तक उन्होंने अपने एक सीनियर का स्टार्टअप जॉइन कर लिया। ई-प्लेन नाम का यह स्टार्टअप ड्रोन पर काम करता है। एक अमेरिकी कंपनी में इंटर्नशिप कर चुके आशुतोष कहते हैं कि बड़ी कंपनियां मेरे लिए नहीं हैं। स्टार्टअप ज्यादा सैलरी नहीं दे पाते लेकिन मेरी जरूरतें पूरी हो जाती हैं।

स्टार्टअप्स की बढ़ रही मौजूदगी

फ्लिपकार्ट, ओला और बायजूस जैसे स्टार्टअप भी कैंपस प्लेसमेंट में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रही हैं। पिछले कुछ सालों में यह संख्या लगातार बढ़ रही है। आंत्रप्रन्योरशिप और स्टार्टअप्स की सफलता बच्चों के बीच भी सकारात्मक प्रभाव डाल रही है। आईआईटी मद्रास से पढ़े प्रांजल मेहता ने एक बड़ी कंपनी का ऑफर ठुकराकर अपना स्टार्टअप ई प्लेन शुरू किया। वह कहते हैं, 'पहले तो मेरे पैरेंट्स इस बात को लेकर चिंतित थे लेकिन जब मुझे अच्छा जॉब का ऑफर मिला तो उन्हें मुझपर विश्वास हुआ।' आज प्रांजल की कंपनी के पास छह स्टाफ मेंबर हैं और 20 इंटर्नशिप कर रहे हैं।

जॉब ऑफर बढ़े

इस साल देश की सभी आईआईटी में ज्यादा से ज्यादा इंटरनैशनल जॉब के ऑफर आए हैं। कानपुर और गुवाहाटी आईआईटी का कहना है कि उनके यहां ये ऑफर इस साल दोगुने हो गए। आईआईटी मद्रास को 34, दिल्ली में 14, बीएचयू में 4, खडगपुर में 20 और कानपुर में 10 से ज्यादा जॉब ऑफर आए हैं। यह गिनती आगे भी जारी है। इन कंपनियों में माइक्रोसॉफ्ट जैसी पुरानी कंपनियों के अलावा ऊबर, रूबरिक जैसी नई फर्म भी शामिल हैं।

विदेश में पढ़ाई का जुनून भी कम हुआ

विदेश में जाकर मास्टर या डॉक्टरेट की पढ़ाई करने का सपना भी कम हुआ है। आईआईटी मद्रास के असोसिएट प्रोफेसर अश्विन महालिंगम का कहना है कि साल 1998 में उनकी साथ करीब 40-49 बच्चे अमेरिका पढ़ने गए लेकिन अब यह तादाद घटकर 20 फीसदी रह गई है।

अरुन आइसक्रीम ने त्यौहारों के इस मौसम में मज़ेदार आइसक्रीम रेंज लॉन्च किया

रायपुर (नवप्रदेश)। अरुन आइसक्रीम, जो असली दूध और मलाईसे बनीअपनी स्वादिष्ट आइस क्रीम रेंज के लिए बहुत ज्यादा लोकप्रिय है, ने त्यौहारों के इस मौसम का जश्न मनाने के लिए नावेल आइसक्रीम का चयनित रेंज लॉन्च किया है।

अरुन आइसक्रीम ने हमेशा अपने ग्राहकों को नए स्वाद और मज़ेदार आकृति वाले आइसक्रीम के साथ खुश किया है। इस प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए, अरुन आइसक्रीम अपने 'स्माइली' आकृति वाले बार आइसक्रीम के ज़रिए आपके चेहरे पर मुस्कान लाने का वादा करता है जिसमें चॉकलेट और बटरस्कॉच फ्लेवर्स हैं। अपने प्रियजनों को खुश करने के लिए ये एक बेहतरीन ट्रीट होगा।

कीमत रु. 20(55 मिली)

इसके अलावा, अरुन आइसक्रीम'मेरी ट्रीट' पेश करता है,जोएक आकर्षक कीवी फ्लेवर आइसक्रीम है जिसकी आकृति क्रिसमस ट्री जैसी है। इस ट्रीट के हर बाईट में चोको फ्लेक्स और सूखे ब्लैक करेंट फल का तौहफा छुपा है। इसका स्वाद भोग करने के लिए आपको बस मेरी ट्रीट का एक बाईट लेना होगा।

कीमत रु. 20 (55 मिली)

ये उत्पाद वर्तमान में केरल, टीएन, एपी, तेलंगाना, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के खुदरा दुकानों, सुपरमार्केट, रेस्टोरेंट और हैटसन डेली केआउटलेट में उपलब्ध हैं।

IMF की सरकार को सलाह, मंदी दूर करने को लें तुरंत ऐक्शन

वॉशिंगटन। देश में आर्थिक मंदी को संभालने के लिए भारत सरकार को जल्दी ही कुछ कदम उठाने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने देश में जीडीपी ग्रोथ को बढ़ाने के लिए भारत सरकार को यह सलाह दी है। भारत की इकॉनमी को दुनिया के ग्रोथ इंजनों में से एक करार देते हुए अंतरराष्ट्रीय संस्था ने कहा कि मौजूदा स्थिति से उबरने के लिए जल्दी ही कुछ कदम उठाने की जरूरत है। आईएमएफ ने अपनी सालाना समीक्षा में कहा कि उपभोक्ता मांग में कमी, टैक्स रेवेन्यू में गिरावट और अन्य कई कारणों से भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में एक ब्रेक जैसा लगा है।

लैंड रोवर थार का एक्सपीरियंस रहा शानदार

मुंबई। लैंड रोवर ने कंपनी के एक और सफर लैंड रोवर थार एक्सपीयरिंस को आज खत्म करने की घोषणा की। ÷लैंड रोवर थार एक्सपीयरिंस भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित किया गया लैंडरोवर के रोमांचक अभियान का हिस्सा था। ये सफर फरवरी 2019 से शुरू हुए थे। इसके तहत कंपनी ने ब्रह्मपुत्र एक्सपीरियंस (डिब्रूगढ़ से गुवाहाटी), जंगल एक्सपीरियंस (नागपुर से कन्हा से नागपुर) और हिमायलन एक्सपीरियंस (शिमला से लेह) जैसे अभियान चलाए। ये अभियान उपभोक्ताओं के बीच बेहद लोकप्रिय हो रहे हैं क्योंकि इसमें न सिर्फ रोमांच का मजा है, बल्कि उपभोक्ताओं को लैंड रोवर की क्षमता का भी बेहद करीबी अहसास होता है। इन अभियानों में लैंडरोवर ने जिस आसानी से मुश्किल और ऊबड़ खाबड़ रास्तों को पार किया, वह देखने लायक था।

हाल ही में समाप्त हुई लैंडरोवर थार जर्नी पांच दिन का अभियान था जो 14 दिसंबर को जयपुर से शुरू हुआ और 19 दिसंबर को उदयपुर में जाकर खत्म हुआ। इन पांच रातों और छह दिन के सफर में काफी उत्साही उपभोक्ताओं ने शानदार जगहों पर लैंडरोवर की राइड का आनंद लिया। अभियान के दौरान जौहरी बाजार और हवामहल की चहल-पहल भरी सड़कों से लोगों ने जयपुर के समीप खारे पानी की सांभर झील तक यात्रा का मजा उठाया।

मंत्री के गृहनगर में ही कांग्रेस का बंटाधार ...

निर्दलीयों ने दोनों दलों को सिखाया सबक, पेश की मिसाल

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। बालोद जिले में हुए नगरीय निकाय चुनाव में भले ही कांग्रेस ने जिला मुख्यालय व अर्जुन्दा की सीट को जीतकर कांग्रेस की लाज बचा ली है लेकिन इस चुनाव में कई वार्डो में चौकाने वाले रिजल्ट सामने आए है बात की जाए जिले के डौंडी लोहारा नगर पंचायत की तो सबसे अप्रत्याशित नतीजे इसी निकाय में आये है जहां पर कांग्रेस व भाजपा को पीछे छोड़ निर्दलीय प्रत्यासियो ने बाजी मारी 15 वार्डो में से 07 वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी जीतकर आये तो वहीं भाजपा के 05 प्रत्याशी जीते जबकि सूबे में सरकार और सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री के गृह नगर होने के बावजूद कांग्रेस महज 03 सीट ही जीत पाई यह कहा जा सकता है मंत्री के गृह नगर में ही जनता ने कांग्रेस को नकार दिए

देरानी जेठानी ने मारी बाजी

निकाय चुनाव को लेकर टिकट बंटवारे के बाद से ही डौंडी लोहारा में कांग्रेस कई फाड़ में बंट चुके थे और शुरू से ही टिकट बंटवारे को लेकर सवाल उठाए जा रहे थे तो इस चुनाव मे कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता विद्या शर्मा ने टिकट बंटवारे से नाराज होकर निर्दलीय चुनाव लड़े और वार्ड-12 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पार्षद चुनाव लड़ रही विद्या शर्मा ने 364 वोटों में 234 वोट प्राप्त किये हैं। निर्दलीय प्रत्याशी विद्या शर्मा को 234, कांग्रेस प्रत्याशी डुमलेश्वरी सिन्हा को 82 और भाजपा प्रत्याशी लता गुप्ता को 30 मत मिले हैं। वही वार्ड-4 से निर्दलीय प्रत्याशी ममता शर्मा ने 210 मतों में 134 मत प्राप्त कर जीत हासिल किए हैं। निर्दलीय प्रत्याशी ममता शर्मा को 134, कांग्रेस प्रत्याशी शैल टाक को 11, भाजपा प्रत्याशी आरती संचेती को 25 और निर्दलीय प्रत्याशी आशा देवांगन को 40 मत प्राप्त हुए हैं।

बहरहाल चुनावी नतीजे आने के बाद भले ही निर्दलीय उम्मीदवार ही इस नगर पंचायत की सरकार बनाएगी लेकिन देखना होगा डौंडी लोहारा में सरकार बनाने इन निर्दलीय उम्मीदवारों को कौन सी पार्टी रिझा पाती है और नगर की सरकार बना पाती है

भाजपा का सूपड़ा साफ, कांग्रेस की शानदार जीत

पार्षद चुनेंगे अब अध्यक्ष दावेदार भी कर रहे कड़ी मेहनत, अब अध्यक्ष पद को लेकर फिर से करनी पड़ सकती है माथापच्ची

- निकाय चुनाव में भाजपा को करारी हार, 102 वार्ड में कांग्रेस के 60, भाजपा के 28 व जोगी कांग्रेस के 5 प्रत्याशी जीते
- सभी 6 नगरीय निकाय में 9 प्रत्याशी जीत कर आए, कवर्धा नगर पालिका में कांग्रेस का अध्यक्ष बनना तय

ऋषि षर्मा

मोहित महेश्वरी

संतोष सुरेखा नामदेव

अशोक सिंह

प्रमोद लूनिया

कवर्धा। शहरी सरकार के लिए जिले के 6 नगरीय निकाय में चुनाव का परिणाम मंगलवार को जारी हो गया। कवर्धा नगर पालिका के 27 वार्ड अंतर्गत 49 मतदान केन्द्रों के वोटों की गिनती पीजी कॉलेज में की गई। पूरे जिले के निकाय चुनाव में इस बार भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। जिले के 6 नगरीय निकाय अंतर्गत 102 वार्ड है। इसमें 60 वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशी जीते है। 28 वार्ड में भाजपा व पहली बार चुनाव लड़ रहीं जोगी कांग्रेस ने निकाय चुनाव में खाता खोला है। पंडरिया नगर पंचायत के कुल 15 वार्ड में जोगी कांग्रेस ने 5 वार्ड में जीत दर्ज किया है। कवर्धा शहर में करीब 15 वर्ष बाद कांग्रेस नगर पालिका में वापसी की है। इस बार शासन ने पार्षद द्वारा अध्यक्ष पद का चुनाव कराने आदेश दिया है। ऐसे में कवर्धा शहर में जीते 19 कांग्रेस प्रत्याशी में से कोई एक नगर पालिका का अध्यक्ष बनेगा।

कवर्धा में कांग्रेस को पूर्ण बहूमत

कवर्धा नगर पालिका के कुल 27 वार्ड में कांग्रेस को 19 वार्ड में जीत मिली है। ऐसे में इस नगर पालिका अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी से बनना तय है । अब जीते हुए पार्षद अध्यक्ष पद के लिए चुनाव करेंगे। वैसे इस बार आरक्षण में सामान्य वर्ग है। ऐसे कांग्रेस में कई बड़े चेहरे है। ये अध्यक्ष बन सकते है। इनमे तीन बड़े नाम यह हैं।

नगर पालिका कवर्धा के परिणाम

वार्ड	विजयी प्रत्याशी	दल का नाम	मत	निकटतम प्रत्याशी	दल का नाम	मत
01	अनिता साहू	निर्दलीय	248	संतोषी साहू	भाजपा	205
02	अरुंधती चन्द्रवंशी	कांग्रेस	557	नीरा साहू	निर्दलीय	253
03	उमंग पांडेय	भाजपा	469	राजकुमार तिवारी	कांग्रेस	238
04	संजय लांझी	कांग्रेस	319	सौखी अहिरवार	भाजपा	133
05	नरेन्द्र धुर्वे	कांग्रेस	531	धीरेन्द्र ठाकुर	भाजपा	224
06	जमील खान	कांग्रेस	273	डोनेश ठाकुर	भाजपा	120
07	सुषमा सिन्हा	कांग्रेस	529	माया झारिया	भाजपा	494
08	ऋषि शर्मा	कांग्रेस	619	श्रीकांत उपाध्याय	भाजपा	394
09	संतोष यादव	कांग्रेस	421	भरत साहू	भाजपा	266
10	सुशीला धुर्वे	कांग्रेस	653	राधाबाई धुर्वे	भाजपा	291
11	जानकी जायसवाल	निर्दलीय	340	कमला सिन्हा	भाजपा	328
12	पवन जायसवाल	भाजपा	434	सुरेन्द्र गुप्ता	निर्दलीय	248
13	महिमा गुप्ता	कांग्रेस	396	अंजली गुप्ता	भाजपा	251
14	नरेन्द्र देवांगन	कांग्रेस	378	अश्वनी देवांगन	भाजपा	166
15	रिकेंश वैष्णव	भाजपा	415	संदिप देवांगन	निर्दलीय	295
16	अशोक सिंह	कांग्रेस	447	विजय पाली	भाजपा	308
17	उत्तम गोप	कांग्रेस	565	टेकसिंह जांगडे	बसपा	298
18	भीखम कोसले	कांग्रेस	476	रोहित जांगडे	भाजपा	338
19	सुरेखा नामदेव	कांग्रेस	646	सरिता ठाकुर	भाजपा	434
20	मनीषा साहू	भाजपा	490	दुर्गेश चन्द्रवंशी	कांग्रेस	347
21	चुनवा खान	कांग्रेस	517	निजाम खान	भाजपा	259
22	प्रमोद लुनिया	कांग्रेस	429	सुनील ठाकुर	भाजपा	400
23	मोहित माहेश्वरी	कांग्रेस	466	हमीद सिद्दीकी	भाजपा	400
24	प्रमोद शर्मा	भाजपा	740	गणेश नाथ योगी	कांग्रेस	356
25	मनहरण कौशिक	भाजपा	391	अश्वनी कौशिक	कांग्रेस	134
26	सुनीश साहू	कांग्रेस	616	रतन साहू	भाजपा	479
27	भारती सतनामी	कांग्रेस	444	चंदा बाई	भाजपा	166

ऋषि शर्मा

ये वार्ड क्रमांक 8 से जीतकर आ रहें है। अपने प्रतिद्वंदी व भाजपा प्रत्याशी श्रीकांत उपाध्याय को 222 मतो से चुनाव हराया है। इनका नाम इसलिए सामने आ रहा है कि ये मंत्री मोहम्मद अकबर से शुरु से जुड़े हुए है। विधानसभा चुनाव के दौरान विशेष रुप से काम किया हैं। इसके साथ ही ये जिला षहर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर है।

मोहित माहेश्वरी

मोहित माहेश्वरी शुरु से ही कांग्रेस कार्यकर्ता रहें है। कॉलेज की राजनीति से कांग्रेस के युवा विंग में आए है। धरना प्रदर्शन में भी हिस्सा लेते हुए आए है। वहीं मंत्री मोहम्मद अकबर के खास माने जाते है। ये अध्यक्ष पद के दावेदार बताए जा रहें हैं।

सतोंष सुरेखा नामदेव

उस वार्ड से लगातार तीन पंचवर्षी से जीत हासिल करते आ रही है। जिस वार्ड में कभी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह पार्षद हुआ करते थे। उस समय यह वार्ड षीतला वार्ड क्रमांक 09 था। वर्तमान में यह वार्ड क्रमांक 19 है। इस बार सुरेखा संतोष नामदेव ने 200 से भी ज्यादा मतो से जीत हासिल की है। वर्तमान में इन्होने वार्ड नंबर 19 के भाजपा प्रत्याशी सरिता ठाकुर को मात देते हुए जीत हासिल की है। और अध्यक्ष पद के श्रीमती सुरेखा नामदेव का नाम चल रहा है।

अशोक सिंह

अशोक सिंह वार्ड 16 से जीतकर नगर पालिका में पहुंच रहें हैं। इन्होंने वर्तमान भाजपा के पार्षद विजय पाली को चुनाव में हराया है। ये भी मंत्री के खास माने जाते है। शुरु से ही इनका नाम अध्यक्ष पद के लिए चलता आ रहा है। ऐसे में ये भी अध्यक्ष पद के दौड़ में शामिल हैं।

प्रमोद लूनिया

वार्ड नंबर 22 से प्रमोद लूनिया ने भाजपा के सुनिल ठाकुर को हरा कर जीत हासिल की है। वर्तमान में श्री लूनिया कांग्रेस के प्रवक्ता है और ये कांग्रेस के साथ 15 वर्षो से कांग्रेस से जुडे हुए है। दरासल जिस प्रत्याशी इन्होने मात देकर विजय हासिल की हैं वे वर्तमान भाजपा अध्यक्ष अनिल ठाकुर के भाई है।

जिले के अन्य पांच नगर पंचायत के फैक्ट फाईल

पिपरिया नगर पंचायत
कुल वार्ड - 15
कांग्रेस - 7
भाजपा - 7
निर्दलीय - 1

पंडरिया नगर पंचायत
कुल वार्ड - 15
कांग्रेस - 6
जोगी कांग्रेस - 5
भाजपा - 3
निर्दलीय - 1

पांडातराई नगर पंचायत
कुल वार्ड - 15
कांग्रेस - 9
भाजपा - 4
निर्दलीय - 2

बोड़ला नगर पंचायत
कुल वार्ड - 15
कांग्रेस - 12
भाजपा - 1
निर्दलीय - 2

सहसपुर लोहारा नगर पंचायत
कुल वार्ड - 15
कांग्रेस - 7
भाजपा - 7
निर्दलीय - 1

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कर्मचारी कल्याण संघ कवर्धा ने विभिन्न मांगों को लेकर दोहराई मांग

कवर्धा। अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा भोरमदेव कर्मचारी कल्याण संघ ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रथम शक्कर कारखाना कर्मचारी कल्याण संघ, कवर्धा के नियमित अधिकारीध् कर्मचारियों द्वारा लगभग डेढ़ वर्ष से लंबित मांगो को लेकर एकजुट हो गई है, संघ द्वारा पूर्व में किये गए मांग जैसे महंगाई भत्ता, पदोन्नति , क्रमोन्नति , सहित 8 सूत्रीय विभिन्न मांगों को लेकर एक बार फिर अपनी मांगो को प्रबंधन के समक्ष दोहराई। ज्ञात हो कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए थे कारखाना प्रबंधन द्वारा हड़ताल में गए अधिकारिध्कर्मचारियों को मांग पूर्ण करने संबंधी आश्वासन भी दिया था एवम प्रस्ताव पंजीयक सहकारी संस्थाएं को प्रेषित भी किया , मांग पूरी किये जाने के आश्वासन के चलते हड़ताल भी समाप्त कर दी गयी थी, किंतु इस संबंध में आज तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही की गई है,न ही किसी भी प्रकार का लाभ दिया जा रहा फलस्वरूप संघ के अधिकारीध् कर्मचारियों में रोष व्याप्त है , संघ ने 10 दिवस के भीतर अविलंब मांगो को पूरी करने का निवेदन प्रबंधन से किया गया , अन्यथा की स्थिति में संघ के द्वारा भविष्य में अपनी मांगों को लेकर उचित कदम उठाने बाध्य रहेंगे।

विधिक साक्षरता अभियान का आयोजन

कवर्धा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला कबिरधाम के निर्देशानुसार विधिक साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है , जिसके अन्तर्गत सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तरेगांव जंगल विकास खण्ड बोड़ला में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शिक्षा का अधिकार कानून, बाल अपराध कानून, बाल विवाह का दुष्परिणाम, टोनही प्रताड़ना कानून,पुलिस का कर्तव्य आदि बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक बच्चो को समझाया गया । ताकि बच्चो में भारतीय कानून की जानकारी रहे । विधिक सेवा के पैरालिगल वालिंटियर मोहन सिंह कोकोडे और अमर दास मानकर द्वारा बच्चों को विस्तार से जानकारी दी गई । इस अवसर पर शाला के समस्त छात्र छात्राये उपस्तिथ रहे और शाला के समस्त शिक्षक गण कुंजबिहारी यादव , जयंत बैस एवं मध्यान्ह भोजन संचालन करने वाले महिला समूह के सदस्य रूपा बाई साकत व समूह के सभी महिलाओ का भी सराहनिय योगदान रहा ।

कांग्रेस ने 09 वार्डो में की जीत हासिल, 04 भाजपा तो 02 में निर्दलीय में मारी बाजी

नवप्रदेश संवाददाता

पाण्डातराई। 21 दिसंबर नगर पंचायत चुनाव के पष्चात् लोगों को मतगणना के परिणाम का सभी को बेसब्री से इंतजार था। वही आज 24 तारीख सुबह 8 बजे से मतगणना षुरू हुआ। जिसमें नगर पंचायत पाण्डातराई में कांग्रेस पार्टी ने दमखम दिखाते हुए 15 वार्डो में से 09 में जीत हासिल की है। बीजेपी को महज 04 वार्डो में जीत मिली है। निर्दलीय ने 2 वार्डो में उपस्थिति दर्ज करायी है। 09 सीटों की जीत के साथ यहां अब कांग्रेस का अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है। नगर पंचायत में चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस नगरीय सरकार के गठन के लिए तैयार है। निकाय में कांग्रेस प्रत्याषीयों को मिली जीत से संगठन में उत्साह का माहौल है।

नगर पंचायत पांडातराई के चुनावी परिणाम

01 नसीब बानो कांग्रेस।
02 फूलचंद साहू भाजपा।
03 राजकुमारी चंद्रवँशी भाजपा।
04 संतोष गोयल कांग्रेस।
05 सोनमत साहू भाजपा।
07 सविता पाटशकर कांग्रेस।
06 सरोज जायसवाल कांग्रेस।
08 भीषण तिवारी कांग्रेस।
09 प्रिया देवेन्द्र गुप्ता कांग्रेस।
10 प्रदीप जायसवाल निर्दलीय।
11 सीटू सलूजा कांग्रेस।
12 फिरोज खान कांग्रेस।
13 दिनेश गुप्ता भाजपा।
14 तीजनबाई गेंदले निर्दलीय।
15 जानकी बाई कांग्रेस।
कांग्रेस- 09
भाजपा -04
निर्दलीय- 02

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के वार्ड में कांग्रेस का कब्जा

कवर्धा। नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम सामने आ चुके है। जनता का जनादेष कांग्रेस के पक्ष में रहा है। वहीं जिले में भाजपा का सूपड़ा साफ हो चुका है। 27 वार्ड के नतीजों में 19 वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत हुई है, वहीं केवल 6 ही वार्ड में भाजपा ने जीत हासिल की है। बचे 2 वार्डो में निर्दलीयों ने बाजी मारी है। इसके साथ ही इन सभी वार्डो के चुनाव परिणाम आने के साथ ही मतगणना के समय सभी की निगाहे वार्ड क्रमांक सभी की निगाहे वार्ड क्रमांक 19 में टिकी हुई थी। दरासल इस वार्ड से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह पार्षद रह चुके है। कवर्धा में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के वार्ड वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत हुई है।

शीतला वार्ड क्रमांक 19 में कांग्रेस की जीत : षीतला वार्ड पूर्व क्रमांक 09 व वर्तमान 19 को पूर्व सीएम रमन सिंह का वार्ड कहा जाता है। इस वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेखा नामदेव की जीत हुई है । उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सरिता ठाकुर को 200 से ज्यादा वोट से हराया है। इस वार्ड में भाजपा प्रत्याशी के पहले 9 था इस वार्ड का क्रमांक

इस वार्ड का पूर्व में क्रमांक 9 था। इस जीत पर सुरेखा नामदेव का कहना है कि मतदाताओं का आशीर्वाद है जो उन्होंने जीत हासिल की। और यह जीत मतदाताओ की हुई है।

गुरूकुल के सीनियर विंग का अठारहवाँ वार्षिकोत्सव सम्पन्न

कवर्धा । गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा के सीनियर विंग (कक्षा चैथी से बारहवी तक) के छात्र-छात्राओं का नयनाभिराम, आकर्षक रंगा-रंग प्रस्तुति के साथ वार्षिकोत्सव '' सृजन '' सम्पन्न हुआ। वार्षिकोत्सव के षुभ अवसर पर संचालन समिति के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी व निदेषकगण प्राचार्य, उप-प्राचार्य, समस्त षिक्षक गण, छात्र-छात्राएँ अत्यधिक संख्या में पालकगण श्वेत परिधान से आच्छादित पंडाल में आसीन थे। इस वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती चंद्राकर विधायक पंडरिया, सभाध्यक्ष के रूप में कन्हैया अग्रवाल मंचासीन थे। समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या देवी माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन वंदन के साथ वार्षिकोत्सव का नयनाभिराम, आकर्षक व मनमोहक कार्यक्रम का षुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम विद्यालयीन परिवार की ओर से समस्त अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। षाला के प्राचार्य वी.के.श्रीवास्तव ने षाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर शाला की उपलब्धियों से सभी अतिथियों को अवगत कराया। समस्त अतिथियो के कर कमलों द्वारा सत्र 2018-19 की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त छात्र-छात्राओं व कक्षा 10वीं में उत्कृष्टता प्राप्त छात्र-छात्राओं तथा षत प्रतिषत उपस्थिति हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्टता हासिल करने वाले सर्वश्रेष्ठ सदन का पुरस्कार विनोबा सदन को प्रदान किया गया। ओवरआल सर्वश्रेष्ठ सदन का पुरस्कार आजाद सदन को प्रदान किया गया।साथ ही अतिथियों के कर कमलों द्वारा विविध रूप से उत्कृष्टता हासिल करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने-अपने उद्बोधन में शाला की उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रषंसा करते हुए शाला के उत्तरोतर प्रगति की शुभकामनाएँ दी।

आचार संहिता | तीन चरण में होगा मतदान जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की तैयारी पूर्ण - कलेक्टर

जिले के त्रिस्तरीय पंचायत में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील

बालोद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय) श्रीमती रानू साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले के त्रिस्तरीय पंचायत में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर श्रीमती साहू आज शाम संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री ए.के.वाजपेयी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री लोकेश कुमार चन्द्राकर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रेमलता चंदेल मौजूद थी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के अनुसार जिले में तीन चरणों में निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराएॅ जाएंगे। प्रथम चरण में विकासखण्ड डौण्डीलोहारा, डौण्डी, द्वितीय चरण में विकासखण्ड गुण्डरदेही, गुरूर और तृतीय चरण में विकासखण्ड बालोद में सम्पन्न किया जाएगा। निर्वाचन गैर दलीय आधार पर तथा मतपत्र मतपेटी के माध्यम से कराया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन तीनो चरण के लिए 30 दिसम्बर 2019 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से होगा और उसी दिन से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06 जनवरी 2020 को अपरान्ह 03.00 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 07 जनवरी को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्रों की वापसी की तिथि 09 जनवरी 2020 अपरान्ह 03.00 बजे तक निर्धारित की गई है। प्रथम चरण का मतदान 28 जनवरी 2020, द्वितीय चरण का मतदान 31 जनवरी 2020 और तृतीय चरण का मतदान 03 फरवरी 2020 को होगा। मतदान का समय प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक निर्धारित किया गया है। मतदान के पश्चात मतगणना की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले के अंतर्गत आने वाले पंचायतों में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1137 है। जिसमें विकासखण्ड बालोद में 167, गुरूर में 225, गुण्डरदेही में 277, डौण्डीलोहारा में 298 और विकासखण्ड डौण्डी में 170 मतदान केन्द्र है।

जिले में जिला निर्वाचन क्षेत्र की संख्या 14 है। जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्र की संख्या 101 है। जिसमें बालोद विकासखण्ड में 16, गुरूर में 21, गुण्डरदेही में 24, डौण्डीलोहारा में 25 और डौण्डी विकासखण्ड में 15 जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्र शामिल है। जिले में ग्राम पंचायतों की संख्या 435 है।

न्यूज गैलरी

ग्रैंडमास्टर वेंकटेश की जीत से भारतीय चुनौती बरकरार

भोपाल (वार्ता)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में चल रही भोपाल इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर शतरंज चैंपियनशिप में सोमवार को चौथा राउंड मुख्यतः मध्यप्रदेश के नाम रहा तो दूसरी और पहले से ही बढ़त बनाए हुए शीर्ष खिलाड़ियों नें अपने मुकाबले संयमित भाव से खेल कर सुरक्षित रास्ता अपनाया। टेबल नंबर 1 पर पहली वरीयता प्राप्त उज्बेकिस्तान के जीएम याकूबबोएव नोदिरबेक ने 12वीं वरीयता प्राप्त हमवतन आई एम अबदीमलिक के साथ ड्रॉ किया। टेबल नंबर 2 पर दूसरी वरीयता प्राप्त उक्रेन के स्टानी स्लाव बोगदानोविच ने 17वीं वरीयता प्राप्त उड़ीसा के उत्कल रंजन साहू को पराजित किया। टेबल नंबर 3 पर 16वीं वरीयता प्राप्त आंध्र प्रदेश के भरत कुमार रेड्डी ने तीसरी वरीयता प्राप्त यूक्रेन के जीएम तूखैव एडम को मैच ड्रा करने पर मजबूर कर दिया।

दिल्ली को हरियाणा के खिलाफ मिले तीन अंक

नई दिल्ली (वार्ता)। तेज गेंदबाज दिविज मेहरा की घातक गेंदबाजी (सात विकेट, 5 पहली पारी, 2 दूसरी पारी) और सौरभ डागर (71) तथा केशव डबास (71) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत दिल्ली ने हरियाणा के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 में तीन अंक हासिल किए जबकि हरियाणा को एक अंक से संतोष करना पड़ा। यह मैच शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में खेला गया जहां दिल्ली ने मेजबानी की। पहले खेलते हुए हरियाणा की पहली पारी 144 रनों पर सिमट गई। दिल्ली ने पहली पारी मे 309 रन बनाकर 165 रनों की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में हरियाणा की टीम ने पांच विकेट खोकर 268 रन बनाये और मैच ड्रा रहा।

फिलेंडर इंग्लैंड सीरीज़ के बाद लेंगें संन्यास

जोहानसबर्ग (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर वेर्नोन फिलेंडर ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज़ के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। वर्ष 2007 में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शुरूआत करने वाले फिलेंडर ने अभी तक दक्षिण अफ्रीका के लिये 60 टेस्ट खेले हैं जिसमें उनके नाम 200 विकेट दर्ज हैं, जिसके साथ वह दक्षिण अफ्रीका के सर्वकालिक सूची में सातवें सबसे सफल गेंदबाज़ हैं। हालांकि चोटों से जूझने के कारण पिछले 18 महीनों में उन्होंने अपनी टीम के लिये केवल छह मैच ही खेले हैं। 34 वर्षीय क्रिकेटर ने 40 वनडे खेले हैं। वह वर्ष 2015 विश्वकप का भी हिस्सा थे तथा वर्ष 2007 में ट्वंटी 20 विश्वकप के पहले संस्करण में भी खेल चुके हैं।

विराट कामयाबी के बीच कसक छोड़ गया विश्व कप-2019

साल में टेस्ट में भारत की तरफ से टेस्ट का सबसे बड़ा स्कोर विराट के बल्ले से निकला जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफनाबाद 254 रन बनाये जो उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी भी थी। मयंक अग्रवाल ने 243 और 215 तथा रोहित ने 212 रन बनाये।रोहित ने विंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में 159 रन बनाये। रोहित के विश्व कप में पांच शतक एक नया रिकॉर्ड रहे।

रोहित वनडे में 28 मैचों में 1490 रनों के साथ सबसे आगे रहे जबकि कप्तान विराट ने 26 मैचों में 1377 रन बनाये

कप्तान विराट कोहली के जबरदस्त नेतृत्व और शानदार बल्लेबाजी से भारत ने साल 2019 में अपना परचम बुलंद रखा और तीनों फॉर्मेट में कामयाबी हासिल की लेकिन इस कामयाबी के बीच इंग्लैंड में हुआ एकदिवसीय विश्व कप एक कसक छोड़ गया।

- जहां रोहित ने वनडे और टेस्ट दोनों में कई रेकॉर्ड पारियां खेलीं तो विराट भी कम नहीं रहे
- अब जब वर्ष भारतीय क्रिकेट के लिए खत्म हो चुका है तो वनडे रैंकिंग की टॉप-2 पोजिशन इन दोनों के नाम है
- कोहली के 928 रेटिंग अंक हैं और वह ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ से 17 अंक आगे हैं
- न्यू जीलैंड के कप्तान केन विलियमसन (864) साल का अंत नंबर-3 के रूप में करेंगे
- गेंदबाजों की सूची में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस शीर्ष पर, ऑलराउंडरों में रविंद्र जडेजा दूसरे स्थान पर

- कोहली के 928 रेटिंग अंक हैं और वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ से 17 अंक आगे हैं
- न्यू जीलैंड के कप्तान केन विलियमसन (864) साल का अंत नंबर-3 के रूप में करेंगे
- पुजारा (791) ने अपना चौथा स्थान बरकरार रखा है लेकिन रहाणे सातवें स्थान पर खिसके
- गेंदबाजों की सूची में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस शीर्ष पर, ऑलराउंडरों में रविंद्र जडेजा दूसरे स्थान पर
- साल 2019 बैटिंग के मामले में विराट कोहली और रोहित शर्मा के इर्द-गिर्द घूमता रहा

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत ने पूरे साल टेस्ट, वनडे और टी-20 में शानदार प्रदर्शन किया और व्यक्तिगत उपलब्धियों के साथ टीम के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया लेकिन विश्व के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार की चुभन साल के अंत तक बनी रही। कप्तान विराट कोहली के साथ सीमित प्रारूप के उपकप्तान रोहित शर्मा ने साल के अंत में स्वीकार किया कि पूरे साल बेहतरीन क्रिकेट खेलने के बाद विश्व कप के वो 30 मिनट उन्हें चुभते रहे जहां मैच भारत के हाथ से निकल गया।

इस साल जून-जुलाई में हुए विश्व कप में भारत को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था और सेमीफाइनल में प्रवेश करने तक सभी समीकरण भारत के पक्ष में थे लेकिन सेमीफाइनल में भारतीय पारी के दौरान 30 मिनट के खेल में भारतीय उम्मीदें चकनाचूर हो गयीं।

भारत ने अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से और विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 36 रन से हराया जबकि न्यूजीलैंड के साथ उसका मैच बारिश के कारण रद्द रहा। भारत ने फिर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को डकवर्थ लुइस नियम के तहत 89 रन से हराया। भारत को अफगानिस्तान को हराने में हालांकि कड़ा संघर्ष करना पड़ा और उसे 11 रन से जीत मिली। भारत ने फिर वेस्ट इंडीज को 125 रन से पराजित किया लेकिन अगले मैच में उसे मेजबान इंग्लैंड के हाथों 31 रन से हार का सामना करना पड़ा।

टीम इंडिया ने बंगलादेश 28 रन से और श्रीलंका को सात विकेट से हराकर शान से सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बारिश के कारण भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल दो दिन तक चला जिसमें भारत को 18 रन से हार का सामना करना पड़ा। भारत को 240 रन का लक्ष्य मिला जो भारतीय बल्लेबाजों खासतौर पर टूर्नामेंट में पांच शतक लगा चुके रोहित की फॉर्म को देखते हुए ज्यादा मुश्किल नहीं था लेकिन इसके बाद जो हुआ वह किसी अचम्भे से काम नहीं था।

ट्रेंट बोल्ट और मैट हेनरी की घातक गेंदबाजी से चौथे ओवर तक भारत का स्कोर तीन विकेट पर पांच रन हो चुका था। रोहित, विराट और लोकेश राहुल मात्र एक-एक रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे। भारतीय प्रशंसकों के लिए यह एक बड़ा सदमा था। दिनेश कार्तिक भी जल्दी आउट हो गए।

ऋषभ पंत और हार्दिक पांड्या जब स्थिति को संभालते नजर आ रहे थे कि खराब शॉट खेलकर उन्होंने अपने विकेट गंवा दिए। महेंद्र सिंह धोनी (50) और रवींद्र जडेजा (77),ने सातवें विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी लेकिन बोल्ट ने जडेजा को आउट किया जबकि धोनी को मार्टिन गुप्टिल के सीधे थ्रो ने रन आउट कर दिया। इसके साथ ही भारत का विश्व कप अभियान निराशाजनक रूप से समाप्त हो गया। विराट और रोहित ने साल भर के टीम इंडिया के प्रदर्शन पर नजर डालते हुए कहा, ÷2019 भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ वर्षों में से एक रहा है। विश्व कप के उस 30 मिनट को छोड़ दिया जाए तो हमारे लिए यह एक शानदार वर्ष रहा। हम आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अपना प्रयास जारी रखेंगे। विश्व कप की उस हार को छोड़कर हम इस साल को संतोष की नजर से देख सकते हैं। विश्व कप के उन 30 मिनटों को छोड़ दिया जाए तो भारत ने इस साल आठ टेस्टों में सात जीते और एक ड्रा रहा। भारत टेस्ट मैचों में अपने इस प्रदर्शन से आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप में 360 अंकों के साथ सबसे आगे है जबकि ऑस्ट्रेलिया 216 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

धोनी के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल पूरे

नई दिल्ली (वार्ता)। अपनी कप्तानी में भारत को दो बार विश्व चैंपियन बनाने वाले महेंद्र सिंह धोनी ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल पूरे कर लिए। 38 वर्षीय धोनी ने अपना अंतर्राष्ट्रीय करियर 23 दिसम्बर 2004 को चटगांव में बंगलादेश के खिलाफ शुरू किया था। भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर माने जाने वाले धोनी फिलहाल क्रिकेट मैदान से दूर चल रहे हैं और उन्होंने अभी तक स्पष्ट नहीं किया है कि वह क्रिकेट से कब संन्यास लेंगे। धोनी ने 2014 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन उन्होंने सीमित ओवरों में खेलना जारी रखा।

बेंगलुरू के कार्तिक, हैदराबाद के आदित्य ने जीती रेसिंग खिताब

बेंगलुरू के कार्तिक मुथुसामी और हैदराबाद के आदित्य राजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेके टायर एफएमएससीआई नेशनल कार्टिंग चैम्पियनशिप सोडी कार्ट 4 स्ट्रोक टूर्नामेंट में अपनी-अपनी कटेगरी में खिताबी जीत हासिल की।

चेन्नई (वार्ता)। चेन्नई के बाहरी इलाके में स्थित ईसीआर स्पीडवे में कार्तिक ने अपने पावर पैक्ड प्रदर्शन के दम पर सीनियर कटेगरी का खिताब जीता। कार्तिक ने 12 लैप्स पूरा करने के लिए 4.25.610 मिनट का समय लिया। कोच्चि के मोहम्मद रिदाफ ने 4.27.534 मिनट समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि लखनऊ के प्रथम कुमार ने 4.30.051 मिनट के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। हैदराबाद के आदित्य राजा 4.31.965 मिनट समय के साथ टॉप पर रहे जबकि दिल्ली के जसमेहर जुब्बल 4.33.074 मिनट के साथ दूसरे और मुस्कान जुब्बल 4.38.149 मिनट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस बीच, जेके टायर 4 स्ट्रोक लेडीज क्लास ओपन में तपस्या ने 4.40.180 मिनट का समय लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

गांगुली का इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया के साथ सुपर-सीरीज़ प्लान

कोलकाता (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरभ गांगुली के अनुसार वैश्विक क्रिकेट की तीन धुरंधर टीमें भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड अगले वर्ष से क्रिकेट कैलेंडर से इतर आपस में सालाना सीमित ओवर टूर्नामेंट खेल सकती हैं। लंबे समय से चर्चा का विषय रहे डे-नाइट क्रिकेट प्रारूप में भारतीय क्रिकेट टीम के सफल टेस्ट आयोजन के बाद बीसीसीआई अध्यक्ष कई नयी योजनाओं पर विचार कर रहे हैं। गांगुली ने संकेत दिये हैं कि भारतीय बोर्ड इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड और आस्ट्रेलिया के बोर्ड के साथ चार देशों के टूर्नामेंट को प्रति वर्ष इन टीमों की मेज़बानी में आयोजित करने पर विचार कर रहा है।

बुमराह-शिखर की वापसी, रोहित-शमी को टी-20 से आराम मिला

देश के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बाएं हाथ के ओपनर शिखर धवन की चोटों से उबरने के बाद श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफआगामी सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापसी हो गयी है जबकि ओपनर रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को श्रीलंका के खिलाफटी-20 सीरीज से विश्राम दिया गया है।

मुंबई (वार्ता)। भारत को नए साल में श्रीलंका से तीन मैचों की टी-20 सीरीज और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया से तीन वनडे मैचों की घरेलू सीरीज खेलनी है। दुनिया के नंबर एक वनडे तेज गेंदबाज बुमराह सितंबर में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गए थे। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन भी चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी करेंगे। शिखर को सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान घुटने में चोट लगी थी, जिसके कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफटी-20 और वनडे सीरीज से बाहर हो गए थे। श्रीलंका की टीम जनवरी 2020 में भारत दौरे पर आ रही है।

जम गई जोड़ी | हम युगल मुकाबला खेलने के लिए लंबे समय से इंतज़ार कर रहे थे-वोज़्नियाकी

जोड़ी बना कर खेलेंगी वोज़्नियाकी और सेरेना

विश्व की पूर्व नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी कैरोलिन वोज़्नियाकी और 23 बार की ग्रैंड स्लेम विजेता सेरेना विलियम्स न्यूज़ीलैंड के ऑकलैंड में होने वाले एएसबी क्लासिक टूर्नामेंट में युगल मुकाबलों में एक साथ जोड़ी बना कर खेलती नजर आएंगी।

वेलिंगटन (वार्ता)। टूर्नामेंट की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार वोज़्नियाकी एएसबी टूर्नामेंट में आखिरी बार हिस्सा लेंगी क्योंकि वह अगले वर्ष संन्यास ले रही हैं। टूर्नामेंट में वोज़्नियाकी के साथ खेलने पर सेरेना ने ख़ुशी जताते हुए कहा, मैं वोज़्नियाकी के साथ खेलने के लिए इंतज़ार नहीं कर सकती। वह मेरी अच्छी दोस्तों में से एक है और मैं खुश हूं कि उनके खेल को छोड़ने से पहले हम एक साथ टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। वहीं सेरेना से साथ खेलने पर वोज़्नियाकी ने कहा, हम युगल मुकाबला खेलने के लिए लंबे समय से इंतज़ार कर रहे थे पर ऐसा हो नहीं पा रहा था। लेकिन अब एएसबी टूर्नामेंट में एक साथ खेलने पर मैं बेहद उत्सुक हूं। वर्ष 2018 से हड्डियों के जोड़ों की समस्या से जूझ रही 29 वर्षीय खिलाड़ी वोज़्नियाकी ने इस महीने घोषणा करते हुए कहा कि वह अगले वर्ष जनवरी में होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलने के बाद संन्यास ले लेंगी। एएसबी टूर्नामेंट अगले वर्ष से छह जनवरी से लेकर 18 जनवरी तक चलेगा जिसमें पहला सप्ताह महिलाओं के मुकाबले के लिए निर्धारित हैं।

स्टोक्स के पिता गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

जोहानसबर्ग (वार्ता)। इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स के पिता जेड की तबियत अधिक खराब होने के बाद उन्हें दक्षिण अफ्रीका के जोहानसबर्ग में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार स्टोक्स के पिता की हालत गंभीर बताई जा रही है। जेड दरअसल परिवार के साथ 26 दिसंबर से अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने जा रहे टेस्ट मैच में स्टोक्स को खेलते हुए देखने के लिए दक्षिण अफ्रीका गए थे जहां सोमवार रात को उनकी तबियत खराब हो गयी। स्टोक्स के पिता की तबियत खराब होने के कारण उनके बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में खेलने पर भी संशय बना हुआ है। गौरतलब है कि जेड न्यूज़ीलेंड के पूर्व रग्बी लीग खिलाड़ी है और वह क्राइस्टचर्च में रहते है।

राजस्थान ने कर्नाटक को हराया

नई दिल्ली (वार्ता)। रेलवे खेल प्रमोशन बोर्ड द्वारा इंदिरा गांधी इंडोर खेल परिसर में आयोजित 48वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को राजस्थान ने कर्नाटक को 38-16 से पराजित किया।

राजस्थान की तरफसे ज्योति ने 6, रेखा ने 8, कनिका ने 4 , रेखा ने 11 और रुक्मणी ने 2 गोल किए जबकि कर्नाटक से गौतमी और अकम्मा ने 4-4 तथा शालिनी ने 3 गोल किये। डीएनएच को पश्चिम बंगाल ने 24-12 से हराया। पश्चिम बंगाल से शारदा ने 4, राभा ने 4, एस दास ने 7 गोल तथा डीएनएच से प्रियंका ने 5 और ज्योति ने 4 गोल किए। बिहार ने एक मुकाबले में जम्मू कश्मीर को 28-7 से हराया। बिहार से कल्पना और सन्ध्या ने 5-5, खुशबू ने 4, राधा ने 3, खुशबू ने 3 और सुषमा ने 3 गोल, वहीं जम्मू कश्मीर से ऋचा ने 4 गोल किये। उत्तर प्रदेश ने गुजरात को 28-7 से पराजित किया। विजेता टीम की तरफ से आशा ने 5, पूना ने 8, सपना ने 7, सुप्रिया और जानवी ने 2-2 गोल किये। महाराष्ट्र ने पुड्डुचेरी को 24-4 से पराजित किया। महाराष्ट्र से स्वर्णया ने 5, भुवनेश्वरी ने 4, स्याल ने 4, सुषमा ने 3 गोल किये जबकि पुड्डुचेरी से शुभलक्ष्मी ने 2 और अर्चना ने 2 गोल किए। पंजाब ने चंडीगढ़ को 22-11 से पराजित किया। पंजाब से राजवंत ने 11, रविन्द्र ने 5, बनिता और अमरजोत ने 2-2 गोल किए वहीं चंडीगढ़ से दीपा ने 5 और खुशबू ने 4 गोल किए। हिमाचल प्रदेश ने एक तरफ मुकाबले में मध्यप्रदेश को 27-9 से पराजित किया। हिमाचल की तरफसे भावना ने 8, शालिनी ने 8, प्रियंका ने 4 , निधि और मिताली ने 3-3 गोल किए।

रायपुर की सत्ता के लिए निर्दलियों की रहेगी अहम भूमिका

निकाय चुनाव के नतीजों का हुआ ऐलान, रायपुर नगर निगम में किसी को नहीं मिला बहुमत

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मंगलवार को नगरीय निकाय चुनाव के नतीजे सामने आ गए। राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों से साफ हो गया है कि रायपुर नगर निगम की सत्ता हासिल करने के लिए प्रमुख राजनीतिक दलों को जुगाड़ का गणित लगाना होगा।

आयोग के आंकड़ों के मुताबिक रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में से 30 पर कांग्रेस को, 28 पर भाजपा को, 2 पद जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़, जोगी (जकांछजे) व 10 पर निर्दलीयों को जीत मिली है। यानी ये कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि सत्ता की चाबी निर्दलीयों के पास होगी। हालांकि ये आंकड़े अंतिम नहीं है। मंगलवार को रायपुर नगर निगम चुनाव में पड़े मतों की गणना का काम शांति पूर्वक संपन्न हो गया। लेकिन प्रदेश में मतगणना के कार्य के दौरान कहीं-कहीं कांग्रेस-भाजपा कार्यकताओं के बीच छिटपुट झड़पें देखने को मिली।

निकाय चुनाव में देखने मिला भारी उटलफेर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव के अब तक के नतीजों के रुझान में बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है। रायपुर को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आ रहे हैं। रायपुर नगर निगम चुनाव में कांग्रेस -भाजपा के महापौर पद के प्रत्याशी पीछे चल रहे हैं।

बगावत कर जीतने वालों पर होगी खास नजर

कांग्रेस हो या भाजपा दोनों को सत्ता स्थापित स्थापित करने के लिए निर्दलीयों को साधने में एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा। खास बात यह भी है कि जीतकर आए इन पार्षदों में कई ऐसे भी हैं जो कांग्रेस-भाजपा दोनों से बगावत कर स्वतंत्र चुनाव लड़े हैं। लिहाजा नजरें ऐसे पार्षदों पर भी होगी कि वे अपनी पुरानी पर्टी के साथ जाते हैं या दूसरी पार्टी का दामन थामते हैं।

जीत का जश्न भी नहीं मना पा रहे कार्यकर्ता

■ **मतगणना के एक दिन पहले ही हो गई थी प्रत्याशी की मौत**

बिलासपुर। नगर निगम चुनाव में वार्ड -29 से कांग्रेस प्रत्याशी शेख गफ्फार को जीत मिली है। लेकिन न तो परिजन और न ही कार्यकर्ता जश्न मनाने की स्थिति में हैं, क्योंकि उनकी एक दिन पहले ही दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और महापौर पद के दावेदार शेख गफ्फार ने 2404 मतों के बड़े अंतर से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को पराजित किया है। शेख गफ्फार को चुनाव प्रचार के दौरान बुधवार (18 दिसंबर) को सीने में दर्द उठा था। उन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद हार्ट अटैक आने की जानकारी दी थी। जहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई थी।

राज्य निर्वाचन ने जारी की विजयी प्रत्याशियों की सूची

1 वीर सावरकर वार्ड-कमलेश वर्मा- भाजपा
2 पं जवारलाल नेहरू वार्ड-भगतराम हरवंश- जकांछजे
3 संत कबीरदास वार्ड-मनमोहन मनहरे- जकांछजे
4 यतियतनलाल वार्ड-टेसू नंदकिशोर साहू- भाजपा
5 बंजारी माता वार्ड- नागभूषण राव यादव- कांग्रेस
6 वीरांगना अवंती बाई वार्ड-श्रीमति अंजनी- कांग्रेस
7 कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड- सावित्री धीवर- निर्दलीय
8 पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड- गोपेश कुमार साहू- निर्दली
9 डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड- द्रौपती हेमंत पटेल- कांग्रेस
10 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड- विश्वदिनी पांडे- भाजपा
11 कालीमाता वार्ड-अमितेष भारद्वाज-कांग्रेस
12 महात्मा गांधी वार्ड-डॉ. प्रमोद कुमार-भाजपा
13 राजीव गांधी वार्ड-तिलक पटेल-भाजपा
14 रमन मंदिर वार्ड-सूर्यकांत राठौड-भाजपा
15 नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड-विनोद अग्रवाल-भाजपा
16 वीर शिवाजी वार्ड- गोदावरी गज्जू साहू-भाजपा
17 ठक्कर बापा वार्ड-दिलेश्वरी अन्नू राम-कांग्रेस
18 बाल गंगाधर तिलक वार्ड- श्रीमति कामिनी-भाजपा
19 एपेजी अब्दुल कलाम वार्ड-मंजू वारेंद्र साहू-कांग्रेस
20 रामकृष्ण परमहंस वार्ड-श्रीकुमार शंकर मेनन-कांग्रेस
21 शहीद भगत सिंह वार्ड- सुनील चंद्राकर- भाजपा
22 ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड- कुंवर रजयंत सिंह-भाजपा
23 शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड-पंचूराम भारती-भाजपा
24 वल्ल्भ भाई पटेल वार्ड- मनीराम साहू ठेकेदार कांग्रेस
25 संतरामदास वार्ड-भोला साहू- भाजपा
26 दानवीर भामाशाह वार्ड- रामदास कुर्रे-निर्दलीय
27 इंदिरा गांधी वार्ड- सुरेश चन्नावर- कांग्रेस
28 शहीद हेमू कल्याणी वार्ड- हरदीप सिंह-कांग्रेस
29- गुरु गोविंद सिंह वार्ड- पुरुषोत्तमचंद्र बेहरा-कांग्रेस
30- शंकर नगर वार्ड- सुमन प्रजापति-भाजपा
31 नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड- रोहित कुमार साहू- भाजपा
32 महर्षि वाल्मिकी वार्ड- प्रमोद मिश्रा-कांग्रेस
33 शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड-सीमा संतोष साहू-भाजपा
34 लालबहादुर शास्त्री वार्ड- कामरान अंसारी-कांग्रेस
35 रविशंकर शुक्ल वार्ड- आकाश तिवारी- कांग्रेस
36 ह. अब्दुल हामिद वार्ड- अनवर हुसैन-कांग्रेस
37 तात्यापारा वार्ड- रितेश त्रिपाठी-कांग्रेस
38 शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड- दीपक जायसवाल- भाजपा
39 स्वामी आत्मानंद वार्ड- अमर बंसल- निर्दलीय
40 ठाकुर प्यारेलाल वार्ड-ज्ञानेश शर्मा-कांग्रेस
41 पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड- मधू चंद्रवंशी-भाजपा
42 पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड- मृत्युंजय दुबे-भाजपा
43 महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड- जितेंद्र अग्रवाल-निर्दलीय
44 ब्राह्मणपारा वार्ड- सरिता आकाश दुबे-भाजपा
45 स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड- नवीन चंद्राकर- कांग्रेस
46 मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड- एजाज ढेबर-कांग्रेस
47 सिविल लाइन वार्ड-नीलम जगत-कांग्रेस
48 मदर टेरेसा वार्ड-अजीत कुकरेजा- कांग्रेस
49 गुरु घासीदास वार्ड- शीतल कुलदीप बोगा-कांग्रेस
50 रानी दुर्गावती वार्ड-सहदेव विभार-कांग्रेस
51 पं विद्याचरण शुक्ल वार्ड-धनेश बंजारे-कांग्रेस
52 राजेंद्र प्रसाद शुक्ल वार्ड-संध्या नानू ठाकुर- निर्दलीय
53 बाबू जगजीवन राम वार्ड - सीमा विष्णु बारले-कांग्रेस
54 कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड- उमा चंद्रहास-निर्दलीय
55 रविंद्रनाथ टेगोर वार्ड-रवि ध्रुव-भाजपा
56 ले. अरविंद दीक्षित वार्ड- आकाश दीप-कांग्रेस
57 पं भगवती चरण शुक्ल वार्ड- राजकुमार वाडिया-निर्दलीय
58 शहीद पंकज विक्रम वार्ड- शिल्पा राहुल गोलछा- भाजपा
59 मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड-प्रेम प्रकाश यादव-भाजपा
60 चंद्रशेखर आजाद वार्ड-सावित्री जयमोहन-भाजपा
61 श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड- कल्लू सतनाम सिंह-कांग्रेस
62 शहीद राजीव पांडे वार्ड- समीर अख्तर-कांग्रेस
63 श. ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड-चंद्रपाल धनगर- भाजपा
64 डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड- मनोज वर्मा-भाजपा
65 महामाया मंदिर वार्ड- सरिता वर्मा-भाजपा
66 वामनराव लाखे वार्ड- मन्नू विजेता यादव-निर्दलीय
67 भक्त माता कर्मा वार्ड- उत्तम साहू-कांग्रेस
68 डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड- मीनल छगन चौबे-भाजपा
69 माधवराव सप्रे वार्ड- बीरेंद्र देवांगन- निर्दलीय
70 संत रविदास वार्ड- अशोक ठाकुर-कांग्रेस

(राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अनंतिम आंकड़ों के अनुसार)

■ **न्यूज गैलरी**

सीएम ने स्व. वाजपेयी को उनके जन्मदिन पर याद किया

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर उन्हें नमन किया। बघेल ने स्वर्गीय वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि अटल जी बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। वे कुशल राजनीतिज्ञ के साथ एक ओजस्वी वक्ता और कवि थे। बघेल ने कहा कि अटल जी अपनी राजनैतिक और व्यक्तिगत शुचिता के लिए सदा याद किये जाएंगे।

सीएम ने महामना पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती पर उन्हें नमन किया

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारतरत्न पंडित मदन मोहन मालवीय के जन्मदिन 25 दिसम्बर पर उनके देश के प्रति योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया है। बघेल ने कहा कि मालवीयजी महान शिक्षाविद थे, जिन्होंने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की जो भारत वर्ष में शिक्षा का एक बड़ा केन्द्र है। श्री बघेल ने कहा कि मालवीय ने देश की आजादी के लिए भरसक प्रयत्न किया और भारत माता की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया। आज भी वे युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं।

सीएम भूपेश ने प्रदेशवासियों को दी 'क्रिसमस' की बधाई

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मसीही समाज सहित प्रदेशवासियों को प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन 'क्रिसमस' की बधाई और शुभकामनाएं दी है। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर जारी बधाई संदेश में बघेल ने कहा कि प्रभु यीशु ने संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए सत्य, प्रेम, करूणा और क्षमा का मार्ग दिखाया। प्रभु यीशु ने सामाजिक समानता पर बल देते हुए कहा कि सभी मनुष्य परमपिता परमेश्वर की संतान हैं। सभी बराबर हैं, न कोई ऊंचा है न नीचा है। बघेल ने क्रिसमस पर्व के अवसर पर सबके जीवन में खुशहाली और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह की शिक्षा हमें सदैव उच्च जीवन मूल्यों के साथ चलने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

निषाद समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 5 को

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रांतीय निषाद समाज का परिचय सम्मेलन 5 जनवरी को बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में सुबह 11 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। जिला महिला समिति की अध्यक्षा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सम्मेलन के लिए युवक-युवतियों का पंजीयन प्रारंभ हो गया है। आयोजन स्थल में सुबह 9 बजे से आने वाले प्रतिभागियों का पंजीयन किया जाएगा।

जेईटी 2020 के लिए प्रवेश परीक्षा 28 को

रायपुर। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी तकनीकी महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए ज्वाइंट इंट्रेंस टेस्ट (जेईटी 2020) के लिए 28 दिसंबर शनिवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे के मध्य गुरुघासीदास स्मारक संग्रहालय में परीक्षा का आयोजन किया गया है।

मंत्री अनिला के विधानसभा क्षेत्र के चारों निकायों में कांग्रेस की बुरी हार

कांग्रेस का सूपड़ा साफ 67 वार्डों में सिर्फ 17 कांग्रेस प्रत्याशी जीत कर आये

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। सूबे की महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़ियाँ के डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दल्लीराजहरा नगरपालिका व डौंडी, चिखलाकसा और डौंडीलोहारा नगर पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशियों की बुरी तरह हार हुई हैं। सबसे बड़ी बात की मंत्री अनिला भेड़ियाँ के गृह नगर डौंडीलोहारा में भी कांग्रेस अपना वर्चस्व नही बचा सकी हैं। कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा हैं। डौंडीलोहारा नगर पंचायत में 15 वार्ड में कांग्रेस के 3 प्रत्याशी, भाजपा के 5 प्रत्याशी व निर्दलीय 7 प्रत्याशी चुनाव जीत कर आये हैं। इसी प्रकार दल्लीराजहरा नगरपालिका में कांग्रेस के 9 प्रत्याशी, भाजपा के 13, निर्दलीय के 3 और छ्ग मुक्ति मोर्चा के 2 प्रत्याशी चुनाव जीत कर आये हैं। वही डौंडी नगर पंचायत में कांग्रेस के 4 प्रत्याशी, भाजपा के 6 प्रत्याशी और निर्दलीय के 3 प्रत्याशी तथा चिखलाकसा नगर पंचायत में कांग्रेस के 1 प्रत्याशी, भाजपा के 9 जेउर निर्दलीय के 2 प्रत्याशी चुनाव जीत कर आये हैं। कुल 67 वार्डों में भाजपा के 33 प्रत्याशी, कांग्रेस के 17 प्रत्याशी, निर्दलीय के 15 प्रत्याशी और छ्ग मुक्ति मोर्चा के 2 प्रत्याशी चुनाव जीत कर आये हैं। मंत्री अनिला भेड़ियाँ के विधानसभा अंतर्गत चारों निकायों के परिणाम ने सबको चौका दिया हैं। इतना ही दल्लीराजहरा नगरपालिका के कांग्रेस समर्थित वर्तमान नपाध्यक्ष कांशी निशाद भी चुनाव हार गए हैं। उन्हें भाजपा की टी.ज्योति ने हराया हैं।

बालोद जिले के 2 नगरपालिका व 6 नगर पंचायत का परिणाम

नगरीय निकाय चुनाव बालोद में भारी कसमकश के बाद आखिरकार बालोद में कांग्रेस ने अपना बहुमत साबित कर लिया। इधर सुबह 7 बजे से मतगणना स्थल पर भारी संख्या में लोग इकठ्ठा होना शुरू हो गए थे। तो वहीं मतगणना स्थल सरदार पटेल मैदान में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात हो चुके थे। जैसे ही परिणामों की घोषणा होती वैसे समर्थन बेरिकेट फांदकर अंदर आ जाते और बिना गाजे बजे बूढे जवान झूम जाते। समर्थकों के बेरिकेट्स फांदते ही पुलिस के जवान उन्हें बेरिकेट्स से बाहर करने जुट जाते। इस वर्ष नगरीय निकाय चुनाव बालोद पर पूरे जिले सहित छत्तीसगढ़ की नज़र बनी हुई थी। क्योंकि इस बार बालोद नगरीय निकाय चुनाव में 2 भाजपा के पूर्व नपाध्यक्ष थे तो वहीं कांग्रेस के भी 2 नपाध्यक्ष चुनावी मैदान में थे। जिसके परिणाम को देखने पूरे बालोद जिले के कोने कोने से लोग पहुंचे थे।

गाड़ियां रखने की जगह कम पड़ी

बालोद नगरीय निकाय चुनाव परिणाम को देखने इतनी बड़ी संख्या में लोग दोपहिया वाहन में पहुंचे थे उनके वाहनों को रखने के लिए जगह की कमी पड़ गई। लोग अपने वाहनों को 500 मीटर दूर खड़ी परिणाम जानने मैदान में पहुंचे।

4 पालिकाध्यक्ष में दो हारे दो की जीत

बालोद नगर में पार्षद की दावेदारी कर रहे चार पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष में दो को जीत मिली। जिसमे यज्ञदत्त शर्मा और वर्तमान नपाध्यक्ष विकास शामिल है। तो वहीं भाजपा के लीला शर्मा और रामजी भाई पटेल को हारका सामना करना पड़ा।

बालोद नपा परिणाम (कुल वार्ड-20)
कांग्रेस- 12
भाजपा- 6
निर्दलीय- 2

दल्लीराजहरा नपा परिणाम (कुल वार्ड 27)
कांग्रेस- 9
भाजपा- 13
निर्दलीय- 3
छग मुक्ति मोर्चा- 2

डौंडी नप परिणाम (कुल वार्ड 14)
कांग्रेस- 4
भाजपा- 6
निर्दलीय- 4

गुंडरदेही नप परिणाम (कुल वार्ड 15)
कांग्रेस- 6
भाजपा- 8
निर्दलीय- 1

डौंडीलोहारा नप परिणाम (कुल वार्ड 15)
कांग्रेस- 3
भाजपा- 5
निर्दलीय- 7

गुरुर नप परिणाम (कुल वार्ड 15)
कांग्रेस- 7
भाजपा- 8
निर्दलीय- 0

चिखलाकसा नप परिणाम (कुल वार्ड 12)
कांग्रेस- 1
भाजपा- 9
निर्दलीय- 2

अर्जुन्दा नप परिणाम (कुल वार्ड 15)
कांग्रेस- 8
भाजपा- 4, निर्दलीय- 3

नपा में फिर एक बार कांग्रेस का दबदबा

■ **कांग्रेस के 12 पार्षद चुनाव जीते, अध्यक्ष बनने सुगबुगाहट शुरू**

■ **नपाध्यक्ष बनने की दौड़ में वर्तमान अध्यक्ष विकास चोपड़ा सहित नरेंद्र सांखला, पद्मिनी साहू और भी कई**

बालोद। नगरपालिका बालोद में कांग्रेस ने एक बार फिर सरकार बना ली हैं। शहर के 20 वार्ड में 11 पर कांग्रेस, 6 में भाजपा व 3 में निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव जीत कर आये हैं। कई परिणाम चौकाने वाले भी रहे हैं। जैसे कि भाजपा नेता अमित चोपड़ा, लीला लाले शर्मा तथा कांग्रेस नेता रामजी भाई पटेल चुनाव हार गए है। वही कांग्रेस के चर्चित चेहरे विकास चोपड़ा, नरेंद्र सांखला, योगराज भारती, पद्मिनी नन्नू साहू, भाजपा से यज्ञदत्त शर्मा, कमलेश सोनी, राजू पटेल पार्षद चुनाव जीत गए हैं। वही अब जब बालोद नगरपालिका में कांग्रेस स्पष्ट बहुमत लेकर आई है तो वही अब अध्यक्ष बनने की सुगबुगाहट शुरू हो गई हैं। कांग्रेस से अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान नपाध्यक्ष विकास चोपड़ा, वर्तमान उपाध्यक्ष पद्मिनी नन्नू साहू सहित नरेंद्र सांखला, दीप्ति विनोद शर्मा व अनिल यादव के नाम सामने आ रहे हैं। विकास चोपड़ा की बात करे तो वर्तमान में ये नपाध्यक्ष हैं, वही अनिल यादव चौथी बार पार्षद चुनाव जीत कर आये है और कांग्रेस के वरिष्ट नेता में गिने जाते हैं। वही वर्तमान उपाध्यक्ष पद्मिनी नन्नू साहू भी अध्यक्ष पद की उम्मीदवार के रूप में देखी जा रही हैं। कांग्रेस नेता नरेंद्र सांखला भी अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदारों में देखे जा रहे हैं। अब देखना होगा कि पार्षद व पार्टी मिलकर किसके नाम पर आखिरी सहमति बनाती हैं।